# देश

**उवाच** “ भाजपा की केंद्र सरकार ने प्याज एक्सपोर्ट पर 40 प्रतिशत एक्सपोर्ट ड्यूटी लगाकर उसका किसान विरोधी चरित्र दर्शाया है। प्याज के भाव फिर घटेंगे। मप्र में प्याज सबसे ज्यादा पैदा होता है मालवा निमाड़ में।

–दिग्विजय सिंह, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 32.0 | 27.0 |
| मुंबई | 28.0 | 27.0 |
| कोलकाता | 31.0 | 27.0 |
| चेन्नई | 31.0 | 28.0 |

# विधायिका को बनाना चाहिए एक मंच : ओम बिरला

**उदयपुर,**22 अगस्त (देशबन्धु)। राजस्थान के उदयपुर में नौवां राष्ट्रमंडल संसदीय संघ (सीपीए) भारत क्षेत्र सम्मेलन के समापन सत्र को संबोधित करते हुए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने जोर देकर कहा कि सदन में व्यवधान का सहारा लेने के बजाय, उन्हें लोगों की आशाओं और आकांक्षाओं की पूर्ति के लिए विधायिका को एक मंच बनाना चाहिए। बिरला ने कहा कि डिजिटल तकनीक का उपयोग करने से उनकी प्रभावशीलता में सुधार होगा और उनका काम आसान हो जाएगा। उन्होंने कहा कि हमारे विधानमंडलों की गरिमा और प्रतिष्ठा तभी बढ़ेगी जब जन प्रतिनिधि देश और समाज के महत्वपूर्ण मुद्दों पर सार्थक चर्चा और संवाद करेंगे। जन प्रतिनिधियों की जिम्मेदारी है कि वे लोगों की आशाओं और आकांक्षाओं को प्रतिबिंबित करें और उनकी समस्याओं को सरकार के समक्ष लाकर उनका समाधान करें।




**हमारे विधानमंडलों की गरिमा तभी बढ़ेगी जब जन प्रतिनिधि देश व समाज के महत्वपूर्ण मुद्दों पर सार्थक चर्चा करेंगे : ओम बिरला**

- लोस अध्यक्ष ने सीपीए भारत क्षेत्र सम्मेलन के समापन सत्र को किया संबोधित
- विधानमंडलों की गरिमा व मर्यादा में गिरावट पर जताई चिंता

### वर्तमान समय में आधुनिक कानूनों की आवश्यकता का किया उल्लेख

वर्तमान समय में आधुनिक कानूनों की आवश्यकता का उल्लेख करते हुए, बिरला ने कहा कि यदि हम अपने देश को विकास और समृद्धि के पथ पर ले जाना चाहते हैं, तो हमें वर्तमान समय की प्रासंगिकता और आवश्यकताओं के अनुरूप अप्रचलित कानूनों के स्थान पर नए कानून लाने होंगे। हम कानूनों में आवश्यक परिवर्तन करके, पारदर्शी और जवाबदेह शासन व्यवस्था के साथ लोगों के जीवन में सामाजिक–आर्थिक परिवर्तन करते हुए विकसित भारत की ओर आगे बढ़ेंगे। बिरला ने यह भी कहा कि विधानमंडल वर्तमान और भावी चुनौतियों से निपटने के लिए गहन विचार और चर्चा का मंच हैं। ओम बिरला ने विधानमंडलों की गरिमा और मर्यादा में गिरावट पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि विधानमंडलों की गरिमा इस बात पर निर्भर करती है कि लोगों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए विधि निर्माता सदन में कैसा व्यवहार करते हैं। इस संबंध में उन्होंने वर्तमान और भविष्य की चुनौतियों का समाधान खोजने में विधायकों की भूमिका पर प्रकाश डाला। बिरला ने कहा कि जन प्रतिनिधि अपने क्षेत्रों और राज्यों के महत्वपूर्ण मुद्दों के समाधान के लिए सकारात्मक पहल करके और भविष्य के लिए एक व्यापक कार्य योजना विकसित करके 2047 तक भारत को समृद्ध और विकसित बनाने में योगदान दे सकते हैं। सम्मेलन के विषय के बारे में बात करते हुए बिरला ने इस बात पर प्रकाश डाला कि डिजिटल माध्यमों से विधानमंडलों को जनता से जोड़कर, हम अधिक पारदर्शिता और जवाबदेही के द्वारा सुशासन सुनिश्चित कर सकते हैं। बिरला ने कहा, भारत प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में कई विकसित देशों से आगे है और डिजिटल प्रौद्योगिकी के माध्यम से हम भ्रष्टाचार में उल्लेखनीय कमी लाकर सुशासन लाए हैं। इस संबंध में बिरला ने पीठासीन अधिकारियों से आग्रह किया कि 'एक राष्ट्र एक विधायी मंच' को लागू किया जाए और विधायकों का क्षमता निर्माण भी किया जाए, जिससे न केवल विधानमंडलों की प्रभावशीलता और प्रभावकारिता में सुधार होगा, बल्कि विधानमंडलों और जनता के बीच की दूरी भी कम होगी। उन्होंने विधायकों से विधायी प्रभावशीलता में सुधार के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग करने का आग्रह किया। उन्होंने पीठासीन अधिकारियों से यह सुनिश्चित करने का भी आग्रह किया कि कानून पारित होने के बाद नियम पहले बनाए जाएं ताकि कार्यान्वयन तेजी से हो सके। और, कानून निर्माताओं को विधायिका में पारित कानूनों के बारे में लोगों को शिक्षित करने की जिम्मेदारी लेनी चाहिए क्योंकि कानूनों के बारे में सार्वजनिक जागरूकता इसके प्रभावी कार्यान्वयन की कुंजी है। बिरला ने यह जानकारी भी दी कि कि 9वें सीपीए सम्मेलन में विधायी निकायों के बीच बेहतर संवाद और समन्वय के लिए सीपीए इंडिया रीजन जोन को नौ नए क्षेत्रों में पुनर्गठित करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है।

### वैश्विक चुनौतियों का समाधान भारत से निकले : ओम बिरला

लोस अध्यक्ष ने जोर देकर कहा कि हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि प्रमुख वैश्विक चुनौतियों का समाधान भारत से निकले। बिरला ने आगे कहा कि दो दिवसीय सम्मेलन सफल रहा और सम्मेलन में हुए विचार–विमर्श से विधानमंडलों के समक्ष प्रस्तुत वर्तमान और भावी चुनौतियों के समाधान में बहुत मदद मिलेगी। बिरला ने यह भी कहा कि बदलते परिप्रेक्ष्य में, हमें अपनी संस्थाओं के अंदर विज्ञान और प्रौद्योगिकी का प्रभावी ढंग से उपयोग करना चाहिए ताकि हमारी संस्थाएं प्रभावी परिणाम ला सकें। बता दें कि सम्मेलन का उद्घाटन सोमवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने किया था। मंगलवार को भारत के उपराष्ट्रपति और राज्य सभा के सभापति जगदीप धनखड़ के समापन भाषण के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र; लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. सी. पी. जोशी और राष्ट्रमंडल संसदीय संघ मुख्यालय के चेयरपर्सन, इयान लिडेल ग्रैन्जर ने इस अवसर की शोभा बढ़ाई।

# जम्मू-कश्मीर में सड़कों पर हिंसा पूरी तरह खत्म हुई : सिन्हा

**जम्मू,**22 अगस्त (एजेंसियां)। जम्मू–कश्मीर में चार वर्षों में में हुए परिवर्तनों पर प्रकाश डालते हुए उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा कि लोग पूछते हैं कि क्या बदल गया है। सड़कों पर हिंसा पूरी तरह से खत्म हो गई है। किसी की तानाशाही के कारण दुकानें, स्कूल और कॉलेज बंद नहीं हैं। लोगों को विश्वास नहीं था कि दिन के अंत में वे अपने घर वापस आएंगे, यह थी यहां स्थिति। लेकिन आज रेस्तरां रात 10 बजे तक खुले हैं और हम युवाओं को डल झील के पास आनंद लेते हुए देख सकते हैं। ये बदलाव हैं। उपराज्यपाल ने यह बातें सुशासन के साथ मेरी पंचायत पर तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कही। इस दौरान केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह भी ऑनलाइन माध्यम से सम्मेलन में शामिल हुए। इस अवसर पर एक एकीकृत एम–गवर्नेंस प्लेटफॉर्म मेरी पंचायत ऐप भी लांच किया गया। प्रशासन द्वारा प्रदेश में शुरू की गई भूमि–से–भूमिहीन नीति का विरोध करने वाले लोग ही तीन दशकों में 50 हजार निर्दोष लोगों की मौत के लिए जिम्मेदार हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत जम्मू–कश्मीर के लिए लगभग दो लाख घर स्वीकृत किए गए हैं, लेकिन इनमें से कई लाभार्थियों के पास घर बनाने के लिए जमीन नहीं है। उपराज्यपाल ने कहा कि 2011 की जनगणना के अनुसार इस योजना के तहत पात्र लोगों को जमीन देने का निर्णय लिया गया था।



- राष्ट्रीय कार्यशाला के उद्घाटन सत्र को किया संबोधित

### पंचायतों को आर्थिक समृद्धि का केंद्र बनाने का प्रस्ताव

उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा कि हम पंचायतों को आर्थिक गतिविधियों और समृद्धि का केंद्र बनाने का प्रयास कर रहे हैं। लोगों की जरूरतों के मुताबिक विकास परियोजनाएं ली जा रही हैं। मेरी पंचायत एप जैसी पहल ग्रामीण भारत को सशक्त बनाने के लिए सुशासन और डिजिटल भारत का नया रूप है। उपराज्यपाल ने देश भर से आए पंचायत प्रतिनिधियों, हितधारकों और डोमेन विशेषज्ञों का जम्मू कश्मीर में स्वागत किया। उन्होंने कहा कि तीन दिनों में सतत विकास लक्ष्यों के स्थानीयकरण के साथ अनुकरणीय रणनीतियों, अभिसरण कार्यों और सर्वोत्तम प्रथाओं पर विचार–विमर्श पंचायत स्तर पर शासन को अधिक प्रभावी और कुशल बना देगा।

## सार संक्षेप

### श्रीनगर में एसिड अटैक मामले में दो को उम्रकैद

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर की राजधानी श्रीनगर की एक अदालत ने 2014 में कानून की एक छात्रा पर तेजाब से हमला करने के मामले में दो लोगों को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। प्रधान सत्र न्यायाधीश, जवाद अहमद ने मंगलवार को अपने आदेश में कहा कि दोषी नरमी के पात्र नहीं हैं और उनके कृत्य के लिए कानून के तहत निर्धारित अधिकतम आजीवन कारावास की सजा के अलावा कोई अन्य सजा पीड़ित को वास्तविक तथा पूर्ण न्याय नहीं दे सकती है।

### इंदौर में नकली सोने से लिया आठ लाख का कर्ज

**इंदौर।** मध्य प्रदेश के इंदौर में ठगी का नए तरह का मामला सामने आया है। यहां एक व्यक्ति ने नकली सोने के जरिए आठ लाख का कर्ज हासिल कर लिया। यह खुलासा तब हुआ, जब सोने का परीक्षण कराया गया। मामले की शिकायत पुलिस थाने में दर्ज कर ली गई है। आरोपी की तलाश की जारी है। मामला विजयनगर थाना क्षेत्र का है, यहां के साउथ इंडियन बैंक के अधिकारियों ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि पिछले दिनों चंदन नगर थाना क्षेत्र का रहने वाला वसीम नाम का एक व्यक्ति सोना गिरवी रखकर लोन ले गया। कई दिनों बाद उसने कर्ज की किश्त की राशि खाते में जमा नहीं की। बैंक अधिकारियों को शक हुआ और उन्होंने ऑडिट किया तो सारा माजरा सामने आया।

### सीपीआई एम विधायक के आवास पर ईडी ने मारा छापा

**कोच्चि।** करुवन्नूर सहकारी बैंक धोखाधड़ी के मामले में प्रवर्तन निदेशालय की एक टीम ने मंगलवार को त्रिशूर जिले के वडक्कनचेरी क्षेत्र में वरिष्ठ सीपीआई (एम) विधायक ए.सी. मोइदीन के आवास पर तलाशी अभियान शुरू किया। घोटाला सामने आने के तुरंत बाद, रिपोर्टों में बैंक चलाने वालों और कुन्नमकुलम विधायक मोइदीन के बीच घनिष्ठ संबंध होने का दावा किया गया। बैंक में 200 करोड़ रुपए से अधिक की धोखाधड़ी का पता चला है, इससे कई जमाकर्ता गहरे संकट में हैं। मोइदीन पहली पिनाराई विजयन सरकार-2016-21 में राज्य मंत्री थे।

### प्रेमिका से मिलने गए युवक की पीट-पीटकर हत्या

**रांची।** चतरा के हंटरगंज थाना क्षेत्र के सलैया गांव में प्रेमिका से मिलने गए कुंदन कुमार को लड़की के घरवालों और गांव के लोगों ने पीट-पीटकर मार डाला। प्रेमिका से मुलाकात में उसकी मदद कर रही गोली देवी नामक महिला को भी लोगों ने बुरी तरह पीटा। उसे गंभीर हालत में इलाज के लिए गया के मगध मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया है।

# जेयू में छात्र की मौत पर पश्चिम बंगाल विस में हंगामा

**कोलकाता,** 22 अगस्त (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल विधानसभा के मानसून सत्र में जादवपुर विश्वविद्यालय (जेयू) में फ्रेशर की रैगिंग से संबंधित मौत का मामला छाया रहा। पश्चिम बंगाल विधानसभा में जैसे ही इस मामले पर चर्चा शुरू हुई विपक्ष के नेता (एलओपी) सुवेंदु अधिकारी ने रैगिंग मौत के मुद्दे पर राज्य सरकार और शिक्षा विभाग पर तीखा हमला बोला। भाजपा विधायकों ने कंधे पर काला कपड़ा लटकाकर सदन में प्रवेश किया और मामले में स्थगन प्रस्ताव लाने के बाद चर्चा में भाग लिया। सुवेंदु अधिकारी ने कहा कि मामला वाकई गंभीर है। जेयू में चरमपंथी वामपंथी कार्यकर्ताओं का एक वर्ग है, जो अक्सर देश विरोधी नारे लगाता था। यह राष्ट्र विरोधी कार्यकर्ताओं के एक वर्ग का अड्डा बन गया है। उन पर कोई नियम कानून लागू नहीं होता।



- सुवेंदु ने राज्य सरकार पर बोला हमला

यदि नियमों का पालन किया गया होता, तो ग्रामीण बंगाल के दूरदराज के इलाके से आने वाले छात्र की मृत्यु नहीं होती। उन्होंने यह भी सवाल किया कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार जेयू परिसर में सीसीटीवी क्यों नहीं लगाए गए। उन्होंने यह भी याद दिलाया कि पूर्व जेयू कुलपति अभिजीत चक्रवर्ती, जिन्होंने जेयू परिसर में कुछ अनुशासन लाने की कोशिश की थी उन्हें पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी ने इस्तीफा देने के लिए मजबूर किया था, जो वर्तमान में स्कूल भर्ती मामले में कथित संलिप्तता के लिए सलाखों के पीछे हैं।

# राम मंदिर का फिर राजनीतिकरण करना चाहती है भाजपा : कांग्रेस

**अयोध्या,** 22 अगस्त (एजेंसियां)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि करोड़ों लोगों की आस्था का प्रतीक अयोध्या में श्रीराम मंदिर का शिलान्यास कांग्रेस ने किया था जबकि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने इसका चुनावी शिलान्यास किया है। प्रसिद्ध हनुमानगढ़ी मंदिर में दर्शन–पूजन करने के बाद बातचीत में तिवारी ने मंगलवार को कहा कि अयोध्या में श्रीरामजन्मभूमि पर रामलला के भव्य मंदिर का निर्माण आस्था का विषय है।

- कांग्रेस नेता ने हनुमानगढ़ी मंदिर में किया दर्शन-पूजन

मंदिर का शिलान्यास कांग्रेस ने किया था, लेकिन चुनावी शिलान्यास भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने किया। कांग्रेस आस्था के विषय पर उसका प्रचार–प्रसार नहीं करती है। उन्होंने कहा कि भाजपा राम मंदिर का राजनीतिकरण फिर करना चाहती है जबकि वह अब होने वाला नहीं है। भव्य श्रीराम मंदिर का निर्माण सर्वोच्च न्यायालय के आदेश पर हो रहा है। अयोध्या में निर्माण और आस्था का सबसे पहला शिलान्यास कांग्रेस ने रखा। भारतीय जनता पार्टी ने चुनाव के आस्था का शिलान्यास बाद में रखा है।



**कांग्रेस ने किया था राम मंदिर का शिलान्यास,भाजपा का तो चुनावी है : प्रमोद तिवारी**

### नेताओं पर स्याही व जूता फेंकना निंदनीय

राज्यसभा सांसद ने कहा कि नेताओं पर स्याही और जूता फेंकने की वह निंदा करते हैं। वैचारिक मतभेद लाजिमी है मगर व्यक्तिगत मतभेद नहीं होना चाहिए। मतभेद वो भी प्रदर्शन लोकतांत्रिक ढंग से हो, हिंसात्मक ढंग से असभ्यता के साथ वह अपनी संस्कृति की पराकाष्ठा है। नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष अजय राय पर उन्होंने कहा कि वो संघर्षशील छात्र नेता रहे हैं। उनके आने से उत्तर प्रदेश में कांग्रेस का कद काफी बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि 2024 का चुनाव की घोषणा जैसे होगी वैसे ही इंडिया के सामने एनडीए का कहीं अता–पता नहीं चलेगा। इंडिया जनता का संगठन है और एनडीए सरकारी संगठन है।

# इंफाल–दीमापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर नाकाबंदी जारी

**इंफाल,** 22 अगस्त (एजेंसियां)। इंफाल–दीमापुर राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच–2) पर नाकाबंदी मंगलवार को दूसरे दिन भी जारी रही, जबकि सुरक्षा बलों ने इंफाल–जिरीबाम राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच–37) पर वाहनों की आवाजाही को सुविधाजनक बनाने के लिए सुरक्षा कवर प्रदान किया है। इंफाल में एक पुलिस अधिकारी ने पुष्टि की कि आवश्यक वस्तुओं के साथ एनएच–37 पर वाहनों की आवाजाही सुनिश्चित की गई है। अधिकारी ने कहा,सभी संवेदनशील स्थानों पर सख्त सुरक्षा उपाय किए गए हैं और वाहनों की स्वतंत्र और सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए संवेदनशील हिस्सों में सुरक्षा काफिला उपलब्ध कराया गया है। एनएच–2 पर नाकेबंदी के कारण आदिवासी बहुल इलाकों के कई हिस्सों में आवश्यक वस्तुओं और खाद्यान्न की आपूर्ति प्रभावित हुई। एनएच–37 पर भी कुछ हिस्सों में नाकेबंदी है, जिससे वाहनों की आवाजाही आंशिक रूप से प्रभावित हो रही है। आदिवासी एकता समिति ने कुकी बहुल पहाड़ी इलाकों में खाद्यान्न, आवश्यक वस्तुओं और दवाओं की निर्बाध और पर्याप्त आपूर्ति की मांग करते हुए सोमवार को कांगपोकपी जिले में एनएच–2 और तामेंगलोंग जिले में एनएच 37 पर कुछ स्थानों पर फिर से नाकेबंदी कर दी थी।



# मणिपुर विधानसभा का सत्र जल्द बुलाएं राज्यपाल : मणिपुर कैबिनेट

**इंफाल,** 22 अगस्त (एजेंसियां)। मणिपुर कैबिनेट ने मंगलवार को फिर से राज्यपाल अनुसुइया उइके को 29 अगस्त को विधानसभा का मानसून सत्र बुलाने की सिफारिश की। इससे पहले राज्य कैबिनेट ने 4 अगस्त को 12वीं मणिपुर विधानसभा का चौथा सत्र 21 अगस्त को बुलाने के लिए राज्यपाल को इसी तरह की सिफारिश की थी।

लेकिन, राज्यपाल ने सत्र नहीं बुलाया। मुख्यमंत्री कार्यालय ने मंगलवार को ट्वीट किया सोमवार, 21 अगस्त, 2023 को मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिमंडल ने 29 अगस्त को 12वीं मणिपुर विधानसभा (मानसून सत्र) का चौथा सत्र बुलाने का निर्णय लिया। दरअसल, इस अहम सत्र में पूरी संभावना है कि राज्य में जारी जातीय हिंसा और उससे जुड़े मुद्दों पर चर्चा होगी। कैबिनेट की सिफारिशों के बावजूद राज्यपाल के औपचारिक रूप से सत्र नहीं बुलाने के बाद राजनीतिक विवाद छिड़ गया है। पिछला विधानसभा सत्र मार्च में हुआ था। नियमों के मुताबिक हर छह महीने में कम से कम एक विधानसभा सत्र आयोजित किया जाना चाहिए। पूर्व मुख्यमंत्री ओकराम इबोबी सिंह के नेतृत्व में कांग्रेस विधायक दल ने 26 जुलाई को राज्यपाल से मुलाकात की थी।



- अनुसुइया उइके से की 29 अगस्त को मानसून सत्र बुलाने की सिफारिश

उस दौरान संविधान के अनुच्छेद 174 (1) के तहत विधानसभा का विशेष सत्र बुलाने की मांग की थी। कांग्रेस नेता मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग भी कर रहे हैं। उनका कहना है कि राज्य विधानसभा मौजूदा उथल–पुथल पर चर्चा और बहस करने के लिए सबसे उपयुक्त मंच है।

जहां सामान्य स्थिति बहाल करने के उपायों के सुझाव पेश किए जा सकते हैं और चर्चा की जा सकती है। तीन बार मुख्यमंत्री रहे ओकराम इबोबी सिंह ने कहा है कि अगर छह महीने में विधानसभा सत्र नहीं होगा तो मणिपुर में संवैधानिक संकट हो जाएगा।

# केसीआर से मुलाकात के बाद भाजपा नेता पार्टी से निलंबित

**हैदराबाद,** 22 अगस्त (एजेंसियां)। तेलंगाना भाजपा इकाई ने मंगलवार को मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव से मिलने के बाद पार्टी के भद्राद्री कोठागुडेम जिला अध्यक्ष कोनेरू सत्यनारायण (चिन्नी) को निलंबित कर दिया। पार्टी की राज्य इकाई ने नियमों का उल्लंघन करने और पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने के लिए चिन्नी को निलंबित करने की घोषणा की। भाजपा के राज्य महासचिव जी. प्रमेंदर रेड्डी ने एक बयान में कहा, निलंबन तुरंत प्रभाव से लागू होगा। चिन्नी ने सोमवार देर रात हैदराबाद में मुख्यमंत्री केसीआर से मुलाकात की थी। उसके बाद भाजपा ने यह कार्रवाई की। मुख्यमंत्री ने उन्हें राज्य की सत्तारूढ़ भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) में शामिल होने के लिए न्योता दिया था। संभावना है कि चिन्नी मंगलवार को भाजपा से अपने इस्तीफे की घोषणा करेंगे। शुक्रवार या शनिवार को उनके बीआरएस में शामिल होने की संभावना है। चिन्नी ने 2014 में तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) के उम्मीदवार के रूप में कोठागुडेम विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ा था। वह 2017 में बीजेपी में शामिल हुए थे।



# त्रिपुरा में चोरी के संदेह में महिला को किया निर्वस्त्र

**अगरतला,** 22 अगस्त (एजेंसियां)। चोरी के एक मामले के बाद अगरतला के बाहरी इलाके में लोगों के एक समूह ने एक महिला को निर्वस्त्र कर दिया, उसे और उसके किशोर बेटे को पीटा। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

एक अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने अभी तक इस मामले में कोई गिरफ्तारी नहीं की है। स्थानीय लोगों के हवाले से पुलिस ने बताया कि रविवार को अगरतला के बाहरी इलाके शानमुरा में तीन किशोरों ने ड्रग्स खरीदने के लिए कथित तौर पर एक दुकान से पैसे चुराए। कुछ युवकों ने तीनों को बंधक बना लिया था और बाद में उनमें से दो को छोड़ दिया था। सोमवार को एक ग्राम पंचायत सदस्य के नेतृत्व में स्थानीय लोगों ने नाबालिग और उसकी मां को बुलाया। दोनों के आने पर कुछ युवकों ने कथित तौर पर महिला और उसके बेटे को निर्वस्त्र कर दिया और बुरी तरह पीटा। बाद में पुलिस ने महिला और उसके बेटे को बचाया और उन्हें अगरतला सरकारी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में भर्ती कराया।



- बेटे के साथ की मारपीट

पुलिस ने पीड़ितों का बयान भी दर्ज किया और अपराध में शामिल हमलावरों को पकड़ने के लिए जांच शुरू की, लेकिन अभी तक किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है। महिला ने मीडिया से कहा, मैं चुराए गए पैसे वापस करने को तैयार हो गई, लेकिन नशे में धुत युवकों ने मुझे और मेरे बेटे को बेरहमी से पीटा और उसका सिर मुंडवा दिया।

**दावा** *कर्नाटक में कांग्रेस नेता का दावा*

# ऑपरेशन हस्त के जरिए 10 से 15 भाजपा नेता होंगे पार्टी में शामिल

**बेंगलुरु, 22 अगस्त (एजेंसियां)। भाजपा की कर्नाटक इकाई को निर्देश दिया गया है कि वह उन पार्टी नेताओं को न रोके, जो राज्य में सत्तारूढ़ कांग्रेस में शामिल होना चाहते हैं। कांग्रेस नेता दावा कर रहे हैं कि लोकसभा चुनाव से पहले ऑपरेशन हस्त के जरिए करीब 10 से 15 बीजेपी नेता उनकी पार्टी में शामिल होंगे। सूत्रों के मुताबिक पूर्व मंत्री।**

एवं भाजपा विधायक एस.टी सोमशेखर और पूर्व मंत्री भाजपा विधायक शिवराम हेब्बार कांग्रेस पार्टी में शामिल होने के लिए तैयार हैं। बड़ी संख्या में कांग्रेस में शामिल सोमशेखर के समर्थकों ने दावा किया कि सोमशेखर का कांग्रेस में शामिल होना महज एक औपचारिकता है।

सूत्रों ने बताया कि हेब्बार बीजेपी नेतृत्व से नाराज हैं और उनके जल्द ही कांग्रेस में शामिल होने की भी संभावना है। दोनों नेता 2019 में कांग्रेस से ऑपरेशन लोटस के जरिए बीजेपी में शामिल हुए थे। कहा जाता है कि मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के खिलाफ वरुणा और चामराजनगर सीटों से विधानसभा चुनाव हारे पूर्व मंत्री वी. सोमन्ना भी कांग्रेस में जाने पर विचार कर रहे हैं। सोमन्ना प्रदेश अध्यक्ष पद के आकांक्षी हैं और कहा जा रहा है कि इस संबंध में पार्टी का निर्णय होने के बाद ही वह निर्णय लेंगे। गत सोमवार को पूर्व मुख्यमंत्रियों बी.एस. येदियुरप्पा, बसस्वराज बोम्मई, डी.वी.सदानंद गौड़ा, पूर्व राष्ट्रीय महासचिव सी.टी.रवि और अन्य वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति वाली कोर कमेटी की बैठक में उन नेताओं को नहीं रोकने का निर्णय लिया गया, जो भगवा पार्टी छोड़ना चाहते हैं।



- कांग्रेस में शामिल होने के इच्छुक नेताओं को नहीं रोकेगी भाजपा

नेताओं ने कहा कि एक बार पार्टी के नेतृत्व की घोषणा हो जाने के बाद सब कुछ ठीक हो जाएगा। भाजपा कैडर आधारित पार्टी है और अगर नेता पार्टी छोड़ने का फैसला करते हैं, तो उन्हें डरने की जरूरत नहीं है। नेताओं ने विपक्ष के नेता की नियुक्ति और प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए पार्टी आलाकमान से अपील करने का फैसला किया। कर्नाटक के सियासी गलियारों में ऑपरेशन लोटस की तर्ज पर ऑपरेशन पंजा चलाए जाने की चर्चा है। इसके तहत कांग्रेस बीजेपी और जेडीएस के उन विधायकों को तोड़ने की रणनीति बना रही है, जो कभी कांग्रेस में ही थे। इसके अलावा कांग्रेस की नजर ओल्ड मैसूर, बेलगावी, बीदर और तटीय कर्नाटक से आने वाले बीजेपी के कद्दावर नेताओं पर है। कांग्रेस इन नेताओं को साथ जोड़कर 2024 में बीजेपी को कड़ी टक्कर देने की रणनीति तैयार कर रही है। कर्नाटक में कांग्रेस ने 2024 में 20 सीट जीतने का लक्ष्य रखा है।

वर्तमान में पार्टी के पास सिर्फ एक सीट है। कर्नाटक के डिप्टी सीएम और कांग्रेस अध्यक्ष डीके शिवकुमार के एक सियासी बयान ने ऑपरेशन पंजा के अटकलों को और अधिक बल दिया।

उल्टा पुल्टा

महिला : मेरा वेट कैसे कम होगा ?
डॉक्टर : अपने गर्दन को दाएं बाएं हिलाएं।
महिला : किस समय ?
डॉक्टर : जब कोई खाने को पूछे।

# कैपिटल ज़ोन

## मोहल्ला क्लीनिक से मिल रहा बहुत लाभ : केजरीवाल

**नई दिल्ली,** 22 अगस्त (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को केशोपुर सब्जी मंडी, शाहबाद डेरी, गोविंदपुरी

■ **मुख्यमंत्री ने किया पांच मोहल्ला क्लीनिक का उद्घाटन**

और कालकाजी मार्केट में पांच मोहल्ला क्लीनिक का उद्घाटन किया। मोहल्ला क्लीनिक की संख्या बढ़कर अब 533 हो गई है, जहां सारा इलाज मुफ्त होता है। आने वाले दिनों में केशोपुर मंडी की तरह गाजीपुर, मुर्गा मंडी और ओखला मंडी में भी मोहल्ला क्लीनिक खोले जाएंगे। इस दौरान सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि इन लोगों ने दिल्ली वालों के खिलाफ बड़े-बड़े षड्यंत्र रचे और दिल्ली वालों के काम रोकने की कोशिश की, लेकिन मैं हर दिल्लीवासी को ये भरोसा दिलाता हूं कि कोई काम रुकने नहीं दूंगा। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दिल्लीवालों को मोहल्ला क्लीनिक से बहुत फायदा मिल रहा है। पिछले एक साल में सभी मोहल्ला क्लीनिकों में दो करोड़ से ज्यादा लोगों ने इलाज कराया है। अच्छा इलाज हो रहा है, तभी बड़े-बड़े प्राइवेट अस्पतालों में जाने वाले



**पिछले एक साल में मोहल्ला क्लीनिकों में दो करोड़ से ज्यादा लोगों ने इलाज कराया है : अरविंद केजरीवाल**

अमीर लोग मोहल्ला क्लीनिकों में इलाज करा रहे हैं। सीएम ने कहा कि पंजाब में 'आप' की सरकार सिर्फ डेढ़ साल में 660 मोहल्ला क्लीनिक खोल चुकी है। इसके अलावा देश के कई हिस्सों में मोहल्ला क्लीनिक खुल रहे हैं। इस अवसर पर विधायक जरनैल सिंह, पर्यावरण एवं विकास मंत्री गोपाल राय और स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज मौजूद रहे। इस दौरान, सीएम अरविंद केजरीवाल ने केशोपुर सब्जी मंडी में बने मोहल्ला क्लीनिक का भ्रमण कर मरीजों से उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया और डॉक्टरों से भी बात की। मोहल्ला क्लीनिक उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आज केशोपुर सब्जी मंडी, शाहबाद डेरी में दो गोविंदपुरी और कालकाजी मार्केट में पांच मोहल्ला क्लीनिक का उद्घाटन किया गया है।

**अब कुल 533 मोहल्ला क्लीनिक कर रहे काम**

दिल्ली में अब कुल 533 मोहल्ला क्लीनिक काम कर रहे हैं। इनमें 512 मोहल्ला क्लीनिक मार्निंग और 21 इवनिंग शिफ्ट में काम कर रहे हैं। हमने 2015-16 में मोहल्ला क्लीनिक बनाने शुरू किए थे। केशोपुर मंडी में काफी लोग काम करते हैं। इनमें कई लोग व्यापारी हैं तो कई लोग मजदूर हैं। हल्का बुखार, जुकाम या कोई छोटी बीमरी हो गई तो आपको बड़े अस्पतालों में जाना पड़ता है और लंबी-लंबी लाइनों में लगते हैं। इससे आपका पूरा दिन खराब हो जाता है। इससे अस्पतालों में भी भीड़ बढ़ती है। इसीलिए हमने पूरी दिल्ली में छोटे-छोटे मोहल्ला क्लीनिक खोलने का निर्णय लिया। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि पिछले साल 2022-23 में 2,07,17,876 और 10,41,436 से ज्यादा टेस्ट हुए। इसी तरह, 2021-22 में 1.28 करोड़, 2020-21 में 1.50 करोड़ लोगों ने इलाज कराया।

मोहल्ला क्लीनिक में इलाज कराने वालों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। कुछ लोग कई बार भी आते हैं। मोहल्ला क्लीनिक में 91 तरह के फ्री टेस्ट होते हैं। दवाइयां फ्री मिलती हैं। अल्ट्रा साउंड और एक्सरे के लिए पास के सरकारी अस्पतालों में रेफर किया जाता है।

### अमीर लोग भी अब मोहल्ला क्लीनिक में इलाज कराने आ रहे हैं : सौरभ भारद्वाज

स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि मैंने अपने निर्वाचन क्षेत्र ग्रेटर कैलाश के कुछ पॉश इलाकों में भी मोहल्ला क्लीनिक खुलवाए हैं, जहां 100 से 125 लोग रोज इलाज कराने आते हैं। बड़े-बड़े प्राइवेट अस्पतालों में इलाज कराने वाले अमीर लोग भी मोहल्ला क्लीनिक में आ रहे हैं। क्योंकि उनको सरकारी डॉक्टर के उपर भरोसा है। प्राइवेट अस्पतालों में कई बार देखा गया है कि जितने टेस्ट की जरूरत नहीं है, उससे ज्यादा टेस्ट करा दिए जाते हैं। लेकिन जब कोई मोहल्ला क्लीनिक में आता है तो उसको डॉक्टर उतनी ही दवा देता है जितनी जरूरत होती है। आने वाले दिनों में सीएम अरविंद केजरीवाल हर सफ्तार 5 मोहल्ला क्लीनिक दिल्ली वालों को समर्पित करेंगे।

## कर्मचारियों संग राजनीति करने में पीछे नहीं हटती आप : इकबाल सिंह

**नई दिल्ली,**22 अगस्त (देशबन्धु)। दिल्ली नगर निगम में नेता विपक्ष व पूर्व महापौर राजा इकबाल सिंह ने कहा कि आम आदमी पार्टी नियमितीकरण के नाम पर दिल्ली नगर निगम के कर्मचारियों की आंख में धूल झोंकने का कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि आम आदमी पार्टी 9 महीने से निगम को सत्ता संभाले हुए हैं उसके बाद भी मात्र 317 लोगों को ही नियमित किया गया है। उन्होंने बताया कि आम आदमी पार्टी कर्मचारियों के आश्रितों को करुणामूलक आधार पर डेलीवेजरों रख रही है न कि उन्हें पक्की नौकरी दे रही है। जो यह दर्शाता है कि आम आदमी पार्टी कर्मचारियों के साथ भी राजनीति करने में पीछे नहीं हटती।

उन्होंने बताया कि वही अब दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल कर्मचारियों को पक्का करने का झूठा वादा कर रहे हैं। यदि केजरीवाल कर्मचारियों को पक्का कर सकते है तो दिल्ली सरकार के अंतर्गत आंगनवाड़ी कर्मचारियों को पक्का क्यों नहीं किया गया। दिल्ली नगर निगम में डीबीसी कर्मचारी, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी व विभिन्न विभागों में कार्यरत कर्मचारियों की नियमितीकरण की प्रक्रिया को प्रारंभ



■ **नियमितीकरण के नाम पर कर्मचारियों की आंख में धूल झोंकने का लगाया आरोप**

क्यों नहीं किया गया ये सब बातें दर्शाते हैं कि आम आदमी पार्टी अपनी राजनीति चमकाने के लिए केवल झूठे वादे करती है। राजा इक़बाल सिंह ने बताया कि निगम में भाजपा के शासन के दौरान एफआर 17 के नियम हटाना, कच्चे कर्मचारियों को पक्का करना, लेफ्ट आउट मामलों का जल्द निपटान व करुणामूलक आधार पर नौकरी देने के कार्य को युद्ध स्तर पर किया गया था। उन्होंने बताया कि आम आदमी पार्टी को निगम की सत्ता संभाले 9 महीने से ऊपर हो चुके हैं उसके बाद भी कर्मचारियों को अपनी माँगो के लिए आए दिन हड़ताल पर जाना पड़ता है।

## सार संक्षेप

### आई-फेस्टिवल आयोजित



**नई दिल्ली।** जेडी इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी ने अपने विद्यार्थियों की कलात्मक प्रतिभा दर्शाने वाले आयोजन 'आई-फेस्टिवल' का सफल आयोजन सम्पन्न किया। यह इंस्टीट्यूट जेडी इमेज प्रोमोशंस लि. का सहायक संगठन है। और इस उत्सव का आयोजन दिल्ली के जानेमाने जवाहरलाल नेहरु इंडोर स्टेडियम में किया गया। इस आयोजन में भाग लेने वाले आगंतुक फैशन की दुनिया में डूबे रहे, उन्होंने इंडस्ट्री आइकॉन्स से डिजाइन के बारे में ज्ञान प्राप्त किया और टीएफए-द फैशन अवार्ड्स जैसे आकर्षक शो का लुत्फ उठाया। इनके साथ ही, ऐक्जिबिट एक्स ने अत्याधुनिक इंटीरियर प्रदर्शित किए, जबकि कैम्प 11820 में अत्याधुनिक कलात्मकता को दर्शाया गया। कला, संस्कृति और डिजाइन को समर्पित इस बहुआयामी श्रद्धांजलि ने सभी सहभागियों पर अमिट प्रभाव छोड़ा है। इस ईवेंट की टिकटों की बिक्री बहुत तेजी से हुई और यहां आने वालों से रणविजय सिंघा, प्रैट्स ऑफिशियल और बैला जैसी मशहूर हस्तियों से मुलाकात का सुनहरा मौका प्राप्त किया। इस आयोजन में तीन आकर्षक उप-श्रेणियां थीं, प्रत्येक श्रेणी डिजाइन जगत के विभिन्न पहलुओं से जुड़ी हुई थी।

### रक्षाबंधन के मौके पर तैयार किया राखी स्टोर

**नई दिल्ली।** रक्षाबंधन का त्योहार भाई-बहनों के बीच अटूट बंधन का प्रतीक है। यह त्योहार उनके प्रति अपने प्यार और सम्मान को व्यक्त करने का एक बेहतरीन समय होता है। अपने प्यार का इजहार करने के लिए सोच समझ कर खरीदे गए स्टाइलिश गिफ्ट से बेहतर तरीका और कोई हो नहीं सकता है। इस साल हम यह त्योहार 30 अगस्त को मनाने जा रहे हैं। यह शुभ अवसर जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है, वहीं अमेजन फैशन भी भाई-बहन के बंधन को व्यक्त करने वाले उपहारों के ढेर सारे विकल्पों के साथ पूरी तरह से तैयार है इसके लिए अमेजन के राखी स्टोर पावर्ड बाय फेरेरो रोशर चॉकलेट पर जाएं। जिसमें किमिरिका टेक मी टु पेरिस लक्जरी गिफ्ट बॉक्स, डेनियल वेलिंगटन घड़ी, क्लारा 925 स्टर्लिंग सिल्वर रॉयल ब्लू हार्ट पेंडेंट इयररिंग चेन ज्वेलरी सेट, अमेजन डॉट इन पर राखी स्टोर पावर्ड बाय फेरेरो रोशर चॉकलेट्स में फैशनेबल और खूबसूरती से भरपूर उपहारों का एक विशाल कलेक्शन उपलब्ध है।

### भारतीय संपूर्ण क्रांतिकारी पार्टी ने लिए महत्वपूर्ण निर्णय

**नई दिल्ली।** भारतीय संपूर्ण क्रांतिकारी पार्टी की दिल्ली के कंस्टीट्यूशनल क्लब में हुई राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में निर्भया कांड के आरोपी पक्ष से केस लड़ने वाले जाने-माने सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता डॉ.एपी सिंह को महासचिव चुना गया। इस बैठक में राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से ठाकुर जोगिंदर सिंह भदौरिया को पार्टी विधान के अनुसार तीन वर्ष के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया। इस अवसर पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर जोगिंदर सिंह भदौरिया ने आगमी विधानसभा चुनाव में अपने उम्मीदवार खड़ा करने एवं अपनी चुनावी घोषणाओं के बारे में बताया। पार्टी मप्र, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में समान विचारधारा वाले दलों के साथ मिलकर सभी सीटों पर चुनाव लड़ेगी। तीनों राज्यों में प्रत्येक जिले की आवश्यकता एवं मांग के अनुसार हर जिले का घोषणा पत्र जारी किया जाएगा। अन्य कार्यकारणी की घोषणा जल्द की जाएगी। इसके अलावा संकल्प पत्र जारी किया जाएगा। भदौरिया ने बताया कि जनता मौजूदा सरकारों से त्रस्त हो चुकी है।

## जी-20 समिट के दौरान दिल्ली पुलिस नहीं चाहती लोग घरों से निकले

■ जोगेंद्र सोलंकी

**नई दिल्ली,** 22 अगस्त (देशबन्धु)। आगामी जी-20 शिखर सम्मेलन की तैयारियों के बीच दिल्ली पुलिस के विशेष आयुक्त ने दिल्ली के मुख्य सचिव को पत्र लिखकर 8 सितंबर से 10 सितंबर तक सरकारी छुट्टी घोषित करने की सिफारिश की है। जी-20 शिखर सम्मेलन, दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के नेताओं का एक समूह, 9 सितंबर और 10 सितंबर को भारत की अध्यक्षता में दिल्ली के प्रगति मैदान में हाल ही में उद्घाटन किए गए अत्याधुनिक भारत मंडपम सम्मेलन केंद्र में आयोजित होने वाला है। यह सिफारिश किसी भी संभावित यातायात भीड़ और लॉजिस्टिक चुनौतियों को कम करने के एक कदम के रूप में आया है। दिल्ली पुलिस शिखर सम्मेलन के दौरान वाहनों की सुचारू आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए विशेष व्यवस्था करने में व्यस्त है, जिसमें अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन,



■ **पुलिस ने मुख्य सचिव से 8-10 सितंबर तक सार्वजनिक अवकाश घोषित करने का किया अनुरोध**

चीनी प्रधान मंत्री शी जिनपिंग, कनाडाई प्रधान मंत्री जस्टिन ट्रूडो और फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन सहित कई राष्ट्राध्यक्षों और राजनयिकों का आगमन होगा। तैयारियों के हिस्से के रूप में, दिल्ली यातायात पुलिस ने सोमवार को प्रतिबंध और डायवर्जन व्यवस्था की समीक्षा करने के लिए शिखर सम्मेलन के मुख्य स्थल प्रगति मैदान को विभिन्न होटलों से जोड़ने वाली प्रमुख सड़कों पर एक मॉक ड्रिल आयोजित की थी। अभ्यास के हिस्से के रूप में यातायात पुलिस कर्मियों की कई टीमों को विभिन्न जंक्शनों पर तैनात किया गया था और डायवर्जन बिंदुओं और जंक्शनों पर बैरिकेड्स लगाए गए थे। जी20 सम्मेलन की मेजबानी के लिए दिल्ली पूरी तरह से तैयार है। इस दौरान हर बंदोबस्त बराबर हो इसके लिए हर विभाग ने तैयारियां तेज कर दी है। वहीं सुरक्षा को लेकर भी कई स्तर पर तैयारियां हो गई है। दुनिया के 20 सर्वाधिक ताकतवर देशों के राष्ट्राध्यक्ष, अधिकारी और प्रतिनिधि मंडल एवं इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड जैसी संस्थाओं के प्रतिनिधि इस सम्मेलन के लिए भारत आएंगे। इस सम्मेलन को देखते हुए दिल्ली पुलिस ने सुरक्षा की तैयारियों को तेज कर दिया है। इस सम्मेलन को लेकर ट्रैफिक मैनेजमेंट से लेकर स्कूल और कॉलेज बंद किए जाएंगे ताकि सम्मेलन के दौरान किसी तरह की परेशानी ना हो। इस दौरान सुरक्षा के लिहाज से दिल्ली में सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाएगा। यानी तीन दिनों तक दिल्ली में स्कूल, कॉलेज और ऑफिसों में छुट्टियां होंगी।

## उत्तर रेलवे ने स्क्रैप बिक्री में बनाया नया रिकॉर्ड

**नई दिल्ली,** 22 अगस्त (देशबन्धु)। उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक शोभन चौधुरी ने बताया कि उत्तर रेलवे ने स्क्रैप बिक्री में एक नया रिकॉर्ड बनाया है। 21 अगस्त को समाप्त हुई नीलामी के पश्चात, उत्तर रेलवे ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में 200.20 करोड़ रुपए अर्जित किए जो कि माह अगस्त तक के आनुपातिक लक्ष्य 183 करोड़ रुपए से अधिक है, इस प्रकार उत्तर रेलवे स्क्रैप का निपटान कर भारतीय रेल की सभी क्षेत्रीय रेलों और उत्पादन इकाइयों में पहले स्थान पर रहा है। यह पिछले वित्तीय वर्ष की इसी अवधि में की गई स्क्रैप बिक्री से 37.69 प्रतिशत अधिक है। उत्तर रेलवे माह जून, 2023 में 100 करोड़ रुपए की स्क्रैप बिक्री करके भी पहले स्थान पर रहा है। स्क्रैप का निपटान एक महत्वपूर्ण कार्य है। स्क्रैप से राजस्व अर्जित किए जाने के साथ-साथ, यह परिसरों को साफ-सुथरा बनाए रखने में भी मदद करता है। रेल पटरियों के टुकड़े, स्लीपर, टाई बार इत्यादि स्क्रैप




■ **वित्त वर्ष में स्क्रैप की बिक्री से 200.20 करोड़ रुपए किए अर्जित**
■ **पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में स्क्रैप की बिक्री से हुई आय से 37.69 प्रतिशत अधिक**
■ **यह भारतीय रेल की सभी क्षेत्रीय रेलों, पीएसयू में सर्वाधिक**

को एकत्रित कर इसकी विक्री से संरक्षा बढ़ाने में मदद मिलती है। उत्तर रेलवे ने स्टॉफ क्वाटरों, केबिनों, शैडों, वाटर टैंकों इत्यादि परित्यक्त ढांचों के निपटान के कार्य को मिशन मोड में शुरू किया है।

इससे न केवल राजस्व अर्जन में मदद मिली है बल्कि कीमती स्थान की उपलब्धता भी सुनिश्चित हुई है। इससे शरारती तत्वों द्वारा पुराने ढांचों के दुरुपयोग की संभावना भी समाप्त होती है। इन ढांचों का त्वरित निपटान सदैव ही रेलवे की प्राथमिकता सूची में रहा है तथा इसकी निगरानी भी उच्च स्तर पर की जाती है। उत्तर रेलवे पर बड़ी संख्या में एकत्रित हो गए स्क्रैप पीएसी स्लीपरों का निपटान भी त्वरित रूप से किया जा रहा है ताकि राजस्व अर्जित करने के साथ-साथ बहुमूल्य भूमि को रेल गतिविधियों के लिए खाली रखा जा सके। उत्तर रेलवे जीरो स्क्रैप स्टेटस हासिल करने और इस वित्तीय वर्ष में सर्वाधिक स्क्रैप बिक्री रिकॉर्ड स्थापित करने के लिए मिशन मोड में कार्य करते हुए अपने परिसरों को स्वच्छ बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

### दुर्ग-जम्मू तवी सुपरफास्ट एक्सप्रेस का ऊधमपुर तक यात्रा विस्तार

रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे ने रेलगाड़ी संख्या 12549/12550 दुर्ग जम्मू तवी दुर्ग सुपरफास्ट एक्सप्रेस को दिनांक 29.08.2023 से ऊधमपुर से/तक निम्नानुसार यात्रा विस्तार देने का निर्णय लिया है। दिनांक 29.08.2023 से यात्रा प्रारम्भ करने वाली 12549 दुर्ग जम्मू तवी सुपरफास्ट एक्सप्रेस अपनी यात्रा ऊधमपुर पर समाप्त करेगी। यह रेलगाड़ी जम्मू तवी से सांय 05.48 बजे प्रस्थान कर उसी दिन सांय 07.25 बजे ऊधमपुर पहुंचेगी।

वापसी दिशा में दिनांक 31.08.2023 से यात्रा प्रारम्भ करने वाली 12550 ऊधमपुर जम्मू तवी सुपरफास्ट एक्सप्रेस रेलगाड़ी ऊधमपुर से तड़के 03.15 बजे प्रस्थान कर उसी दिन सुबह 04:30 बजे जम्मू तवी आगमन कर उसी दिन सुबह 04:35 बजे आगामी यात्रा दुर्ग के लिए प्रस्थान करेगी।

## सड़क व राजमार्ग राष्ट्र की धमनियां : वी.के.सिंह




**नई दिल्ली,**22 अगस्त (देशबन्धु)। राष्ट्र के सामाजिक आर्थिक विकास में सड़कों एवं राजमार्गों की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए केंद्रीय सड़क परिवहन एवं नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री जनरल विजय कुमार सिंह कहा कि इन्फ्रास्ट्रक्चर सेक्टर से राष्ट्र की जीडीपी पर 1.5 से 3 गुना तक मल्टीप्लायर इफेक्ट दिखता है। एक उदाहरण देते हुए उन्होंने बताया कि कैसे 1930 में अमेरिका ने इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास पर जोर दिया, विशेषरूप से सड़कों और राजमार्गों के निर्माण पर, जिससे उनकी अर्थव्यवस्था को गति मिली।

## दलेर मेहंदी ने संत वसंत विजय महाराज से लिया आशीर्वाद

**नई दिल्ली,**22 अगस्त (देशबन्धु)। प्रसिद्ध बॉलीवुड और पंजाबी पार्श्व गायक दलेर मेहंदी ने 55 दिवसीय शिव महापुराण यज्ञ के दौरान प्रतिष्ठित राष्ट्रीय संत डॉ.वसंत विजय महाराज के दर्शन किए। अखंड रुद्राभिषेक महोत्सव 2023 के नाम से जाना जाने वाला यह कार्यक्रम छतरपुर के मार्कंडेय हॉल के भीतर अलंकृत शिव दरबार में हुआ। गायक ने इस शुभ अवसर के 11वें दिन पूज्य गुरुदेव का आशीर्वाद लिया। दलेर मेहंदी ने कहा, डॉ. वसंत विजय महाराज एक सिद्ध संत हैं, और गुरुदेव के मंत्रों की गूंज अविश्वसनीय रूप से शुद्ध और शक्तिशाली है।



गायक ने, प्रतिष्ठित राष्ट्रीय संत के साथ, उस कार्यक्रम में भाग लिया जिसमें एक भक्ति-पूर्ण अनुष्ठान शामिल है, जो भगवान शिव के प्रति श्रद्धा का प्रतीक है। गुरुदेव के साथ अपने लंबे समय के जुड़ाव को दर्शाया।

### दक्षिणी दिल्ली में शख्स का मिला शव

**नई दिल्ली,**22 अगस्त (देशबन्धु)। दिल्ली पुलिस ने मंगलवार सुबह दक्षिणी दिल्ली के लोधी कॉलोनी इलाके में एक व्यक्ति का शव बरामद किया है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, मंगलवार सुबह करीब 6.30 बजे लोधी कॉलोनी पुलिस स्टेशन में खन्ना मार्केट के पास फुटपाथ पर एक शव पड़ा होने की सूचना मिली थी।


उत्तर रेलवे
निविदा आमंत्रण सूचना

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम और इसकी स्थिति | 30-Elect-22-T-2023-24-E3 बीआरएसक्यू रेलवे स्टेशन पर केंद्रीकृत नियंत्रण और कमांड सेंटर (सी-4) के प्रावधान के संबंध में विद्युत कार्य। |
| निविदा की अनुमानित लागत | रु.109.38 लाख |
| कार्यालय का पता | वरि. मंडल विद्युत अभियंता/जी, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली |
| बयाना राशि | रु. 204700.00 |
| निविदा निवेदन की दिनांक व समय | 13.09.2023, 12:00 बजे |
| निविदा खोलने की दिनांक व समय | 13.09.2023 12:00 बजे |
| वेबसाइट व नोटिस बोर्ड | www.ireps.gov.in वरिष्ठ मण्डल विद्युत अभियंता/जी, नई दिल्ली |

2601/2023
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## जनजातीय समुदायों के आत्मविश्वास की कथा है जंगली कुलपति की कथा : धर्मेंद्र प्रधान

**नई दिल्ली,**22 अगस्त (देशबन्धु)। केंद्रीय शिक्षा एवं कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने साहित्य अकादमी सभागार में प्रसिद्ध शिक्षाविद् एवं साहित्यकार प्रोफेसर टी.वी.कट्टीमनी की पुस्तक 'जंगली कुलपति की कथा' का लोकार्पण किया। इस अवसर पर प्रधान ने कहा कि 'जंगली कुलपति की कथा' कट्टीमनी के सामाजिक संघर्षों और दूरस्थ क्षेत्र में एक विश्वविद्यालय बनने की कथा है। यह कथा जनजातीय समुदायों के आत्मविश्वास और उनकी अभिव्यक्ति की कथा है।

प्रधान ने कहा कि देश के पहले जनजातीय विश्वविद्यालय के कुलपति के रूप में प्रोफेसर कट्टी मनी ने अपने संघर्ष और अनुभवों को भाषा में पिरोया है। इसमें समाज के वंचित वर्गों की समस्याओं की अभिव्यक्ति की गई है। पुस्तक के लेखक प्रो.टी.वी.कट्टीमनी ने कहा कि समाज में गंवारू, जंगली शब्द को असंसदीय



मना जाता है। अमरकंटक में जब मैं कुलपति के रूप में गया तो मुझे मेरे विरोधियों द्वारा 'जंगली' शब्द से सम्बोधित किया गया। मैंने जंगली शब्द में नया अर्थ भरने की कोशिश की है। इस अवसर साहित्य अकादमी के अध्यक्ष माधव कौशिक ने कहा कि साहित्यकार का कार्य शब्दों को नया अर्थ देना है। प्रोफेसर कट्टी मणि ने सामाजिक चुनौतियों को स्वीकार कर उसे नया आयाम दिया है। साहित्य अकादमी की उपाध्यक्ष प्रोफेसर कुमुद शर्मा ने कहा कि जंगली शब्द गुढ और व्यंजन लिए हुए हैं। यह बिल्कुल अनोखी और अलग ढंग की पुस्तक है। जीबी पंत सामाजिक विज्ञान संस्थान के निदेशक प्रो.बद्री नारायण ने कहा कि इस पुस्तक में अनुभव और भाषा दोनों

■ **केंद्रीय जनजातीय विवि, आंध्र प्रदेश के कुलपति कट्टीमनी की पुस्तक का किया विमोचन**

है। इसमें प्रोफेसर कट्टी मनी में अपने दुख को सामाजिक परिवर्तन के हथियार के रूप में देखा है। यह वस्तुत: भारतीय विश्वविद्यालयों के बनने की आत्मकथा है। आचार्य विश्वनाथ प्रसाद तिवारी ने कहा कि यह मूलत: कैथेतर गद्य है जिसमें कल्पना का इस्तेमाल नहीं किया गया है।

यह आदिवासियों के जीवन और ज्ञान परंपरा को आधार बनाकर लिखी गई पुस्तक है। कार्यक्रम के अंत में शिल्पायन के निदेशक ललित शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय मंत्री संजय पासवान, रवि टेकचंदानी, जेएनयू के प्रोफेसर रामचंद्र, दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रोफेसर राजकुमार आदि गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।


महत्वपूर्ण सूचना

सर्वसंबंधित को सूचित किया जाता है कि रेलवे द्वारा रेलगाड़ी सं. 12057/12058 नई दिल्ली – ऊना हिमाचल – नई दिल्ली जनशताब्दी एक्सप्रेस के संचालन मार्ग का विस्तार दौलतपुर चौक तक किया जा रहा है जो निम्न समय–सारणी के अनुसार चलायी जायेंगी:–

| वर्तमान: गाड़ी सं. 12057 नई दिल्ली – ऊना हिमाचल जनशताब्दी एक्सप्रेस | | संशोधित: गाड़ी सं. 12057 नई दिल्ली – दौलतपुर चौक जनशताब्दी एक्सप्रेस | | ↓ स्टेशन ↑ | वर्तमान: गाड़ी सं. 12058 ऊना हिमाचल – नई दिल्ली जनशताब्दी एक्सप्रेस | | संशोधित: गाड़ी सं. 12058 दौलतपुर चौक – नई दिल्ली जनशताब्दी एक्सप्रेस | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 14:35 | ---- | 14:35 | नई दिल्ली | 11:45 | ---- | 11:45 | ---- |
| नई दिल्ली से आनन्दपुर साहिब रेलवे स्टेशन के बीच समय में कोई परिवर्तन नहीं है | | | | | | | | |
| 20:50 | 20:55 | 20:50 | 21:05 | नंगल डैम | 05:22 | 05:28 | 05:22 | 05:28 |
| 21:20 | ---- | 21:21 | 21:23 | ऊना हिमाचल | ---- | 05:05 | 05:00 | 05:05 |
| ---- | ---- | 21:48 | 21:50 | अम्ब अंदौरा | ---- | ---- | 04:30 | 04:32 |
| ---- | ---- | 22:15 | ---- | दौलतपुर चौक | ---- | ---- | ---- | 04:15 |

विस्तारित रूट पर सेवा प्रारंभ की तिथियाँ: 12057 नई दिल्ली से प्रतिदिन 25.08.2023 से एवं 12058 दौलतपुर चौक से प्रतिदिन दिनांक 26.08.2023 से।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी जानकारी के लिए दूरभाष सं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 • रेलमदद वेबसाइट: www.railmadad.indianrailways.gov.in देखें एवं रेलमदद ऐप डाउनलोड करें।

आज़ादी का अमृत महोत्सव | उत्तर रेलवे हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ पर हमें फॉलो करें

# कैपिटल ज़ोन

उवाच

"ने बताया कि एनसीआरटीसी का यह कार्यक्रम, आधुनिक किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों के विषय में जागरुक करने, इनमें उनके कौशल को विकसित करने और प्रशिक्षण प्रदान करने की एक पहल है। इस कार्यक्रम में कृषि वैज्ञानिकों ने हाइड्रोपोनिक्स जैसी आधुनिक कृषि तकनीक और संरक्षित कृषि कौशल के बारे में प्रशिक्षण प्रदान किया है।

**पुनीत वत्स, एनसीआरटसी प्रवक्ता**

## सीईओ ने किया लेखा विभाग का निरीक्षण, दिए दिशा निर्देश



- जल स्तर बढ़ाने के लिए बनाए जाए नए रैनीवेल
- एसटीपी निरीक्षण के बाद किया पौधारोपण

**नोएडा,** 22 अगस्त (देशबन्धु)। प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम ने अपने ही वित्त विभाग के अन्तर्गत केंद्रीय लेखा विभाग का निरीक्षण किया। यहां किए जाने वाले कार्य और भुगतान की जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने नागरिकों को समुचित जलापूर्ति उपलब्ध कराने के लिए रैनीवेल संख्या-3 व 9 का निरीक्षण किया गया।

सीईओ ने वित्त विभाग में संविदाकारों को हो रहे भुगतान की प्रक्रिया की समीक्षा की गई। इस संबंध में माप पुस्तिका (एमबी) पर कार्यों के अंकन से लेकर भुगतान तक की प्रक्रिया की विस्तृत रूप से जानकारी ली गई। उनके द्वारा पीआईएमएस पर बिलों को अपलोड किये जाने से लेकर भुगतान तक की प्रक्रिया को भी देखा गया। निर्देश दिए गए कि जितने बिल प्रस्तुत हों उनका परीक्षण करते हुए समय से भुगतान किया जाए। यह भी निर्देशित किया गया कि निविदा कार्य समाप्ति की निर्धारित तिथि के बाद 3 माह के अंदर उस कार्य का अंतिम बिल का भुगतान किया जाए। भुगतान के बाद उक्त कार्य अनुबंध को बंद किया जा सके। साथ ही निर्देश दिए गए कि कार्यों की गुणवत्ता को संबंधित विभाग सुनिश्चित करें और संतुष्ट होने के उपरान्त ही बिलों को भुगतान प्रस्तुत किया जाए। इसके बाद रेनीवेल संख्या-3 व 9 का निरीक्षण किया गया। वर्तमान में रैनीवेल संख्या-9 से जलापूर्ति प्रदान की जा रही है वहीं अक्रियाशील छह रैनीवेल का सुदृढ़ीकरण का कार्य करते हुए उसको निर्धारित सीमा में पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। नोएडा क्षेत्र में गिरते भूगर्भ जलस्तर को देखते हुए और रैनीवेल का निर्माण कराने के निर्देश दिए गए।

इसके बाद सेक्टर-168 में स्थित एसटीपी का निरीक्षण भी किया गया। इससे प्राप्त होने स्डज को वैज्ञानिक रूप से उपयोग करने के लिए कहा गया। शोधित जल की मात्रा को अधिकतम उपयोग में लाने के लिए भी कार्य योजना तैयार करने के लिए निर्देशित किया गया। यहां पौधारोपण भी किया गया।

## 1.86 करोड़ की लागत से तैयार किया गया वाटर फॉल

**नोएडा,** 22 अगस्त (देशबन्धु)। जी-20 सम्मेलन को लेकर शहर को सजाने सवांरने का काम किया जा रहा है। हालांकि ये अभी कंफर्म नहीं है कि जी-20 की होने वाली बैठक ग्रेटरनोएडा में होगी या दिल्ली। लेकिन प्राधिकरण कोई कोर कसर नहीं छोड़ना चाहता। इसके लिए महामाया फ्लाईओवर के पास प्राधिकरण ने वाटर फाल बनाया है। रात में इसकी सुंदरता देखते बनती है। इसे बहते हुए झरने की शेप दिया गया है साथ ही इसके बीच में बौद्ध स्तूपा बनाया गया है।



प्राधिकरण ने इस फॉल का नाम सुल फुल फॉल नाम दिया है। ये अपने आप में एक अनोखी डिजाइन है। इस डिजाइन के वॉटर फॉल देखने को नहीं मिलते। ऐसे में नोएडा ग्रेटरनोएडा एक्सप्रेस वे से दिलली जाने वाले लोगों के लिए ये आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। प्राधिकरण अधिकारी ने बताया कि इस फॉल की टेस्टिंग की जा रही है। इसके निर्माण में करीब 1.86 करोड़ रुपए खर्च किए गए। इसे तीन महीने में बनाकर तैयार किया गया है।

इसके अलावा नोएडा-ग्रेटरनोएडा एक्सप्रेस वे पर देशभक्तों की एक गैलरी बनाई जा रही है। इस गैलरी मे भगत सिंह, रानी लक्ष्मी बाई की स्ल्पचर और उनके सिद्धांतों को लिखा जाएगा। इसके अलावा नोएडा एंट्री पॉइंट पर गौतमबुद्ध की संदेश देती मूर्ति और सर्किल गार्डन आदि बनाए गए है। वहीं एक्सप्रेस वे पर जी-20 का स्कल्चर लगाया जाएगा।

## ग्रामीणों ने बिजली घर को घेरा, पंचायत कर रखी मांग



**नोएडा,** 22 अगस्त (देशबन्धु)। बिजली की समस्या और लचर इन्फ्रास्ट्रक्चर की मार झेल रहे गेझा, नंगली वाजिदपुर और शाहपुर गोवर्धन पुर के निवासियों ने सेक्टर-108 बिजली घर का घेराव किया। यहां एसडीओ कपिल मुनि शर्मा और जेई धर्मेंद्र चौधरी को तीन घंटे तक ऑफिस से बाहर नहीं जाने दिया गया। यहां निवासियों ने पंचायत की। जिसके बाद एक्सईएन शशांक शेखर पंचायत में पहुंचे।

ग्रामीण सुधीर चौहान ने बताया कि इन तीनों गांव में 10-15 साल पहले बिजली की केबल और कुछ लोहे के पोल लगाए गए थे। ये पूरी तरीके से अब जर्जर हो चुके हैं। जगह-जगह आए दिन बिजली की जर्जर केबिल में फाल्ट होकर टूट रहे है। जिससे कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। विभाग के अधिकारियों से कई बार पुरानी केबल को बदलने के लिए और जर्जर पोलो को गांव से हटाकर सीमेंट के पोल लगाने की मांग की जा रही है। लेकिन बिजली विभाग सुनने के लिए तैयार नहीं है।

अशोक चौहान ने बताया कि गांव नंगली वाजिदपुर का एक ट्रांसफॉर्मर जल गया है। इस कारण सुबह 4.00 बजे से ही गांव के एक हिस्से में बिजली नहीं है। गांव में निरंतर बिजली के कनेक्शन की संख्या बढ़ती जा रही है। लोड के हिसाब से ट्रांसफार्मरों की क्षमता नहीं बढ़ाई जा रही। इससे आए दिन ट्रांसफॉर्मर फूंक जाते हैं। गांव के ट्रांसफार्मरों का लोड भी बढ़ाया जाए। वहीं अन्य गांवों की समस्याओं का निपटारा किया जाएगा।

गौतम अवाना ने बताया कि गेझा गांव में रात 2.00 बजे तक बिजली नहीं थी क्योंकि जर्जर केबल तीन जगह से जलकर टूट गई। बिजली विभाग के एक्सईएन शशांक शेखर ने किसानों से कहा कि गेझा के लिए दो ट्रांसफॉर्मर लगाने के लिए विभाग से कार्य कराऊंगा और कल सुबह से गेझा गांव में जर्जर बिजली के तारों को बदलने का कार्य शुरू हो जाएगा।

### सार संक्षेप

#### आजाद पब्लिक स्कूल में छात्र-छात्राओं ने की चंद्रयान-3 की सफलता की कामना

**बुलंदशहर।** मंगलवार को आजाद पब्लिक स्कूल में छात्र एवं छात्राओं द्वारा चंद्रयान-3 का मॉडल बनाया और चंद्रयान-3 मॉडल की पूजा अर्चना की। चंद्रयान-3 एक बिना-चालक चंद्रमा अन्वेषण मिशन है जिसे भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने विकसित किया है। इसका मुख्य उद्देश्य चंद्रमा की सतह और उसके संरचना का अध्ययन करना है चंद्रयान-3 कल दिनांक 23.08.2023 को चंद्रमा की सतह पर सॉफ्ट लैंडिग करेगा। आजाद पब्लिक स्कूल के सभी धर्मों के छात्र एवं छात्राओं ने मिलकर पूजा-अर्चना की। जिसका उद्देश्य चंद्रमा की सतह पर उसके रोवर को सॉफ्ट लैंडिग कर सके। सॉफ्ट लैंडिंग की सफलता सटीक गणनाओं, नेविगेषन और इंजीनियरिंग पर निर्भर करती है ताकि यातायातयंग की वेग और स्थिति को सावधानीपूर्वक नियंत्रित किया जा सके। चंद्रयान-3 की सॉफ्ट लैंडिंग की कोषिष चंद्रमा की सतह की संरचना और भूगोल की हमारी समझ में योगदान करने की दिषा में है। जिसे नजदीक से अध्ययन किया जाता है।



#### गैंगस्टर एक्ट में वांछित दो बदमाश गिरफ्तार

**नोएडा।** सेक्टर-24 पुलिस ने दिल्ली-एनसीआर में लोगों से फोन छीनकर भागने वाले दो बदमाशों को मंगलवार को गिरफ्तार किया। दोनों गैंगस्टर एक्ट के मामले में वांछित थे। उनके पास से दो चाकू बरामद हुए हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि बीते दिसम्बर 2022 में थाना क्षेत्र से सात फोन चोरी करने के मामले में आरोपी गौरव और ऋषभ निवासी गाजियाबाद को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। आरोपी जमानत पर छूटने के बाद से शहर में फिर से चोरी और लूट की वारदात को अंजाम देने लग गए थे। इसके बाद आरोपियों ने अपने कई अन्य साथियों के साथ मिलकर कई घटनाओं को अंजाम दिया। पुलिस की एक टीम दोनों की तलाश में जुटी थी। पुलिस को सूचना मिली कि सेक्टर-11 के पास से दोनों को गिरफ्तार किया गया है। दोनों के खिलाफ शहर में चोरी और लूट के 12 से अधिक मामले दर्ज हैं।

#### चार साल के बच्चे का चौथी मंजिल से पैर फिसला, मौत

**नोएडा।** छिजारसी कॉलोनी में चार वर्षीय बच्ची सोमवार शाम पैर फिसलने से चौथी मंजिल से गिर गई। गंभीर रूप से घायल बच्ची को परिजन नजदीक के निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल प्रबंधन ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। थाना प्रभारी ने बताया कि छिजारसी कॉलोनी में रहने वाली चार वर्षीय बच्ची कंचन शाम को अपने घर की छत पर खेल रही थी। मां भी बच्ची के पास ही थी। अचानक से बच्ची का पैर फिसल गया और वह नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। चीख सुनकर मां समेत अन्य लोग नीचे आए और आनन-फानन में बच्ची को अस्पताल लेकर पहुंचे। कुछ समय बाद ही उसकी मौत हो गई।

## पहले वकील हायर किया फिर सोनिया आई भारत

- फोटो के जरिए शादी के दिए सबूत
- पूछताछ में सौरभ बोला जबरन कराया गया धर्मांतरण

**नोएडा,** 22 अगस्त (देशबन्धु)। बांग्लादेश से एक साल के बच्चे के साथ नोएडा आई सोनिया अख्तर ने पुलिस को अपनी शादी के सबूत दिखाए। वह पूरी प्लानिंग के साथ भारत आई। उन्होंने पहले वकील हायर किए उसके बाद पूरे दस्तावेजों के भारत आई। इसके बाद वकील के जरि ही उन्होंने महिला थाना पुलिस से सौरभ कांत तिवारी की शिकायत की। सोनिया के वकील ने बताया कि 2017 में सौरभ तिवारी नोएडा से बांग्लादेश जॉब पर गए थे। वहां सोनिया और सौरभ की मुलाकात हुई। इसके बाद दोस्ती हुई सौरभ ने सोनिया को प्रपोजल दिया। उन्होंने सोनिया को बताया था कि उनकी पहली पत्नी की मौत हो चुकी है। इसके बाद कानूनी रूप से धर्म बदला और दोनों ने निकाह किया। दिसम्बर 2022 को सौरभ वापस भारत आ गए। इसके बाद से उन्होंने सोनिया का फोन उठाना बंद कर दिया। 1 मई 2023 को सोनिया ने हमसे संपर्क किया तब मैने कहा कि आप पूरे डाक्यूमेंट के साथ भारत आए। 3 अगस्त को सोनिया भारत आई। इसके बाद से सौरभ से मिलने का प्रयास कर रही है। सोनिया के वकील ने बताया कि उनकी सिर्फ एक मांग है कि वो उन्हें अपनी पत्नी स्वीकार कर ले। उनका एक साल का बच्चा है।



**सोनिया व सौरभ के फोटोग्राफ आए सामने**

इसके बाद वकीलो ने उनके कुछ फोटोग्राफ और पर्यटक स्थलों के फोटो भी दिखाए। सोनिया ने दावा किया कि एक साल का बच्चा सौरभ कांत तिवारी का है। पूछताछ के बाद सौरभ कांत ने कहा महिला और उसके परिवार ने HONEYTRAP किया जा रहा है। बांग्लादेश में उसके साथ जबरदस्ती मारपीट की गई। जबरदस्ती निकाह के कागजों पर साइन कराए गया। महिला के आरोप निराधार है। परिवार और महिला ने प्लान कर मुझे फंसाया। बांग्लादेश कोर्ट में मैंने तलाक के लिए याचिका दायर की हुई है। फैसला आने का इंतजार है। उन्होंने काउसलिंग के दौरान बताया कि सोनिया ने एक करोड़ की डिमांड की थी जिसे मै नहीं पाया इसलिए वो ऐसा कर रही है। कोविड की वजह से मैं भारत नहीं आ पाया। ये मेरे घर में आने लगे मेरे पूजा पाठ पर रोक लगाने लगी। सोनिया और उसके परिवार के लोग मार पिटाई करते। नमाज पढ़ने के लिए कहते। मैने अपनी पत्नी को को वापस भारत आ गया। इन्होंने 1400 लोगों को कॉन्टैक्ट किया। इनके पास शादी का दस्तावेज बनाया था जो इस्लाम रीति से बनाया गया। जब ये यहां आ गई तो मैंने डिवोर्स का केस फाइल किया है जो मेरी तरफ से किया गया है।

**शादी की फोटो देखकर लगा जबरन कराया गया निकाह**

जांच पड़ताल में सोनिया की ओर से जो फोटो दिखाए गए उससे ये जाहिर हो रहा है कि ये फोटो जानबूझ कर या जबरन खिंचवाएं गए हो। वहीं कोर्ट में तलाक की अर्जी देने के बाद सोनिया ने उससे एक करोड़ रुपए की मांग की थी। फिलहाल जांच के बाद ही पूरा मामला सामने आएगा। जब तक जांच पूरी नहीं होगी तब तक सोनिया पुलिस सुरक्षा में ही रहेगी।

## कस्टमर केयर कर्मचारी बनकर महिला चिकित्सक के खाते से निकाले 10 लाख

**नोएडा,** 22 अगस्त (देशबन्धु)। साइबर अपराधी ने कस्टमर केयर कर्मचारी बनकर महिला चिकित्सक से 10 लाख रुपए ऐंठ लिए। चिकित्सक की शिकायत पर साइबर क्राइम थाने की टीम ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। छह बार में खाते से रकम निकाली गई।

नोएडा एक्सटेंशन निवासी डॉ.मोनिका सक्सेना ने बताया कि वह शारदा अस्पताल में चिकित्सक हैं। उनका निजी बैंक में सैलरी अकाउंट है। मोनिका हमेशा नेट बैंकिंग का इस्तेमाल करती हैं। बीते दिनों नेट बैंकिंग में तकनीकी दिक्कत आने पर उन्होंने कस्टमर केयर पर कॉल की। दोबार कॉल नहीं लगी। तीसरी बार जब वह कॉल करने जा रही थीं, तभी उनके मोबाइल पर एक कॉल आई। कॉलर ने खुद को कस्टमर केयर का कर्मचारी बताते हुए ब्रांच और बैंक संबंधी जानकारी देने के लिए कहा। महिला ने जब नेट बैंकिंग संबंधी परेशानी बताई तो कॉलर ने कुछ ही समय में परेशानी दूर करने की बात कही। जानकारी साझा करने के दौरान ही महिला को चार मैसेज अलर्ट मोबाइल पर मिले, जिसमें पांच लाख रुपये खाते से निकलने की जानकारी थी। इसके बारे में पूछने पर जालसाज ने महिला को बताया कि खाते से रकम निकली नहीं है ब्लकि हाइड हो गई है। कुछ समय के भीतर ही पांच लाख रुपये महिला के खाते में वापस आने की बात जालसाज ने कही। इंप्लाई आईडी, मोबाइल नंबर और ऑफिस का पता पूछने पर आरोपी ने बताया कि उसका दफ्तर सेक्टर-18 में है। इसके बाद महिला के खाते से पांच लाख रुपये और निकल गए।

## किसानों को आधुनिक कृषि के तरीके सिखा रहा एनसीआरटीसी

**गाजियाबाद,** 22 अगस्त (देशबन्धु)। एनसीआरटीसी गाजियाबाद और मेरठ जिलों में किसानों को आधुनिक कृषि के नए तरीके सिखाने के लिए कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन कर रहा है। इसके लिए कृषि विशेषज्ञों की एक टीम के द्वारा इस इलाके के किसानों को आधुनिक कृषि के नए तौर तरीके सिखाए जा रहे हैं। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम पहले चरण में गाजियाबाद और मेरठ जिले के भूड़ बराल, खादराबाद, नंगला मूसा, असालत नगर, काकरा, साहपुर, सारा, कनौजा, सिकरीकुर्ट आदि गांव में आयोजित किया गया है। एनसीआरटसी के प्रवक्ता पुनीत वत्स ने बताया कि एनसीआरटीसी का यह कार्यक्रम, आधुनिक किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों के विषय में जागरुक करने, इनमें उनके कौशल को विकसित करने और प्रशिक्षण प्रदान करने की एक पहल है। इस कार्यक्रम में कृषि वैज्ञानिकों ने हाइड्रोपोनिक्स जैसी आधुनिक कृषि तकनीक और संरक्षित कृषि कौशल के बारे में प्रशिक्षण प्रदान किया है। हाईड्रोपोनिक्स या जल संवर्धन कृषि एक ऐसी तकनीक है, जिसमें फसलों को खेत में उगाए जाने के बजाए, केवल पानी और पोषक तत्वों की सहायता से से उगाया जाता है। इसे 'जलीय कृषि' भी कहते हैं। कृषि की यह तकनीक पर्यावरण अनुकूल होती है। इस तकनीक से उगाए गई फसलों को कम पानी की जरूरत होती है, जिससे पानी की बचत होती है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान किसानों को यह भी सिखाया गया कि हाइड्रोपोनिक्स और संरक्षित खेती के प्रशिक्षण से उनकी आय में किस प्रकार वृद्धि होगी। पारंपरिक कृषि के लिए किसान मौसम पर निर्भर रहते हैं। ऐसे में किसी भी विपरीत जलवायु में फसल खराब हो जाने का ख़तरा रहता है। यह आधुनिक तकनीक खराब मौसम के कारण होने वाले नुकसान को भी कम करती है।



प्रशिक्षण कार्यक्रमों की इसी श्रृंखला में, दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर के आसपास बसे लगभग 52 गांवों के लगभग 1500 किसानों के लिए 104 प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए जाएंगे। जिनके माध्यम से इन सभी किसानों को कौशल विकास कार्यक्रम का लाभ मिलेगा।

वर्तमान में दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ कॉरिडोर का कार्य तेजी से प्रगति कर रहा है। एनसीआरटीसी का लक्ष्य है कि 2025 तक पूरे कॉरिडोर को परिचालित कर दिया जाए। उससे पहले 17 किमी लंबे प्राथमिक खंड को इसी वर्ष जल्द ही जनता के लिए खोल दिया जाएगा।

अपर निदेशक व मंडलीय सर्विलांस अधिकारी ने की डेंगू रोकथाम की समीक्षा

## मच्छर जनित बीमारियों पर काबू पाने के लिए जन जागरूकता जरूरी : डॉ. अर्चना त्यागी



**गाजियाबाद,** 22 अगस्त (देशबन्धु)। जनपद में डेंगू को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने सर्विलांस गतिविधियां तेज कर दी हैं। जिले में मच्छरों की ब्रीडिंग रोकने के लिए चल रही सर्विलांस गतिविधियों की समीक्षा करने के लिए मंगलवार को अपर निदेशक (स्वास्थ्य) डॉ. अर्चना त्यागी और संयुक्त निदेशक (स्वास्थ्य) एवं मंडलीय सर्विलांस अधिकारी डॉ. अशोक तालियान गाजियाबाद पहुंचे। दोनों अधिकारियों ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) कार्यालय में जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ. आरके गुप्ता और जिला मलेरिया अधिकारी जीके मिश्रा से जिले में चल रही गतिविधियों की जानकारी ली और सर्विलांस गतिविधियां बढ़ाने के साथ ही डोमेस्टिक ब्रीडिंग चेकर (डीबीसी) की निगरानी बढ़ाने के साथ ही सामुदायिक गतिविधियां बढ़ाने के निर्देश दिए।

अपर निदेशक (एडी) डॉ. अर्चना त्यागी ने निर्देश दिए हैं कि मच्छरों की ब्रीडिंग रोकने के लिए नवम्बर माह तक लगातार सर्विलांस गतिविधियां आयोजित की जाएं। डॉ. त्यागी ने कहा कि मच्छर जनित बीमारियों पर जन-जागरूकता के जरिए ही काबू पाया जा सकता है, जन जागरूकता के लिए सामुदायिक गतिविधियां बढ़ाई जाएं। आरडब्ल्यूए के साथ तालमेल कर सोसायटी में जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाए। विभाग का प्रयास होना चाहिए ब्रीडिंग रोकने के लिए मच्छरों के अंडे और लार्वा की स्थिति तक पहुंचते - पहुंचते लार्वा के स्रोत नष्ट कर दिए जाएं। उन्होंने कहा कि डीबीसी की निगरानी के लिए एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाते हुए उन्हें और मंडलीय सर्विलांस अधिकारी को भी उसमें जोड़ा जाए ताकि दिशा-निर्देश सीधे निचले स्तर तक पहुंच सकें। साथ ही गतिविधियों की निगरानी भी होती रहे।

संयुक्त निदेशक (जेडी) और मंडलीय सर्विलांस अधिकारी डॉ. अशोक तालियान ने निर्देश दिए हैं कि जिले में कार्य कर रहे 250 डीबीसी के पांच बैच बनाकर हर सप्ताह एक कार्यशाला का आयोजन किया जाए। कार्यशाला के दौरान डीबीसी को बताया जाए कि ब्रीडिंग के स्रोत क्या-क्या हो सकते हैं। डीबीसी उन्हें खुद चेक करें और साथ ही नागरिकों को इस बारे में बताते भी चलें। डीबीसी द्वारा किए गए कार्य की सराहना करें ताकि उनका उत्साहवर्धन हो सके। सामुदायिक गतिविधियां आयोजित करने के लिए आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों से उनकी सुविधा के मुताबिक समय निर्धारित करें, ताकि अधिक से अधिक लोग सोसायटी में मिल सकें।

## किसी भी सफाई कर्मचारी को न हो कोई समस्या, अधिकारी रखें ध्यान : भगवत प्रसाद



- लोनी क्षेत्र में सफाईकर्मियों की मृत्यु के जांच के आदेश

**गाजियाबाद,** 22 अगस्त (देशबन्धु)। यहां महात्मा गांधी सभागार, कलेक्ट्रेट में सदस्य सेन्ट्रल मॉनिटरिंग कमेटी, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार की बैठक मंगलवार को हुई। बैठक में कमेटी के सदस्य भगवत प्रसाद मकवाना ने कहा कि किसी भी सफाई कर्मी को कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। अधिकारियों को इसका ध्यान रखना होगा।

बैठक में मकवाना ने कोरोना काल सहित अन्य के दौरान सफाई कर्मचारियों की मृत्यु होने पर उन्हें मिलने वाले मुआवजा के बारे में जाना। जिसमें उन्होंने पाया कि लगभग सभी को प्रशासन द्वारा समय पर मुआवजा दिया गया और जिन लोगों को नहीं दिया गया है उसके बारे में जानकारी लेते हुए आदेश दिये कि उन्हें भी जल्द से जल्द मुआवजा दिलाया जाए। उन्होंने सरकार द्वारा चलाई जा रहे शौचालय योजना के बारे में जाना, जिसमें पाया गया कि जनपद में नए शौचालय बनवाने के लिए कोई भी आवेदन नहीं आ रहे हैं। मकवाना ने कहा कि सफाईकर्मी की ड्यूटी के दौरान होने वाली मृत्यु की पुलिस प्राथमिकता के साथ रिर्पोट दर्ज कर जांच करें। उन्होंने मोदीनगर शूगर मिल, गाजियाबाद, लोनी क्षेत्र में सफाईकर्मियों की मृत्यु पर अफसोस जाहिर करते हुए जांच के आदेश दिए और उनके परिवारजनों को त्वरित कार्रवाई करते हुए मुआवजा दिये जाने के आदेश दिए। उन्होंने सफाई ठेकेदारों सहित सम्बंधित कंपनियों को आदेश दिए कि वे सफाईकर्मियों की सुरक्षा हेतु सुरक्षा कीट से सम्बंधित सभी उपकरण दें और उन्हें ट्रेनिंग भी दें ताकि किसी भी प्रकार की कोई भी दुर्घटना ना हो सके।

भगवत प्रसाद मकवाना ने सफाईकर्मियों के ईपीएफ, ईएसआई, हेल्थ चैकअप सहित उनसे सम्बंधित योजनाओं के अन्तर्गत आने वाले विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे लोग नगर स्वास्थ्य अधिकारी के माध्यम से सफाई निरीक्षकों एवं हेल्प डेस्क तथा कैंप लगाकर सभी को भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में जागरूक करें और उन्हें योजनाओं से लाभान्वित करें।

बैठक में एडीएम सिटी गम्भीर सिंह, एडीएम ई रणविजय सिंह, अपर नगर आयुक्त अरूण यादव, जिला विकास अधिकारी राम उदरेज यादव, डीपीआरओ प्रदीप द्विवेदी, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.मिथिलेश मौजूद रहे।

## महिला की हत्याकर शव को रजवाहे में फेंकने के मामले में महिला समेत दो गिरफ्तार




**गाजियाबाद,** 22 अगस्त (देशबन्धु)। स्वाट टीम ग्रामीण एवं थाना वेव सिटी पुलिस ने पिंकी नामक एक महिला की सनसनीखेज हत्या का खुलासा मंगलवार को कर दिया। पुलिस ने इस हत्याकांड को अंजाम देने वाले दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। जिसमे एक महिला भी शामिल है। पुलिस ने आरोपितों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त होंडा सिटी बरामद की है। पिंकी की हत्या समाज में बदनामी होने से परेशान होकर उसकी भाभी ने कराई। 20 अगस्त को थाना वेव सिटी क्षेत्र मे एक्जुकेटिव फ्लोर के पीछे छोटी नहर मे एक अज्ञात युवती की लाश मिली थी। जिसकी मौके पर मृतका की पहचान भाभी सुमन यादव तथा भाई टिन्कू ने पिंकी पत्नी सौरभ निवासी भिरौडी थाना चोला बुलंदशहर के रूप में की थी। साथ ही मृतका पिंकी की हत्या कर नहर में फेकंने तथा साक्ष्य को मिटाने के सम्बन्ध में राकेश यादव, सुमन यादव, नन्हे उर्फ बृजेश, मनोज उर्फ खडगू के विरूद्ध तहरीर दी गई। तहरीर के आधार पर थाना विजयनगर पर राकेश यादव आदि के विरूद्ध पंजीकृत किया गया। साक्ष्य संकलन करते हुए नामजद अभियुक्त राकेश यादव निवासी ग्राम बाजिदपुर थाना सेक्टर-63 गौतमबुद्धनगर तथा अभियुक्ता सुमन यादव पत्नी डिम्पल गुप्ता निवासी ग्राम पनहैरा थाना पाली मुकीमपुर जिला अलीगढ को गिरफ्तार किया गया।

उवाच

आधुनिक उत्तर प्रदेश की झलक दिखाने के लिए इससे बढ़िया प्लेटफॉर्म नहीं हो सकता। इसलिए पश्चिमी उत्तर प्रदेश हो या फिर, पूर्वांचल, अवध क्षेत्र हो या फिर ब्रज क्षेत्र, सभी जगहों की सामाजिक व सांस्कृतिक विरासत, खान-पान, वेश-भूषा, पर्यटन व प्रमुख उत्पादों की प्रस्तुति इस इंटरनेशनल ट्रेड फेयर में दिखनी चाहिए।

**रवि कुमार, एनजी सीईओ**

# कैपिटल ज़ोन

## ट्रेड फेयर में दिखेगी उप्र के सांस्कृतिक विरासत की झलक



- 21 से 25 सितम्बर के बीच होगा आयोजन, प्रदेश का पहला इंटरनेशनल ट्रेड फेयर
- तैयारियों के लिए ग्रेनो प्राधिकरण के सीईओ ने सभी संबंधित महकमों संग की बैठक

**ग्रेटर नोएडा,** 22 अगस्त (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश का पहला इंटरनेशनल ट्रेड फेयर ग्रेटर नोएडा के एक्सपो मार्ट में 21 से 25 सितम्बर के बीच आयोजित होगा। इस ट्रेड फेयर में प्रदेश की सामाजिक व सांस्कृतिक विरासत, खान-पान, वेश-भूषा, पर्यटन व प्रमुख उत्पादों की झलक देखने को मिलेगी। मंगलवार को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह, जिलाधिकारी मनीष वर्मा, ईपीसीएच के चेयरमैन राकेश कुमार और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ आनंद वर्धन, ओएसडी सौम्य श्रीवास्तव समेत सभी वरिष्ठ अधिकारियों संग ग्रेटर नोएडा इंडिया एक्सपो मार्ट एंड सेंटर बैठक की और संबंधित महकमों को आवश्यक निर्देश दिए।

सीईओ एनजी रवि कुमार ने ईपीसीएच से कहा कि आधुनिक उत्तर प्रदेश की झलक दिखाने के लिए इससे बढ़िया प्लेटफॉर्म नहीं हो सकता। इसलिए पश्चिमी उत्तर प्रदेश हो या फिर, पूर्वांचल, अवध क्षेत्र हो या फिर ब्रज क्षेत्र, सभी जगहों की सामाजिक व सांस्कृतिक विरासत, खान-पान, वेश-भूषा, पर्यटन व प्रमुख उत्पादों की प्रस्तुति इस इंटरनेशनल ट्रेड फेयर में दिखनी चाहिए। अलग-अलग टीमें बनाकर इन लोगों से संपर्क करने और ट्रेड फेयर में हिस्सा लेने के लिए आमंत्रित करने को कहा है। सीईओ ने एनसीआर के सभी शिक्षण संस्थानों, जिनमें स्कूल, कॉलेज, विश्वविद्यालय सभी शामिल हैं, संपर्क करने को कहा है। नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गाजियाबाद व एनसीआर के अन्य शहरों की आरडब्ल्यूए व सामाजिक संगठनों को ट्रेड फेयर में बुलाने को कहा है। ट्रेड फेयर में जन सहभागिता के लिए सभी मेट्रो स्टेशनों, प्रमुख चौराहों व सार्वजनिक स्थलों पर होर्डिंग-बैनर लगाए जाएंगे। ट्रेड फेयर में नोएडा, ग्रेटर नोएडा व यमुना प्राधिकरण के खुद के स्टाल होंगे, जिन पर तीनों प्राधिकरणों की उपलब्धियां, वर्तमान में चल रहे प्रोजेक्ट व भावी परियोजनाओं के बारे में जानकारी साझा की जाएगी। ट्रेड फेयर के दौरान लोक कलाकार प्रतिदिन सांस्कृतिक विरासत से जुड़ी कलाओं को प्रदर्शित करेंगे। सीईओ ने ट्रेड फेयर से युवाओं को जोड़ने पर विशेष जोर दिया है। ट्रेड फेयर में हिस्सा लेने के लिए प्रदेश भर से उद्यमियों व व्यापारिक संगठनों को भी आमंत्रित किया जाएगा। मंगलवार को बैठक में मेहमानों के ठहराने, सुरक्षा, परिवहन, ट्रैफिक व्यवस्था आदि विषयों पर भी चर्चा की गई।

## सेक्टरों के कूड़े से तैयार हो रहा है गैस व डीजल





- ग्रेनो प्राधिकरण के सहयोग से ब्लू प्लेनेट एशिया एकत्रित 90 प्रतिशत कूड़े का कर रहा है उपयोग
- शहर के सेक्टरों से प्रतिदिन 10 से 11 टन कूड़े को किया जाता है एकत्रित
- आर्गेनिक वेस्ट से बायोगैस, प्लास्टिक से तैयार हो रहा है डीजल तेल
- अभी गैस का उपयोग कूड़ा एकत्रित करने वाले वाहनों में हो रहा है उपयोग

**ग्रेटर नोएडा,** 22 अगस्त (देशबन्धु)। स्मार्ट सिटी में अगर कूड़े की प्रबंधन सही तरीके से न हो तो स्मार्ट सिटी कहना बेइमानी होगी। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सहयोग से कूड़े का स्थायी समाधान के लिए ब्लू प्लेनेट सिंगापुर बेस्ट कंपनी एशिया एनवायरनमेंटल सोल्युशन्स वेस्ट मैनेजमेन्ट के लिए सराहनीय कदम शुरु किया है, जिसका मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाल में ही उद्घाटन किया था। नॉलेज पार्क तीन में स्थापित प्लांट में ब्लू प्लेनेट व्यर्थ के संग्रहण से लेकर पृथक्करण एवं परिवहन तक पूरी प्रक्रिया में व्यर्थ प्रबन्धन के स्थायी समाधान कराती है।

अपने आधुनिक मॉडल के जरिए कंपनी स्रोत पर ही व्यर्थ का एक्सक्लुजिव एक्सेस पाकर, व्यर्थ के प्रभावी प्रबंधन, प्रसंस्करण एवं अपसायक्लिंग को करती है। इस सुविधा में संग्रहण, आधुनिक प्रसंस्करण, प्रभावी परिवहन शामिल है, जो व्यर्थ प्रबन्धन की चुनौतियों को हल करने के लिए व्यापक समाधान उपलब्ध कराते हैं। यह यूनिट पर्यावरणी सस्याओं को हल कर सार्वजनिक-निजी भागीदारी के महत्व पर जोर देती है। ब्लू प्लेनेट एशिया का यह प्लांट टीमवर्क के साथ आधुनिक मॉडल पर काम करता है जो भारत में व्यर्थ प्रबन्धन को नया आयाम देते हुए स्वच्छ उर्जा एवं स्वस्थ समुदायों का मार्ग प्रशस्त करता है।

ब्लू प्लेनेट के सह-संस्थापक एवं सीईओ प्रशांत सिंह ने बात करते हुए कहा कि ग्रेटर नोएडा प्लांट भारत में व्यर्थ प्रबन्धन प्रथाओं में क्रान्तिकारी बदलाव लाने की हमारे समर्पण की पुष्टि करता है। आधुनिक टेक्नोलॉजी एवं स्थायी प्रक्रियाओं के माध्यम से हम स्वच्छ एवं हरित पर्यावरण के निर्माण में योगदान देना चाहते हैं। यह प्लांट स्थायी भविष्य के लिए हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। प्लांट की स्थापना जीएनआईडीए के साथ साझेदारी में की गई। इस प्लांट में प्रति दिन 18 मीट्रिक टन व्यर्थ को प्रसंस्कृत करने की क्षमता है। यह यूनिट स्थायी ईंधन की आपूर्ति, व्यर्थ को बायोगैस एवं सीएनजी में रीसायकल करने की ब्लू प्लेनेट के नेतृत्व को दर्शाती है। इसके अलावा कंपनी की एमएसडब्ल्यू पहल के चलते कार्बन डाई ऑक्साईड के उत्सर्जन में कमी आई है, जो विश्वस्तरीय जलवायु लक्ष्यों के अनुरूप है।

### सार संक्षेप

### यमुना प्राधिकरण बोर्ड बैठक 9 सितम्बर को

**ग्रेटर नोएडा।** यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण की बोर्ड बैठक नौ सितम्बर को होगी। प्राधिकरण के नव नियुक्त चेयरमैन अनिल सागर बैठक की अध्यक्षता करेंगे। बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव रखे जाएंगे। इसमें किसानों की लीज बैक, संशोधित मास्टर प्लान समेत कई नीतिगत प्रस्ताव रखे जाने की उम्मीद है। प्राधिकरण के सभी विभाग अपने-अपने प्रस्ताव तैयार करने शुरू कर दिए हैं।

### डिस्ट्रिक्ट रोल बॉल चैम्पियनशिप में बच्चों ने जीते पदक



**ग्रेटर नोएडा।** डिस्ट्रिक्ट रोल बॉल चैंपियनशिप का आयोजन 21 और 22 अगस्त दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल ग्रेटर नोएडा में आयोजित किया गया, यह चैंपियनशिप गौतमबुध नगर डिस्ट्रिक रोल बॉल एसोसिएशन के द्वारा कराई गई। इस चैंपियनशिप में जेपी पब्लिक स्कूल नोएडा की बालक वर्ग अंडर 11 की टीम ने कांस्य पदक जीतकर अपने नाम किया। मेडल जीतने पर स्कूल की प्रिंसिपल अंजली मलिक और स्पोर्ट्स की एचओडी हिमांशी कुमारी ने बच्चों को बधाई दी अब इनमें से कुछ बच्चे स्टेट लेवल के लिए सिलेक्ट किए जाएंगे। स्केटिंग के कोच चरण सिंह ने बताया कि ग्रेटर नोएडा और नोएडा के काफी स्कूलों ने डिस्ट्रिक्ट चैंपियनशिप में हिस्सा लिया, जिसमें 28 टीम और लगभग 500 खिलाड़ी थे। अंडर-11 में पदक जीतने वालों में वरुण 4ए, अविरल सिंह 5 डी, लक्ष्य 3सी, दिविज 2बी, समाद खान 4ए, अमन खान 4बी ने कांस्य पदक जीता।

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उतर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

## यमुना प्राधिकरण की एमडीपी योजना को गुजरात में मिली सराहना

- मेडिकल डिवाइस पार्क में जापान, दक्षिण कोरिया और इजरायल की कंपनियों ने निवेश की दिखाई रूचि

**ग्रेटर नोएडा,** 22 अगस्त (देशबन्धु)। गुजरात में हुए 'इंडिया द फ्यूचर मेडटेक हब' कार्यक्रम में यमुना प्राधिकरण के मेडिकल डिवाइस पार्क में जापान, दक्षिण कोरिया और इजरायल की कंपनियों में खासी रुचि दिखाई है। यहां यीडा के मेडिकल डिवाइस पार्क की प्रगति की सराहना की गई। केंद्र सरकार के अफसरों ने अन्य राज्यों से भी इसी तरह एमडीपी में काम करने की बात कही। तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश और मध्य प्रदेश में मेडिकल डिवाइस पार्क विकसित किए जा रहे हैं। मेडिकल डिवाइस पार्क में निवेश के लिए केंद्र सरकार गुजरात के गांधीनगर में 17 से 19 अगस्त तक इंडिया द फ्यूचर मेडटेक हब कार्यक्रम किया। केंद्र सरकार के डिपार्टमेंट ऑफ फार्मास्युटिक की सचिव एस अपर्णा ने चारों राज्यों के मेडिकल डिवाइस पार्क के प्रजेंटेशन को देखा। अब तक सबसे अधिक काम यमुना प्राधिकरण के एमडीपी में हुए हैं। इसके लिए उन्हें यमुना प्राधिकरण की सराहना की। गांधी नगर में हुए कार्यक्रम में यमुना प्राधिरकण की ओर से एसीईओ कपिल सिंह और ओएसडी शैलेंद्र भाटिया शामिल हुए। यहां यमुना प्राधिकरण के एमडीपी के लगे स्टाल में देश विदेश की कंपनियों के प्रतिनिधि पहुंचे। जापान, दक्षिण कोरिया और इजरायल की मेडिकल उपकरण बनाने वाली कंपनियों में खासी रुचि दिखाई। उन्होंने यहां पर निवेश के लिए अपनी बात रखी है।

### एयरपोर्ट को जोड़ने दिल्ली मुंबई एक्सप्रेस वे के निर्माण में मुआवजे की बाधा दूर

**ग्रेटर नोएडा।** जेवर एयरपोर्ट को दिल्ली मुंबई एक्सप्रेस वे से जोड़ने के लिए किसानों को मुआवजे की अंतर धनराशि मिलने का रास्ता साफ हो गया है। शासन ने इसके लिए 48 करोड़ रुपए जारी कर दिए हैं। जल्द किसानों को पैसा मिलेगा।

जेवर एयरपोर्ट को दिल्ली मुंबई एक्सप्रेस वे से जोड़ने के लिए 31 किमी का नया एक्सप्रेस वे बनाया जा रहा है। इसके लिए गौतम बुद्ध नगर जिले में 65 हेक्टेयर जमीन ली गई है। किसानों को 2100 रुपए प्रति वर्ग मीटर की दर से मुआवजा दिया गया। किसान एयरपोर्ट के बराबर मुआवजा मांग रहे थे। शासन ने 3100 रुपए की दर से मुआवजा देने पर सहमति जता दी। इसके लिए शासन ने 48 करोड़ रुपए जारी कर दिए। अब किसानों को जल्द मुआवजे अंतरधनराशि मिल जाएगी।

## निधि लेखा परीक्षा की ऑडिट रिपोर्ट के सवालों की जांच शुरू

- स्थानीय निधि लेखा परीक्षा की ऑडिट रिपोर्ट में ग्रेनो प्राधिकरण में 11 अरब के नुकसान का उठाया है सवाल

**ग्रेटर नोएडा,** 22 अगस्त (देशबन्धु)। स्थानीय निधि लेखा परीक्षा की ऑडिट रिपोर्ट में उठाए गए सवालों को लेकर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने जांच शुरू कर दी है। अतिरिक्त एफएआर से हुए 11 अरब के नुकसान, सात माह में दो बार मरम्मत का कार्य कराने आदि के मामले में दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की तैयारी है। स्थानीय निधि लेखा परीक्षा की ऑडिट रिपोर्ट में ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण को लेकर कई चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। 2012-13 से 2015-16 तक की यह रिपोर्ट विधानसभा में रखी गई थी। इसमें प्राधिकरण के कार्यों को लेकर सवाल उठाए गए हैं। इस रिपोर्ट के आने के बाद ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण हरकत में आ गया। रिपोर्ट में बताए गए नुकसान के लिए कौन अधिकारी जिम्मेदार हैं। इसको लेकर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने जांच शुरू करा दी है। अधिकारियों का कहना है कि जांच रिपोर्ट में पता चल जाएगा कि किन अधिकारियों की वजह से नुकसान हुआ है। इस नुकसान की भरपाई किस तरह से की जाएगी। अब रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

## निर्माणधीन कंपनी में हंगामा, करीब लाखों रुपए बकाया नहीं चुकाने का आरोप

**दनकौर,** 22 अगस्त (देशबन्धु)। दनकौर क्षेत्र में स्थित एक निर्माणधीन कंपनी में मंगलवार को ठेकेदार और मजदूरों ने जमकर हंगामा किया। कंपनी के मुख्य गेट समेत अन्य स्थानों पर ट्रैक्टर लगाकर रास्ता जाम कर दिया। करीब 2 घंटे तक चले हंगामा के बाद अधिकारियों द्वारा आश्वासन देने पर लोग शांत हो सके। क्षेत्र में स्थित एक निर्माणधीन कंपनी द्वारा बिल्डिंग के निर्माण के लिए एक व्यक्ति को ठेका दिया गया था। बताया जाता है कि व्यक्ति द्वारा अन्य ठेकेदारों को भी अलग-अलग ठेका देकर कार्य शुरू करा दिया। वर्तमान में कंपनी का करीब 70 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। पीड़ित शकील का कहना है कि जिस बड़े ठेकेदार से उन्होंने ठेका लिया था। वह फरार हो गया है। इसके चलते करीब 10 छोटे ठेकेदारों के लगभग 80 लाख रुपए बकाया रह गए हैं। कंपनी में तैनात अधिकारियों से जब इस संबंध में शिकायत करते हैं तो वह मना कर देते है। बकाया धनराशि नहीं मिलने के कारण मजदूरों का भी भुगतान नहीं किया जा सका है। हंगामा के दौरान मौके पर पहुंचे कुछ अधिकारियों ने जल्द ही बकाया भुगतान करने का आश्वासन दिया गया है। पीड़ित लोगों का कहना है कि यदि आगामी 3 दिन में भुगतान नहीं हुआ तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

**ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

**भूखण्ड संख्या-01, सैक्टर नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नोएडा सिटी-201310 जिला-गौतमबुद्ध नगर।**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम सेक्टर-रोजा याकूबपुर की प्रस्तावित आबादी में आवंटित आवंटन संख्या-आर.ओ.जे.01237, भूखण्ड राख्या-245, क्षेत्रफल-790 वर्ग मीटर श्री विशम्बर पुत्र श्री शिव दयाल, निवासी-ग्राम-मिलक लच्छी, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में आवंटित किया गया था। आवंटी श्री विशम्बर पुत्र श्री शिव दयाल की मृत्यु के उपरात इनके वारिसानों सर्वश्री अजीत सिंह, प्रवीण कुमार, इन्द्रजीत सिंह पुत्रगण स्व० श्री विशम्बर, श्री जनक सिंह पुत्र स्व0 श्री राज सिंह पौत्र स्व० श्री विशम्बर, निवासी-ग्राम-मिलक लच्छी, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० द्वारा अपने पक्ष में नामांतरण करने हेतु नामांतरण प्रपत्र एवं शपथ-पत्र प्रस्तुत किये गये है। अतः इस नामांतरण के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखो में इनके वारिस सर्वश्री अजीत सिंह, प्रवीण कुमार, इन्द्रजीत सिंह पुत्रगण स्व० श्री विशम्बर, श्री जनक सिंह पुत्र स्व० श्री राज सिंह पौत्र स्व0 श्री विशम्बर, निवासी-ग्राम-मिलक लच्छी, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ0प्र0 के पक्ष में उक्त भूखण्ड नामांतरित कर दिया जायेगा।

प्रबन्धक (कृषक आबादी)
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

## नौजवानों ने जुलूस निकाल प्राधिकरण कार्यालय का किया घेराव

**ग्रेटर नोएडा,** 22 अगस्त (देशबन्धु)। किसान सभा की नौजवान कमेटी ने मंगलवार जैतपुर गांव गोल चक्कर से ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण कार्यालय तक जुलूस निकाला।



रोजगार की मांग को लेकर प्राधिकरण के दफ्तर का घेराव कर नारेबाजी की। प्राधिकरण के सीईओ और मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन प्राधिकरण के ओएसडी रजनीकांत को और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन एसडीएम सदर को सौंपा। नौजवानों की टीम प्राधिकरण पर धरनारत किसानों के साथ धरने पर बैठ गए। धरना प्रदर्शन ने किया। प्रशांत भाटी ने धरने को संबोधित करते हुए कहा कि रोजगार का सवाल सबसे महत्वपूर्ण सवाल है आज हम जिलाधिकारी के माध्यम से रोजगार पर प्राधिकरण स्तर पर अधिग्रहण से प्रभावित परिवारों के लिए नीति बनाए जाने को लेकर ज्ञापन सौंपा है। इसी तरह प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी को संबोधित रोजगार की नीति को बनाए जाने को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। नौजवानों के रोजगार के मुद्दे पर आयोजित धरने में बड़ी संख्या में किसान और महिलाएं भी शामिल रही धरने को जनवादी नौजवान सभा के राष्ट्रीय सचिव एच भट्टाचार्य, दिल्ली एनसीआर के सचिव अमन सैनी ने संबोधित किया। डॉ. रुपेश वर्मा ने कहा कि आज का धरना नौजवानों द्वारा नौजवानों के लिए रोजगार की मांग पर आयोजित किया गया है धरने के माध्यम से 3 सितम्बर 2010 के शासनादेश को लागू करने की मांग की जा रही है साथ ही नए अधिग्रहण कानून में भूमि अधिग्रहण से प्रभावित प्रत्येक बालिक सदस्य के रोजगार के प्रावधान को लागू करने की मांग की जा रही है। हम सभी चारों मांगो 10 फीसदी आबादी भूखंड रोजगार, भूमिहीनों का प्लाट और नए कानून को लागू करने की मांग को लेकर अड़े हुए हैं तथा चारों समस्याएं हल नहीं होगी धरना समाप्त नहीं होगा। जय जवान जय किसान संगठन के नेता सुनील फौजी ने कहा कि हम लगातार आंदोलन के साथ हैं आगे भी रहेंगे और मुद्दों को हल करवा कर ही दम लेंगे। नौजवान नेता मोहित यादव ने कहा लड़ाई नीतिगत फैसले को लेकर शुरू की गई है नौजवानों के लिए नीतिगत फैसला कराकर ही दम लेंगे किसी एक फैक्ट्री में रोजगार का सवाल हम लोग नहीं उठा रहे हैं प्रत्येक बालिग सदस्य को योग्यता के अनुसार सेवायोजित करने की अनिवार्य नीति बनाने की मांग हम लोग कर रहे हैं।

## भूगर्भ जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए लोगों को किया जाए जागरूक : जिलाधिकारी



- अवैध रूप से भूजल का दोहन करने वालों पर लगाए जुर्माना
- जुर्माना न जमा करने वालों की दोगुना होगी जुर्माने की राशि

**ग्रेटर नोएडा,** 22 अगस्त (देशबन्धु)। जिला भूगर्भ जल प्रबंधन समिति की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला मुख्यालय के सभागार में हुई। बैठक में भूगर्भ जल अधिकारी अंकित राय ने बताया कि विभागीय पोर्टल पर कुल 81 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिसमें जिला भूगर्भ जल प्रबंधन समिति के द्वारा 50 आवेदनों को स्वीकृत किया गया, 17 आवेदन को अस्वीकृत किया गया तथा 14 आवेदनों को राज्य प्राधिकरण को भेजा गया। जिलाधिकारी ने मनीष कुमार वर्मा ने भूजल का अधिकतम संरक्षण के लिए जिला स्तरीय टास्क फोर्स को निर्देशित किया कि अभी तक भूगर्भ जल प्रयोजन के लिए जारी हो चुके अनापत्ति प्रमाण पत्र के सापेक्ष औद्योगिक, इंफ्रास्ट्रक्चर, कामर्शियल तथा सामूहिक उपभोक्ताओं द्वारा भू जल संरक्षण एवं पुनर्भरण के लिए रूफटॉप रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का परिसर में निर्माण, तालाबों का जीर्णोद्धार के लिए की जा रही गतिविधियों के संबंध में सभी से रिपोर्ट प्राप्त की जाए और यदि अनापत्ति प्रमाण प्राप्त करने के बावजूद उनके द्वारा वाटर रिचार्ज को लेकर यदि कोई गतिविधि नहीं की जा रही तो संबंधित का अनापत्ति प्रमाण पत्र निरस्त की जाने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही रेजिडेंस सोसाइटी, अपार्टमेंट सरकारी भवनों, कार्यालय आदि में भी वाटर रिचार्ज स्ट्रक्चरों की स्थिति की गहन समीक्षा की जाए। जिलाधिकारी ने भूगर्भ विभाग के अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि भूगर्भ जल संरक्षण को और अधिक बढ़ावा देने के उद्देश्य से बड़ी-बड़ी औद्योगिक इकाइयों को भी तालाबों के पुनर्भरण एवं जीर्णोद्धार करने के लिए प्रोत्साहित किया जाए। भूजल दोहन के तहत जिनको 5-5 लाख रुपये के नोटिस जारी किए गए थे, परंतु जुर्माने की राशि का भुगतान नहीं किया गया है, उनके विरुद्ध जुर्माना की राशि का दोगुना करने की कार्रवाई की जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी जनार्दन सिंह, नोएडा/ग्रेटर नोएडा/यमुना विकास प्राधिकरण, उत्तर प्रदेश प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड, वन विभाग के अधिकारी गण उपस्थित रहे।

**ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

**भूखण्ड संख्या-01, सैक्टर नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नौएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर।**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम बिसरख जलालपुर, तहसील-दादरी, जिला-गौतमबुद्धनगर स्थित खसरा संख्या 430 क्षेत्रफल 5875 वर्ग मीटर के आबादी व्यवस्थापन/लीज बैक का निर्णय प्राधिकरण बोर्ड की 88वीं बैठक के मद संख्या-33 के क्रमांक-107 में तेजपाल पुत्र स्व0 मथुरा सिंह निवासी ग्राम के पक्ष में लिया गया है, जिसमें खातेदार तेजपाल पुत्र स्व० मथुरा सिंह निवासी ग्राम की मृत्यु के उपरान्त इनके वारिसान श्री उदयवीर सिंह पुत्र स्व0 श्री तेजपाल सिह व श्रीमती विनोद पत्नी स्व0 श्री देवेन्द्र सिंह व राहुल भाटी, अभिनव भाटी पुत्रगण स्व० देवेन्द्र सिंह व श्रीमती सुनीता देवी पत्नी स्व0 ज्ञानेन्द्र सिंह व गौरव भाटी, गोविन्द भाटी पुत्रगण स्व० ज्ञानेन्द्र सिंह निवासी ग्राम के पक्ष में नामान्तरण करने हेतु नामान्तरण प्रपत्र एवं शपथ पत्र प्रस्तुत किये गये है।
अतः इस नामान्तरण के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण के भूलेख अनुभाग में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में इनके नाम दर्ज किये जाने की कार्यवाही की जायेगी।

(रजनीकान्त)
विशेष कार्याधिकारी

**ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

**भूखण्ड संख्या-1, सैक्टर नॉलेज पार्क-4 ग्रेटर नौएडा जिला-गौतमबुद्धनगर, उ0प्र0**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि Plot No. C-417, Block-C, Super Area-248.60 sqm. Omaxe NRI City, Sector- Omega-II, Greater Noida जो कि Sh. Surinder Arora & Mr. Rajiv Arora & Mr. Varul Arora निवासी Plot No. C-417, Block-C, Super Area- Omaxe NRI City, Sector- Omega-II, Greater Noida के नाम पर उप निबंधन कार्यालय, सदर गौतमबुद्धनगर में दिनांक 26.11.2021 को पंजीकृत है। Sh. Surinder Arora की मृत्यु के उपरान्त उनके पुत्र/पौत्र Mr. Rajiv Arora & Mr. Varul Arora ने उक्त भूखण्ड/भवन में पिता/दादा के भाग का नामांतरण प्रस्तुत वारिसान के आधार पर अपने पक्ष में करने हेतु म्यूटेशन प्रपत्र प्रस्तुत किये है। अतः इस म्यूटेशन के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि के 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखो में Mr. Rajiv Arora S/o Late Sh. Surinder Arora & Mr. Varul Arora S/o Mr. Rajiv Arora का नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रबन्धक (बिल्डर्स)
ग्रेटर नोएडा औ0 वि0 प्राधिकरण

## रन्हेरा में किसानों ने राकेश टिकैत का किया भव्य स्वागत



- एयरपोर्ट के दायरे में आ रही शौर की जमीन का मुआवजा मिलने का श्रेय लेने की होड़

**जेवर,** 22 अगस्त (देशबन्धु)। प्रदेश सरकार द्वारा शौर भूमि का मुआवजा देने की घोषणा के बाद इसका श्रेय बीकेयू टिकैत के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत को देते हुए ग्रामीणों ने मंगलवार को गांव रन्हेरा में एक स्वागत समारोह का आयोजन किया। जिसमें राकेश टिकैत का पगड़ी पहनकर भव्य स्वागत किया गया। राकेश टिकैत ने इस जीत को किसानों की जीत बताया और एयरपोर्ट से प्रभावित किसानों से कहा कि किसान अपने हक के लिए एकजुट होकर संघर्ष करें तथा उनका संगठन किसानों के कंधा लगाकर साथ देने को तैयार है।

ज्ञात हो कि सरकार द्वारा नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के भूमि अधिग्रहण में रंहेरा, रोही व रोही गांव की 12हे0 के करीब शौर भूमि का मुआवजा दिए जाने से इनकार कर दिया था। जिस कारण किसानों मे रोष था। जिसके बाद ग्रामीणों ने अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन शुरू किया था तथा भाकियू टिकैट के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत के नेतृत्व में पंचायत का आयोजन कर आर पार की लड़ाई का आंदोलन किया था। प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश में शौर भूमि का मुआवजा दिए जाने की घोषणा के बाद किसानों ने इसे भाकियू टिकेट को जीत का श्रेय देते हुए उनके स्वागत का ऐलान किया था। मंगलवार को ट्रैक्टर पर सवार होकर सैकड़ो समर्थकों के साथ राकेश टिकैत का काफिला रंहेरा गांव पहुंचने पर ग्रामीणों द्वारा ढोल नगाड़ों फूल मालाओ, पगड़ी पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ठाकुर महीपाल सिंह मुखिया और संचालन सुनील प्रधान व राजीव मलिक ने किया।

चौधरी राकेश टिकैत ने कहा कि यह जीत सभी किसानों की जीत है और जब यहां भारतीय किसान यूनियन टिकैत ने धरना प्रदर्शन करते हुए एयरपोर्ट के नाम पर जमीन देने से मना कर दिया, तब सरकार की समझ में भी आया कि जिस जमीन को हम शौर की जमीन कह रहे हैं वह जमीन किसानों का भरण पोषण करती है और इस विकास में किसानों को उसका उचित प्रतिकर देना होगा। तब ये घोषणा की गई। उन्होंने कहा कि सभी किसानों के एकजुट रहने से यह एक बहुत बड़ी जीत हुई है और आगे भी हम सभी मिलकर किसानों के कुछ मुद्दों व एयरपोर्ट से प्रभावित किसानों की अन्य मांगों को लेकर भी वार्ता कर किसानों को उनका हक दिला कर रहेंगे। पवन खटाना ने कहा कि एयरपोर्ट से प्रभावित किसानों को 50 मीटर के स्थान पर 100 मीटर प्लॉट, रोजगार राशि को 5 लाख रुपए से बढ़ाकर 12 लाख रुपए किए जाने और नाबालिगो को भी रोजगार राशि दिए जाने, आबादी के बराबर आवासीय प्लाट दिए जाने आदि मांगों को भी पूरा कराकर किसानों को उनका हक दिलाने का काम करेंगे। इस मौके पर ओमपाल तालान, रोबिन नागर, अनित कसाना, सुरेंद्र ढाक, चंद्रपाल, सुनील प्रधान, बेली भाटी, ज्ञानी सरपंच, महेश खटाना, सोनू मुखिया, सोनू, सुंदर खटाना, संदीप खटाना चेची शरीफ, जरीफ आदि हजारों की संख्या में महिलाएं एवं किसान मौजूद रहे।

**ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

**प्लाट नं0-1 सैक्टर नॉलिज पार्क-4, ग्रेटर नोएडा सिटी जिला-गौतमबुद्धनगर**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की आर01 आवासीय भूखण्ड योजना के अर्न्तगत भूखण्ड संख्या-बी-156, सैक्टर-पी0एच0आई-01, आकार-60 वर्गमीटर आवंटन संख्या-आर0137525, श्रीमती जतिन्दर लबाना पत्नी श्री कुलवीर सिंह लबाना के नाम आवंटित है। आवंटी श्रीमती जतिन्दर लबाना पत्नी श्री कुलवीर सिंह लबाना की मृत्यु दिनांक 12.03.2023 को हो जाने के उपरान्त उक्त भूखण्ड को वारिसान के आधार पर उनके पति श्री कुलवीर सिंह लबाना पुत्र स्व० श्री ठाकुर सिंह निवासी-4, एस-603, गरुजिन्दर विहार, ए0डब्लू0एच0ओ0, सेक्टर- चाई- 01, पाकेट -05, ग्रेटर नोएडा गौतमबुद्ध नगर उत्तर प्रदेश-201310 द्वारा उक्त भूखण्ड को अपने पक्ष में नामान्तरण करने हेतु प्राधिकरण कार्यालय में प्रपत्र प्रस्तुत किये हैं। इस नामान्तरण के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो सूचना के प्रकाशन की तिथि से 35 दिनों के अन्दर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय मे दर्ज कराने का कष्ट करें। अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों मे उक्त भूखण्ड का वारिसान के आधार पर नामांतरण श्रीमती जतिन्दर लबाना पत्नी श्री कुलवीर सिंह लबाना के स्थान पर उक्त भूखण्ड को उनके पति श्री कुलवीर सिंह लबाना पुत्र स्व0 श्री ठाकुर सिंह निवासी-4, एस-603, गरुजिन्दर विहार, ए0डब्लू0एच0ओ0, सेक्टर- चाई -01, पाकेट-05, ग्रेटर नोएडा गौतमबुद्ध नगर उत्तर प्रदेश-201310 के नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रबन्धक (कृषक आबादी)
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

{ संपादकीय }

नई दिल्ली, बुधवार 23 अगस्त 2023

*संस्थापक-सम्पादक* : स्व. मायाराम सुरजन

## मोदी-जिनपिंग भेंट पर निगाहें

दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में मंगलवार को शुरू होने जा रही 15वीं शिखर वार्ता पर चाहे सबकी नज़रें विभिन्न कूटनीतिक एवं व्यवसायिक कारणों से टिकी हों पर आम भारतीयों की उत्सुकता इस सम्मेलन को लेकर इसलिये है क्योंकि वे देखना चाहते हैं कि भारत और चीन के बीच कई तरह के विवादों और मुद्दों को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से बातचीत करते हैं या नहीं। चूंकि इस बात की सम्भावना कूटनयिक हलकों में भी जतलाई गई है कि दोनों राष्ट्राध्यक्षों के बीच मुलाकात की सम्भावना है, तो देश की यह आशा स्वाभाविक है कि मोदी भारत के हितों से जुड़े मसलों को कड़ाई से उठायेंगे। भारत में चीन की घुसपैठ और कुछ स्थानों पर हो चुकी झड़पों को लेकर मोदी ने देश के भीतर कभी स्पष्ट बात नहीं की, सिवाय यह कहने के कि पड़ोसी देश की ओर से कोई घुसपैठ नहीं हुई है। संसद के भीतर व बाहर एकाध बयानों के अलावा भारत सरकार या मोदी ने कभी भी इस बात को स्वीकार नहीं किया कि चीन देश की सीमा के भीतर घुस आया है। मोदी की अनेक मौकों पर चीनी राष्ट्रपति से मुलाकात तो हुई है लेकिन मोदी ने यह मसला कभी भी नहीं उठाया। देखना यह होगा कि अब भी मोदी लोगों को निराश करते हैं या चीन को कड़े लफ्जों में भारत की सम्प्रभुता का सम्मान करने की नसीहत देते हैं।

वैसे तो पश्चिमी दुनिया के प्रभाव से अलग 5 बड़े देशों- ब्राजील, रूस, इंडिया, चीन एवं दक्षिण अफ्रीका (ब्रिक्स) द्वारा परस्पर सहयोग व विकास के उद्देश्यों को लेकर वर्ष 2010 में गठित इस संगठन में शामिल होने के लिये 60 देश इच्छुक हैं परन्तु यह तय नहीं हुआ है कि देशों के आवेदन को स्वीकार करने के पैमाने क्या होने चाहिये। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार जिन देशों को शामिल करने का निर्णय लिया जायेगा वह परस्पर सहमति से होगा। अब तक तो ईरान को इसमें शामिल करने के लिए रूस एवं चीन ने समर्थन जताया है। इन देशों के प्रतिनिधियों को सम्मेलन में शामिल होने के लिये आमंत्रित भी किया गया है परन्तु सदस्यता किसे दी जाती है, यह देखना होगा। यहां भारत को सतर्क रहने की ज़रूरत है क्योंकि नयी सदस्यता से कुछ देश अतिरिक्त ताकतवर हो सकते हैं जबकि भारत का प्रयास इस संगठन को हर तरह की खेमेबाजी से बचाने का होना चाहिये। ब्रिक्स पश्चिम का विरोधी मोर्चा नहीं है- यह साबित करने की प्रमुख जिम्मेदारी भारत की ही है क्योंकि अगर यह धारणा बनती है तो मुख्य खामियाजा भारत को ही भुगतना पड़ेगा। देश की स्थिति ऐसी नहीं है कि वह पश्चिम का रोष झेल सके। भारत की वैदेशिक नीति के मूल में देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू प्रदत्त गुट निरपेक्षता का सिद्धांत है जो उसकी समग्र विदेश नीति में झलकता रहा है। मोदी इस विरासत को मजबूरी में ढो रहे हैं क्योंकि उनके पास कोई विकल्प नहीं है। चीन ब्रिक्स के विस्तार पर बहुत जोर दे रहा है। भारत को इससे सावधान रहना होगा क्योंकि चीन के प्रयासों से शामिल होने वाले देश उसके कहे में ज्यादा रहेंगे जो भारत के लिये सरदर्द हो सकते हैं। डॉलर की बढ़ती शक्ति से कई देश परेशान हैं, जिनमें ब्रिक्स के मुल्क भी हैं। इसका मुकाबला करने की रणनीति भी ब्रिक्स को बनानी होगी। कहा जा रहा है कि वैकल्पिक करेंसी बनाने की भी चर्चा हो सकती है जो इन देशों के बीच मान्य हो। महंगे डॉलर ने ज्यादातर देशों को परेशान कर रखा है क्योंकि इसके कारण सभी की इकानॉमी के समक्ष बड़ी चुनौतियां खड़ी हो गई हैं।

भारत की चीन के साथ बड़ी समस्या सीमा सम्बन्धी है। एक ओर तो भारत के साथ व्यवसायिक रिश्ते मजबूत करने की बात चीन करता है परन्तु जब से मोदी ने कार्यभार सम्भाला है, तब से चीन कई बार भारतीय सीमा का उल्लंघन कर चुका है। 2014 में जम्मू-कश्मीर के चुमार क्षेत्र में चीन के करीब एक हजार सैनिक घुस आये थे। 18 जून, 2018 को डोकलाम (भूटान) विवाद के चलते लगभग डेढ़ माह दोनों देशों के बीच तनाव रहा। गलवान नदी के किनारे 14वें पेट्रोलिंग प्वाइंट पर दोनों देशों के सैनिकों के बीच खूनी झड़पें हो चुकी हैं। ऐसे ही, अरूणाचल प्रदेश के सुबनसिरि जिले में चीनी सेना द्वारा गांव तक बसाने की शिकायत मिली है।

गलवान की विवादग्रस्त जगह लद्दाख के प्रसिद्ध पेंगांग झील के पास है जहां इन दिनों राहुल गांधी मोटर साइकल चलाकर पहुंचे हैं जहां वे 25 अगस्त तक रुकने का इरादा रखते हैं। अनुच्छेद 370 को समाप्त करने के बाद लद्दाखवासियों को हो रही दिक्कतों का वे जायजा ले रहे हैं, लोगों से मिल रहे हैं और मोदी सरकार पर आरोप दोहरा रहे हैं कि चीन ने वहां बड़ी घुसपैठ कर रखी है पर मोदी चीन से बात करने से डरते हैं। हालांकि ऐसा कहने वाले वे अकेले नहीं हैं। कई सूत्रों से ये बातें सामने आई हैं और स्वयं भारतीय जनता पार्टी के नेता व जनप्रतिनिधि इस बात को उठा चुके हैं लेकिन मोदी तथा उनकी सरकार यह मानने के लिए तैयार नहीं है। इसके पीछे चीन में भारतीयों तथा भारत में चीन के व्यवसायिक हित हो सकते हैं। मोदी व उनकी पार्टी चीन का विरोध दीवाली की फुलझड़ियों, साज-सज्जा की कतिपय सामग्रियों और कुछ मोबाइल-कम्प्यूटर एप्स पर प्रतिबन्ध लगाकर सोचती है कि उससे चीन को नुकसान हो जायेगा। देखना तो यही है कि मोदी ब्रिक्स के मौके पर होने वाली सम्भावित मुलाकात में ये बातें उठाते हैं या नहीं। अगर ऐसी भेंट तय नहीं है तो मोदी अपनी पहल से वार्तालाप निर्धारित करायें।

# परसाई होते तो क्या लिख रहे होते?

■ **अरुण कान्त शुक्ला**

अगस्त के महीने को यदि परसाई का महीना कहा जाए तो कम से कम साहित्य जगत में किसी को कोई आपत्ति नहीं होगी। 22 अगस्त को वे इस दुनिया में आये और 10 अगस्त 1995 को दुनिया से अलविदा कह गये। उनका लेखन काल लगभग भारत की स्वतंत्रता से प्रारंभ हुआ और बाद के लगभग पचास वर्षों तक निरंतर बना रहा। उनका लेखन काल भारत की आजादी के वे वर्ष थे जब 250 वर्षों की अंग्रेजों की गुलामी और लूट खसोट से मुक्त हुआ भारत न केवल अपने पैरों पर खड़ा होने की कोशिश कर रहा था बल्कि स्वयं के निर्माण के लिए उसने निजी और सरकारी पूंजी के जिस मिले-जुले रास्ते पर चलने का निर्णय सत्ता में आए लोगों ने लिया था, उसके दुष्परिणाम भी साफ -साफ देख रहा था। परसाई भारत के आम इंसान की अभिलाषाओं को प्राथमिकता के आधार पर पूरी किये जाने के पक्षधर विचारक थे और एक विचारक के रूप में उन्होंने समाज की हर अभिलाषा को स्वर दिया और हर राजनीतिक-सामाजिक विसंगति पर प्रहार किया। हरिशंकर परसाई के लेखन की सबसे बड़ी विशेषता उनकी निडरता है। अपने समय की विसंगतियों और संकीर्णताओं पर उन्होंने बेपरवाह लिखा और इसकी कीमत भी चुकाई। उनकी कलम से तिलमिलाकर लोगों ने उन पर हमले किए। आर्थिक अभाव लगातार बना रहा, फिर भी उन्होंने कभी समझौता नहीं किया। साहित्य जगत में आज इस तरह के सवाल अक्सर पूछे जाते हैं कि प्रेमचन्द होते तो क्या लिख रहे होते? परसाई होते तो क्या लिख रहे होते?

उनके निधन के लगभग 4 वर्ष पूर्व भारत में घोषित रूप से पूंजीपति और कारपोरेटपरस्त आर्थिक नीतियों और जिस धार्मिक, साम्प्रदायिक राजनीति का उफान हम देख रहे हैं, उस राजनीति की शुरुआत हो चुकी थी। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर जिस प्रहार को आज का स्वतन्त्र चिंतन झेल रहा है, उसके बीज दिखाई देने लगे थे। परसाई के लेखन के स्वर्णिम युग में जो सामाजिक विसंगतियां बिल से सर बाहर निकाल रही थी, उनका खुला नृत्य प्रारंभ होना शुरू हो गया था। परसाई यदि असामयिक मृत्यु को प्राप्त नहीं करते तो मुझे पूर्ण विश्वास है कि वे आज के नफरती हालातों पर, राजनीति के धर्म के साथ घालमेल पर, देश में 1991 के बाद आईं तथाकथित उदारवादी नीतियों जो शासन और पूंजीपति के भाईचारे के अतिरिक्त और कुछ नहीं हैं, अवश्य ही नियमित और करारी चोट कर रहे होते और न केवल शासन बल्कि समाज के उस हिस्से की भी हिटलिस्ट में होते जो भारत की विविध सभ्यता को हिंदूवादी बनाने के लिए हाथ में तलवार और त्रिशूल लिए सड़कों पर घूम रहा है या वे पंसारे-कलबुर्गी या गौरी लंकेश की गति को प्राप्त कर चुके होते या फिर शायद हाल यह होता कि उन पर उनकी पहले की लिखी किसी 'पंच लाइन' के आधार पर कोई पंचायत स्वत: संज्ञान लेकर उन्हें सजा सुना चुकी होती। या फिर देश के अनेक स्वघोषित बुद्धिजीवी उनके इस वाक्य, 'इस देश के बुद्धिजीवी शेर हैं, पर वे सियारों की बारात में बैंड बजाते हैं' के आधार पर उनके खिलाफ मानहनि का मुकदमा दायर कर चुके होते। या फिर अंतरात्मा की आवाज या देशहित या अपने क्षेत्र, राज्य की जनता के हित में करोड़ों रुपये लेकर दल बदल कर सत्ता सुख पाने वाले लोग, 'अच्छी आत्मा फोल्डिंग कुर्सी की तरह होनी चाहिए। जरूरत पड़ी तो फैलाकर बैठ गए, नहीं तो मोड़कर कोने से टिका दिया' जैसी लाइन लिखने के लिए परसाईजी को सबक सिखाने का निर्देश अपने कार्यकर्ताओं को दे चुके होते।

प्रश्न वहीं पर है कि परसाई होते तो क्या लिख रहे होते? परसाई जी की छवि एक सशक्त व्यंग्यकार की है। मेरा मानना है कि वे उससे बड़े लोकशिक्षक थे। उनके व्यंग्य जहां हृदय पर चोट करते हैं, करुणा जगाते हैं, वहीं विसंगति को दूर करना चाहिये की सोच को भी पैदा करते हैं। उनके निबंध समाज की गूढ़ बातों के रहस्यों को खोलते हैं। मैं सिर्फ दो उदाहरण से अपनी बात कहूंगा। जब उन्होंने अपना निबंध युग की पीड़ा का सामना लिखा था तब भारत को स्वतंत्र हुए मात्र 17 वर्ष हुए थे तब उन्हें देश के भूखे-नंगे लोग दिख रहे थे, आज जब देश के राजनेता दम्भ से भरकर ये कहते हैं कि वे देश के 85 करोड़ लोगों को 35 किलो अनाज लगभग मुफ्त दे रहे हैं तो वे कितने कठोर होकर उस पर प्रहार नहीं करते। उन्होंने अपने निबंध पगडंडियों का ज़माना में शिक्षा क्षेत्र में बेईमानी की परतें उधेड़ी थीं। उन्होंने लिखा था- 'देखता हूं, हर सत्य के हाथ में झूठ का प्रमाणपत्र है। आज जब सत्य का पूर्ण लोप हो गया है और लोकतंत्र के तथाकथित रूप से मंदिर कहे जाने वाले सदनों और विधानसभाओं तक में असत्य तालियों की गड़गड़ाहट के साथ स्थापित किया जाता है, तो निश्चित रूप से उनकी लेखनी और पैनी होकर प्रहार करती।

परसाई मात्र व्यंग्यकार नहीं थे। वे लोक शिक्षक थे, समाज-निर्देशक थे। परसाई का लेखन केवल सुधार के लिए नहीं होता था। वे बदलाव के लिए लिखते थे। वे बदलाव के लिए केवल लेखन पर नहीं लेखक की जमीनी जुड़ाव की बात भी करते थे। उन्होंने सामाजिक, राजनीतिक चेतना जगाने का काम किया। जबलपुर में भड़के दंगे रुकवाने के लिए गली-गली घूमे। मजदूर आंदोलन से जुड़े। लोक शिक्षण की मंशा से ही वे देशबन्धु में पाठकों के प्रश्नों के उत्तर देते थे। उनके स्तंभ का नाम था, 'पूछिए परसाई से' पहले हल्के और फिल्मी सवाल पूछे जाते थे। धीरे-धीरे परसाईजी ने लोगों को गंभीर सामाजिक-राजनीतिक प्रश्नों की ओर प्रवृत्त किया। यह सहज जन शिक्षा थी। लोग उनके सवाल-जवाब पढ़ने के लिए अखबार का इंतजार करते थे।

**परसाई मात्र व्यंग्यकार नहीं थे। वे लोक शिक्षक थे, समाज-निर्देशक थे। परसाई का लेखन केवल सुधार के लिए नहीं होता था। वे बदलाव के लिए लिखते थे। वे बदलाव के लिए केवल लेखन पर नहीं लेखक की जमीनी जुड़ाव की बात भी करते थे। उन्होंने सामाजिक, राजनीतिक चेतना जगाने का काम किया। जबलपुर में भड़के दंगे रुकवाने के लिए गली-गली घूमे। मजदूर आंदोलन से जुड़े।**

परसाई अपने बारे में वे कहते थे, 'मैं लेखक छोटा हूं, लेकिन संकट बड़ा हूं।' आज साहित्य में ऐसे बड़े संकटों की घोर आवश्यकता है, जब सत्ता की चोटी पर बैठे लोग बुद्धिजीवियों को राष्ट्रद्रोही और देशद्रोही के तमगों से नवाज रहे हैं और उनसे खुलकर कह रहे हैं कि या तो हमारी प्रशंसा में लिखो, समर्थन में लिखो या फिर राष्ट्रद्रोही का तमगा गले में लटकवाने के लिए तैयार रहो। ऐसे समय में परसाईजी ज्यादा प्रासंगिक हैं। आज वे होते तो मौजूदा संकटों पर उनकी चोट भी बहुत बड़ी होती, शायद सबसे बड़ी होती, गहरी होती।

# पहाड़ों की पुकार : ट से टिकाऊ, ज से ज़िम्मेदार

■ **मोहित कुमार पांडेय**

भारी बारिश के चलते हिमाचल प्रदेश व उत्तराखण्ड से आई त्रासदी की भयावह तस्वीरें हम सबने देखीं। भरभरा कर गिरते घर, नदियों की उफनती हुई धारा में बहती सड़कें, दुकानें और भवन व भूस्खलन की तस्वीरों में जिस एक बात की समानता थी वो ये कि प्रकृति कह रही है 'बस अब और नहीं'। इस त्रासदी के चलते हिमाचल प्रदेश में अब तक 300 से अधिक लोगों की मृत्यु हो चुकी है। लगभग 10,000 करोड़ रुपए का अनुमानित नुकसान हो चुका है। हज़ारों लोगों का आशियाना छिन चुका है और हज़ारों की संख्या में पशुधन को नुक़सान हुआ है। लगभग 1400 सड़कें त्रासदी के चलते प्रभावित हुई हैं। सेब के कारोबार में लगभग 1000 करोड़ का नुकसान हुआ है व अन्य कारोबारों में भी मंदी आई है। विशेषज्ञों के अनुसार अभी हिमाचल प्रदेश में और बारिश होने की सम्भावना है और सितम्बर के पहले हफ्ते तक ये त्रासदी जारी रह सकती है।

सोशल मीडिया की वजह से त्रासदी की जो तस्वीरें आज पूरे देश में पहुंच रही हैं, उसकी आहट हिमाचल प्रदेश को पहले से मिल रही थी। 2020 में जहां हिमाचल प्रदेश में भूस्खलन की 16 घटनाएं हुईं थीं, वहीं 2022 में भूस्खलन की 117 घटनाएं हुईं। इस साल भी भूस्खलन की लगभग 100 से अधिक घटनाएं हो चुकी हैं। राज्य आपदा प्रबंधन संस्थान की एक रिपोर्ट के मुताबिक मानसून के दौरान आई त्रासदी की वजह से 2017-22 के बीच में लगभग 1800 मौतें हुईं, 3000 से अधिक मवेशी त्रासदी की भेंट चढ़ गए और लगभग 7500 करोड़ का नुकसान हुआ।

मानसून के दौरान दिखने वाली त्रासदी की इन तस्वीरों को मानसून के बाद आने वाली 'विकास' और 'पर्यटन' की तस्वीरें ढक लेंगी। ग्रीन ट्रिब्यूनल, आपदा प्रबंधन, लैंडस्लाइड एटलस ऑफ इंडिया व तमाम संस्थाओं की चेतावनियों को ठंडे बस्ते में डाल दिया जाएगा। वन संरक्षण व संवर्धन अधिनियम 2023 ने वनों को नुकसान का रास्ता तैयार कर ही दिया है। ऐसे में अक्टूबर से मई तक के बीच में जब आपके मोबाइल पर पहाड़ों में फोर लेन रोड व सुरंगों की तस्वीरें आईं, जब सोशल मीडिया की रीलों में रिवरसाइड रिज़ॉर्ट और कई मंज़िला इमारतों को सुंदर ढंग से आपको परोसा जाए, जब पहाड़ों पर सरपट कार दौड़ाने और चाय व मैगी की चाहत के चलते आप भी पहाड़ों पर कोई टूरिस्ट डेस्टिनेशन ढूंढ रहे हों, तो सोचिएगा जरूर कि ये जो तथाकथित 'विकास' है वो कितना टिकाऊ है? जो पर्यटन हम कर रहे हैं उसमें जिम्मेदारी का बोध कितना है? क्या इन सुंदर पहाड़ों, जिनको हम अपनी तस्वीरों व रीलों में बॉलीवुड के ट्रेंडिंग गानों के साथ डालते हैं, की पीड़ा हम सुन पा रहे हैं?

क्या पहाड़ों में विकास के नाम पर जो कुछ हो रहा है वह टिकाऊ है? जलवायु परिवर्तन (क्लाइमेट चेंज) आज पूरे विश्व की हकीकत बन चुका है। जलवायु परिवर्तन के चलते हिमालय जैसे तरुणाई से भरे पहाड़ों पर मंडराने वाले खतरे भी हमारे सामने हैं। लेकिन क्या इन सुंदर पहाड़ों को बचाने के लिए भविष्य की दृष्टि से टिकाऊ विकास के कदम उठाए जा रहे हैं?

विशेषज्ञों ने फोरलेन व निर्माण कार्यों के लिए पहाड़ों को 90 डिग्री पर काटने और हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट्स व सुरंगों के लिए पहाड़ों पर किए जाने वाले ब्लास्ट को लेकर चेतावनियां दी हैं। 25-50000 की क्षमता वाले शहरों में लाखों की आबादी की बसाहट को लेकर अर्बन प्लानिंग एक्स्पर्ट सतर्क करते आ रहे हैं। आपदा प्रबंधन, जलवायु परिवर्तन व पारिस्थितिकी के क्षेत्र में काम करने वाले कई संस्थानों व विशेषज्ञों ने अपनी रिपोर्टों में भवन निर्माण के 'दिल्ली मॉडल' को हूबहू पहाड़ों के शहरों पर लागू करने को लेकर आगाह किया है। विशेषज्ञों का कहना है कि जलवायु परिवर्तन के चलते बरसात की अनिश्चितता व भयावहता आने वाले दिनों में भी कम नहीं होगी और इस कारण से पहाड़ों पर बिना सोचे समझे किए जा रहे 'विकास' को त्यागते हुए हमें टिकाऊ विकास का मॉडल अपनाना होगा।

एक रिपोर्ट के मुताबिक पूरे विश्व में जलवायु परिवर्तन के कारकों में पर्यटन का हिस्सा 10फीसदी है। हिमाचल प्रदेश की जीडीपी में पर्यटन कारोबार का हिस्सा लगभग 4 फीसदी है। इस साल जून तक 1 करोड़ से अधिक पर्यटक हिमाचल प्रदेश पहुंचे। सोशल मीडिया की रीलों, इंस्टाग्राम पर बने आकर्षक पेजों व पर्यटन बढ़ाने के सरकारी प्रयासों और पर्यटकों के लिए सुविधाएं दुरुस्त करने की कवायदों के खाके में जिम्मेदारी का बोध बहुत कम दिखाई पढ़ता है। पहाड़ों में बेहतर कनेक्टिविटी की अपेक्षा करते समय हम ये भूल जाते हैं कि 'फास्ट ट्रैवल' की चाह में हम पहाड़ों का नुकसान कर रहे हैं। हम भूल जाते हैं कि 'रिवरसाइड रिज़ॉर्ट' ने नदी का प्राकृतिक रास्ता ही घेर लिया है। हमको ध्यान ही नहीं रहता कि पहाड़ों की हवाओं के बावजूद बहुमंजिला होटलों में चलती एसी जलवायु परिवर्तन में हिस्सेदार है। चिप्स पैकेट, बोतलों, सिगरेट के डिब्बों के कचरे से पहाड़ों को भरते समय, हमें अंदाजा ही नहीं लगता कि ये कचरा पहाड़ों में पानी के प्राकृतिक बहाव में अड़ंगा डालेगा। कुकरमुत्ते की तरह हो रहे निर्माण कार्य ने नालों में बहाव का रास्ता ही रोक दिया है। पर्यटन के इस पूरे मॉडल से जिम्मेदारी शब्द ही गायब है।

मानसून के दौरान पहाड़ों पर साल दर साल आने वाली त्रासदी पहाड़ से बाहर रह रहे लोगों के लिए भले ही हताहत लोगों की संख्या या एक खबर भर लगती हो, लेकिन पहाड़ में रहने वाले स्थानीय लोगों व पहाड़ की पारिस्थितिकी के लिए ये सुरक्षित भविष्य बनाने की एक पुकार है। पहाड़ की इस पुकार में 'दिखाऊ विकास की जगह 'टिकाऊ विकास' और 'लापरवाह पर्यटन मॉडल' की जगह 'ज़िम्मेदार पर्यटन मॉडल' की साफ झलक मिलती है। क्या सरकारें और हम नागरिक इस पुकार को सुन पा रहे हैं?

**(विकास संचार के शोधार्थी व संचार विशेषज्ञ, दिल्ली)**

**मानसून के दौरान पहाड़ों पर साल दर साल आने वाली त्रासदी पहाड़ से बाहर रह रहे लोगों के लिए भले ही हताहत लोगों की संख्या या एक खबर भर लगती हो, लेकिन पहाड़ में रहने वाले स्थानीय लोगों व पहाड़ की पारिस्थितिकी के लिए ये सुरक्षित भविष्य बनाने की एक पुकार है। पहाड़ की इस पुकार में 'दिखाऊ विकास की जगह 'टिकाऊ विकास' और 'लापरवाह पर्यटन मॉडल' की जगह 'ज़िम्मेदार पर्यटन मॉडल' की साफ झलक मिलती है।**

### पावन प्रसंग

## मन:संस्थान को शांत रखें

शहरी आबादी की खिच-खिच, शोर, गंदगी, अस्त-व्यस्तता के कारण लोग तनावजन्य रोग से ग्रस्त हो रहे हैं। इसके अतिरिक्त, व्यक्तिगत दृष्टिकोण, स्वभाव एवं जीवनयापन का क्रम भी इस विपत्ति को बढ़ाने का एक कारण है। क्रोध, आवेश, चिन्ता, ईर्ष्या, निराशा की मन:स्थिति ऐसी उत्तेजना उत्पन्न करती है, जिसके कारण तनाव रहने लगे। इस स्थिति से नाड़ी संस्थान और मांसपेशियों के मिलन केंद्रों पर 'सोसेटिल कोलेन' नामक पदार्थ बढ़ने व जमने लगता है। कार्बन और कोगल की मात्रा बढ़ने के कारण लचीलापन घटता है तथा अवयव अकड़ने लगता है। यह एक प्रकार की गठिया का चिह्न ही है जिसके कारण हाथ-पैर काम नहीं करते। इन दिनों हर स्तर का व्यक्ति ऐसी परिस्थितियों से घिरा रहता है, जिससे उनका मन:संस्थान खिन्न, उद्विग्न रहने लगता है और कुछ करते नहीं बन पड़ता।

बच्चे अभिभावकों से समुचित स्नेह प्राप्त नहीं कर पाते और असुरक्षा अनुभव करके निराश व खिन्न रहने लगते हैं। युवावर्ग के सामने रोजगार की अनिश्चितता तथा पारिवारिक सामंजस्य की समस्याएं, दोस्तों की धूर्तता से वे परेशान रहते हैं। बूढ़ों की शारीरिक असक्तता, रुग्णता ही नहीं परिवारजनों की बरती जाने वाली अवमानना भी कम कष्टदायक नहीं होती। वे कमा तो सकते नहीं अपनी कमाई के स्वामित्व से भी वंचित हो जाते हैं। बेटों पर निर्भर होते हैं। मित्रता भी इस स्थिति में हाथ नहीं लगती। फलत: एकाकीपन से ऊबे व भविष्य के संबंध में निराश रहते हैं। मौत की निकटता सामने आती प्रतीत होती है। किसी अविज्ञात के अंधकार में चले जाने व दृश्यमान संसार से संबंध टूट जाने की कल्पना भी उन्हें कम कष्ट नहीं देती। इन परिस्थितियों में यदि तनाव का आक्रमण हर किसी पर छाया दीखता है तो इसमें क्या आश्चर्य है

संबंधों में स्नेह, क्रोध और भय प्रमुख है। इनकी विकृति मोह, आक्रमण एवं हड़कम्प के रूप में देखी जाती है। भय के वास्तविक कारण कम और काल्पनिक अधिक होते हैं। कोई व्यक्ति आक्रमण करने वाला हो, दुर्बल के लिए देव भी घातक होता है। जो हवा आग को जलाने का काम करता है, वही दीपक को बुझा भी देती है। बढ़ती हुई ज्वाला के लिए पवन सहायता करता है और देखते ही देखते दावानल बना देता है।

भय में अपनी दुर्बलता की अनुभूति प्रथम कारण है और दूसरा कारण है- हर स्थिति को अपने विपरीत मान लेना। आशंकाग्रस्त व्यक्ति भोजन में विष मिले होने की आशंका से ग्रस्त होता है। ग्रह नक्षत्रों तक के विपरीत होने, दूरस्थ होने पर भी विपत्ति खड़ी होने की कल्पना करने लगते हैं। जैसों को तैसा भी मिल जाता है जो भय को बढ़ाने वाली घटनाएं सुनाने लगते हैं। भ्रांतियों का खंडन करने वाले व्यक्ति कम ही मिलेंगे।

मस्तिष्क को शांत रखने के लिए इच्छित परिस्थितियों की प्रतीक्षा करने की आवश्यकता नहीं है उसके लिए अपने सोचने का तरीका बदल देने और तालमेल बिठाते हुए सौम्य और शांत स्तर जीवनयापन करने की कला सीखने और अभ्यास करने से ही काम चल सकता है।

**युग निर्माण योजना**

### आपके पत्र

## परमाणु संपन्न देशों के वैश्विक सिरमौर बनने के खतरनाक मंसूबे

आज पूरा वैश्विक परिदृश्य और पृथ्वी परमाणु युद्ध के ज्वालामुखी पर बैठी हुई है। परमाणु संपन्न देशों के तमाम शासक और हुक्मरान अपनी राजनैतिक आकांक्षाएं, मंसूबे और सनक को पूरा करने के लिए एक दूसरे के रक्त के प्यासे बने हुए हैं। परमाणु संपन्न देशों में चीन, रूस और नॉर्थ कोरिया ऐसे देश हैं जिनकी बागडोर सनकी तानाशाह प्रशासकों के हाथों में है और ये देश अपनी विस्तारवादी महत्वाकांक्षा और सनक के चलते परमाणु हथियार का इस्तेमाल करने से नहीं चूकेंगे। इतिहास गवाह है- की सनकी प्रशासकों से हमेशा मानवता और शांति को युद्ध और हिंसा का खतरा बना रहता आया है। अमेरिका ने द्वितीय विश्व युद्ध में नागासाकी तथा हिरोशिमा में युद्ध की सनक में परमाणु बम से हमला कर लाखों लोगों को मौत के मुंह में भेज दिया था इसके अलावा परमाणु हथियारों के उपयोग से पैदा हुए विकिरण से आज भी जापान में बच्चों पर अप्राकृतिक प्रभाव दिखाई देतें हैं। इधर हम यदि उत्तर कोरिया के सनकी शासक किम योंग की बात करें तो वर्ष 2022 की शुरुआत के बाद से उत्तर कोरिया ने 100 से अधिक हथियारों के परीक्षण किए हैं विशेष तौर पर कुछ अमेरिकी मुख्य भूमि और उनके खास सामरिक सहयोगी दक्षिण कोरिया और जापान पर हमला करने के लिए डिजाइन की हुई परमाणु मिसाइल भी शामिल हैं। उत्तर कोरिया अमेरिका को लक्ष्य बनाकर क्रूज मिसाइल का प्रक्षेपण भी करता आ रहा है। रूस और यूक्रेन युद्ध के दौरान भारी तबाही का मंजर तो सामने आ ही गया है इसके अलावा यूक्रेन की अमेरिकी तथा नाटो देशों की मदद से नाराज होकर रूस स्पष्ट तौर पर परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की सार्वजनिक धमकी कई बार दे चुका है, उल्लेखनीय है कि रूस यूक्रेन युद्ध में यूक्रेन को जितना जान माल का नुकसान हुआ है उसके बराबर भी रूस में सामरिक हथियारों और सैनिकों की जाने गई हैं। रूस को इस बात का जरा भी अंदाजा नहीं था कि यूक्रेन इतने दिन तक युद्ध को खींच सकता है। इन परिस्थितियों के परिणाम स्वरूप और वहां के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन कभी भी अपनी सनक के चलते परमाणु बमों से हमला भी कर सकता है। चीन और ताइवान विवाद में भी चीन के तानाशाह शी जिनपिंग अपनी विस्तारवादी महत्वाकांक्षा को पूरा करने के लिए और अमेरिका के परोक्ष रूप से ताइवान की मदद के कारण नाराजगी के चलते ताइवान पर कभी भी हमला कर सकता है। स्पष्ट है कि रूस, चीन और उत्तर कोरिया तीनों परमाणुसंपन्न देश अमेरिका के सबसे बड़े और कट्टर दुश्मन नई परिस्थितियों में बन चुके हैं। और यह भी खुला और सर्वविदित तथ्य है अमेरिका के राष्ट्रपति वहां की जनता तथा राजनीतिक पार्टियों के दबाव में विश्व का सुप्रीमो बने रहने के चलते युद्ध मेनिया पर सवार रहता है, विश्व में अमेरिका को सर्वशक्तिमान बनाए रखने के चलते अमेरिका को चीन, रूस और उत्तर कोरिया फूटी आंखों नहीं अच्छे लगते हैं।

**संजीव ठाकुर**

*प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770*

*ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in*

## इजरायली सैनिकों के साथ झड़प में कई फिलिस्तीनी घायल

**गाजा/रामल्ला।** इजरायल और वेस्ट बैंक के साथ गाजा सीमा पर इजरायली सैनिकों के साथ झड़प के दौरान सोमवार को कई फिलिस्तीनी घायल हो गए। फ़िलिस्तीनी चिकित्सकों और प्रत्यक्षदर्शियों ने यह जानकारी दी। इस्लामिक प्रतिरोध आंदोलन (हमास) द्वारा संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि पूर्वी गाजा पट्टी और इज़राइल के बीच सीमा पर विरोध प्रदर्शन के दौरान इजरायली सैनिकों द्वारा कम से कम 12 फिलिस्तीनी घायल हो गए। फ़िलिस्तीनी प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि सैकड़ों फ़िलिस्तीनी सीमा रेखा क्षेत्र में एकत्र होकर झंडे लहरा रहे थे, टायर जला रहे थे, इज़राइल विरोधी नारे लगा रहे थे और सीमा पर तैनात सैनिकों पर पत्थर फेंक रहे थे।

# देश विदेश

# चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग जोहान्सबर्ग पहुंचे




## शी चिनफिंग ने द अफ्रीका के राष्ट्रपति के साथ वार्ता की



■ ब्रिक्स शिखर सम्मेलन

**बीजिंग,** 22 अगस्त (एजेंसियां)। चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग 15वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेने और दक्षिण अफ्रीका की राजकीय यात्रा के लिए जोहान्सबर्ग पहुंचे। शी चिनफिंग का विशेष विमान जोहान्सबर्ग के टैम्बो अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचा। दक्षिण अफ्रीकी राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा शी के स्वागत के लिए हवाई अड्डे पहुंचे। हवाई अड्डे पर शी चिनफिंग ने लिखित भाषण देते हुए कहा कि एक बार फिर दक्षिण अफ्रीका आने पर उन्हें बेहद खुशी हुई और वह चीन-दक्षिण अफ्रीका संबंधों को गहरा करने और आम चिंता के मुद्दों पर राष्ट्रपति रामफोसा के साथ विचारों का गहन आदान-प्रदान करने के लिए उत्सुक हैं।

चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने प्रेटोरिया में राष्ट्रपति भवन में दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति रामाफोसा के साथ वार्ता की। शी चिनफिंग ने कहा कि यह राष्ट्रपति की हैसियत से मेरी चौथी दक्षिण अफ्रीका यात्रा है। पांच साल के बाद फिर दक्षिण अफ्रीका की यात्रा करना बहुत मैत्रीपूर्ण अनुभव है। दक्षिण अफ्रीका का राष्ट्र-निर्माण और अंतरराष्ट्रीय प्रभाव दिन ब दिन बढ़ रहा है। चीन इस पर बहुत खुश है और दक्षिण अफ्रीका को विकास के रास्ते पर अधिक प्रगति प्राप्त करने की शुभकामना देता है।(शी ने कहा कि चीन-दक्षिण अफ्रीका संबंध अच्छा होने और मित्रता गहरा होने का मूल कारण यही है कि दोनों देशों ने अपने-अपने विकास के रास्ते पर सुख दु:ख में साथ-साथ रहकर कामरेड प्लस भाई की गहरी मित्रता बनायी।

आज नये ऐतिहासिक प्रारंभिक स्थल पर मित्रता संभालकर सहयोग व समन्वय मजबूत करना दोनों देशों की समान अभिलाषा है और युग से प्रदत्त अहम कार्य भी है। मैं राष्ट्रपति के साथ चीन-दक्षिण अफ्रीका सर्वांगीण रणनीतिक साझेदारी को निरंतर नयी मंजिल पर पहुंचाने की कोशिश करना चाहता हूं।

## रूसी विदेश मंत्री ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के लिए द अफ्रीका पहुंचे



**केप टाउन।** रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए मंगलवार को जोहान्सबर्ग पहुंचे। यह जानकारी स्पूतनिक संवाददाता ने दी। यह शिखर सम्मेलन मंगलवार से गुरुवार तक चलेगा। श्री लावरोव रूसी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं जबकि राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन वीडियो लिंक के माध्यम से इसमें शामिल होंगे। दक्षिण अफ्रीका की सरकार ने एक्स पर ट्वीट किया, विदेश मंत्री और रूसी प्रतिनिधिमंडल के प्रमुख श्री लावरोव का स्वागत दक्षिण अफ्रीका के अंतरराष्ट्रीय संबंध एवं सहयोग उप मंत्री एल्विन बोटेस ने वाटरक्लोफ वायुसेना अड्डे पर किया। दक्षिण अफ्रीका , 2023 में ब्लॉक का अध्यक्ष, ने संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस और अफ्रीकी संघ के प्रमुख मूसा फाकी महामत सहित दर्जनों देशों एवं अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधिमंडलों को इसमें शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है। फिलहाल, इस ब्लॉक का गठन ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका द्वारा किया गया है। शिखर सम्मेलन का मुख्य विषय ब्रिक्स का संभावित विस्तार होने की उम्मीद है। दक्षिण अफ्रीका के शेरपा अनिल सूकलाल के अनुसार, 23 देशों ने इसकी सदस्यता के लिए अपनी रुचि दिखायी है। एजेंडे के अन्य विषयों में आर्थिक संबंध, व्यापार अवसंरचना और अमेरिकी डॉलर पर सदस्य देशों की निर्भरता में कमी लाने के लिए एक आम मुद्रा पर संभावित चर्चा शामिल है।

## कनाडा में आग से प्रभावित 27 हजार से अधिक लोगों को निकाला

**ओटावा**, 22 अगस्त (एजेंसियां)। कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया में जंगल में लगी आग से प्रभावित क्षेत्रों से 27 हजार से अधिक लोगों को निकाला गया है और 35 हजार से अधिक लोगों को निकाला जाना बाकी है। कनाडा के आपातकालीन प्रबंधन मंत्री बोविन मा ने मंगलवार को यह जानकारी दी। श्री बोविन ने बीसी वाइल्डफायर अपडेट के दौरान कहा, हमारे बचावकर्मी निरंतर कार्य में जुटे हुए हैं। जंगल की आग बढ़ती जा रही है। जिससे कई हजार लोग प्रभावित हो रहे हैं। बीसी के वन मंत्री ब्रूस राल्स्टन ने कहा कि वर्तमान में प्रांत के जंगलों में लगी आग से सार्वजनिक सुरक्षा के लिए खतरा है। श्री राल्स्टन ने कहा कि करीब 3,500 कर्मचारी प्रांत के जंगलों में लगी आग को बुझाने में जुटे हुए हैं। इसके अलावा, 100 मैक्सिकन अग्निशामकों और आगामी दिनों में 200 अतिरिक्त दक्षिण अफ्रीकी लोगों के आने की उम्मीद है। ब्रिटिश कोलंबिया ने आग से प्रभावित जरूरतमंद समुदायों की सहायता करने की अधिकारियों की क्षमता सुनिश्चित करने के लिए प्रांतीय आपातकाल की घोषणा की। उल्लेखनीय है कि इस साल कनाडा के जंगल में लगी आग देश के इतिहास में सबसे भीषण आग है। जिससे कई हजार लोग प्रभावित हुए हैं।

## सुडोकू 6294

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | 7 | 8 | | 6 | | 4 |
| | 5 | 8 | | 2 | 4 | | | |
| 4 | | | | 5 | | 1 | 8 | |
| 2 | | | | | 6 | | 1 | 9 |
| | 3 | 9 | 2 | | 8 | 4 | 6 | |
| 8 | 4 | | 5 | | | | | 7 |
| | 8 | 3 | | 1 | | | | 6 |
| | | | 4 | 3 | | 2 | 9 | |
| 9 | | 4 | | 6 | 5 | | 3 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : बुधवार 23 अगस्त , 2023 श्रावण शुक्ल पक्ष 5

### राशिफल

मेष -आज आपको सामाजिक और सार्वजनिक क्षेत्र में प्रसिद्धि मिलेगी। परिवार एवं दांपत्यजीवन में सुख- संतोष का अनुभव होगा। रोमांस के चरम पर रहेंगे। मौज-मस्ती और मनोरंजन से भागीदारी में लाभ होगा।

वृषभ -आज आपको वाणी और व्यवहार पर संयम रखने की जरूरत है। किसी की मजाक-मसखरी से परहेज करें। गलतफहमी हो सकती है। मौज-शौक तथा मनोरंजन के पीछे खर्च होगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। दुर्घटना से बचें।

मिथुन -आज का दिन शुभ फलदायी और लाभकारी है। पारिवारिक सुख-शांति बनी रहेगी। पत्नी के पीछे खर्च होगा। अविवाहित लोगों का रिश्ता पक्का हो सकता है। व्यापार एवं नौकरी में आय बढ़ेगी। घर में शुभ- प्रसंगों का आयोजन होगा।

कर्क -आज शारीरिक मानसिक स्वस्थता का अभाव होगा। छाती में दर्द या अन्य किसी विकार से परेशानी का अनुभव होगा। पारिवारिक सदस्यों के साथ उग्र वाद-विवाद होगा। मानहानि न हो उसका ध्यान रखें।

सिंह -आज के दिन आप शरीर में ताजगी और चित्त की प्रसन्नता का अनुभव करेंगे। दोस्तों के साथ अधिक घनिष्ठता अनुभव करेंगे। मित्रों एवं स्वजनों के साथ पर्यटन का आयोजन होगा। आर्थिक लाभ होगा।

कन्या -परिवार में सुख-शांति और परिजनों के साथ आनंद आज के दिन को खुशहाल बनाएंगे। आज आपकी मधुरवाणी का जादू अन्य लोगों को प्रभावित करेगा। कहीं घूमने जाने की संभावना है। मिष्टान्न के साथ मनपसंद भोजन मिलेगा।

तुला -आज आपकी रचनात्मक शक्तियां प्रकट होंगी। रचनात्मक कामों में आपकी रुचि रहेगी। वैचारिक दृढ़ता से आपके काम सफल बनेंगे। अलंकार, वस्त्र, मौज-शौक के साधन तथा मनोरंजन के पीछे आज पैसे खर्च करेंगे।

वृश्चिक -आज के दिन मौज-शौक और मनोरंजन के पीछे खर्च होगा। स्वास्थ्य के संबंध में शिकायत रहेगी। मन की चिंता की भावना रहेगी। दुर्घटना से बचें। परिजनों और सगे-संबंधियों के साथ गलतफहमी या अनबन होगा।

धनु -आर्थिक लाभ और सामाजिक प्रतिष्ठा मिलने के साथ आप पारिवारिक जीवन में भी सुख-संतोष की भावना का अनुभव करेंगे। आय में वृद्धि और व्यापार में लाभ होगा। मनपसंद व्यक्ति के साथ सुखद क्षण गुजरेगा।

मकर -व्यवसाय के क्षेत्र में धन, मान तथा प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। व्यापार के लिए भागदौड़ और वसूली हेतु प्रवास से लाभ होने की संभावना रहेगी। अधिकारियों के खुश होने से पदोन्नति के योग बनेंगे।

कुंभ -शारीरिक से रूप से अस्वस्थ रहने पर भी मानसिक स्वस्थता बनाए रखें। आज काम करने का उत्साह कम रहेगा। नौकरी में अधिकारियों से संभलकर रहें। मौज-शौक तथा घूमने- फिरने के पीछे धन खर्च होगा।

मीन -आज अनैतिक कामों से दूर रहें। क्रोध और वाणी पर संयम बरतें। स्वास्थ्य के प्रति सावधानी बरतें। नियम विरोधी कामों से दूर रहें। इलाज के पीछे धन खर्च होने की संभावना है। मानसिक रूप से आप अस्वस्थ रहेंगे।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## उ. कोरिया परमाणु हथियारों का कर सकता है इस्तेमाल : यूं सुक

**सियोल,** 22 अगस्त (एजेंसियां)। दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यूं सुक-येओल ने सोमवार को कहा कि उत्तर कोरिया युद्ध की स्थिति में अपने लक्ष्यों को हासिल करने के लिए परमाणु हथियारों का इस्तेमाल करने के लिए तैयार रहेगा। दक्षिण कोरिया की समाचार एजेंसी योनहाप ने यूं के हवाले से कहा, युद्ध में अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए उत्तर कोरिया सभी उपलब्ध साधनों को पूरी तरह से जुटाएगा और परमाणु हथियारों का इस्तेमाल करने के लिए तैयार होगा। दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति ने कहा कि अमेरिका-दक्षिण कोरिया संयुक्त सैन्य अभ्यास उल्ची फ्रीडम शील्ड में संभावित उत्तर कोरियाई परमाणु हमले का जवाब देने के अभ्यास शामिल होंगे।

यूं ने यह भी कहा कि शांति केवल 'भारी ताकत' से हासिल की जा सकती है। उन्होंने उत्तर कोरिया द्वारा 'पूर्वव्यापी परमाणु हमलों और आक्रामक युद्ध की तैयारियों की बात' करने वाले किसी भी 'उकसावे' को 'तुरंत और भारी रूप से दंडित' करने का वादा किया। दक्षिण कोरिया में सोमवार को उल्ची में फ्रीडम शील्ड अभ्यास शुरू हुआ और 31 अगस्त तक चलेगा।

# कल खुद को अधिकारियों के हवाले करेंगे ट्रंप

**वाशिंगटन,** 22 अगस्त (एजेंसियां)। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि वह जॉर्जिया चुनाव हस्तक्षेप मामले में गुरुवार को अटलांटा में खुद को अधिकारियों के हवाले कर देंगे। जॉर्जिया राज्य में 2020 के राष्ट्रपति चुनाव के परिणामों को पलटने के कथित प्रयासों को लेकर ट्रंप और 18 अन्य को 14 अगस्त को दोषी ठहराया गया था। श्री ट्रंप पर 13 मामलों का आरोप लगाया गया था। फुल्टन काउंटी डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी फानी विलिस द्वारा ढाई साल की जांच के बाद अभियोग लगाया गया। जांच जनवरी 2021 के एक फोन कॉल से ऑडियो लीक होने के बाद शुरू की गई थी, जिसके दौरान ट्रम्प ने जॉर्जिया के राज्य सचिव ब्रैड रैफेंसपर्गर से हजारों मतपत्रों की वैधता पर सवाल उठाने का आग्रह किया था, खासकर भारी डेमोक्रेटिक अटलांटा क्षेत्र में। श्री ट्रंप ने कहा कि वह राज्य में 2020 में अपनी हार को मिटाने के लिए वोट 'ढूंढना' चाहते थे। अटलांटा के एक न्यायाधीश ने श्री ट्रंप के खिलाफ चुनाव हस्तक्षेप मामले में सोमवार को उन्हें 200,000 अमेरिकी डॉलर की जमानत दी। जॉर्जिया मामला पूर्व राष्ट्रपति के खिलाफ लाया जाने वाला चौथा आपराधिक मामला है। श्री ट्रंप को 2020 के राष्ट्रपति चुनाव को पलटने की साजिश रचने और फ्लोरिडा के पाम बीच में अपने मार-ए-लागो एस्टेट में वर्गीकृत दस्तावेजों को गलत तरीके से संभालने के लिए अलग-अलग संघीय आरोपों का सामना करना पड़ रहा है। मार्च में उन्हें न्यूयॉर्क राज्य में 2016 के राष्ट्रपति चुनाव से पहले एक वयस्क फिल्म अभिनेत्री को पैसे के भुगतान के संबंध में व्यावसायिक रिकॉर्ड में हेराफेरी करने के आरोप में दोषी ठहराया गया था।



■ राष्ट्रपति चुनाव के परिणामों को पलटने के कथित प्रयासों को लेकर ठहराया गया था दोषी

## वर्ग पहेली 6294



**बायें से दायें:-**

१. होंठ चूमना, चुंबन
४. वारिस होना,उत्तराधिकारी (उर्दू)
६. वसन
७. सेंध (उर्दू)
८. नागरिकता, देशभक्ति, राष्ट्रप्रेम
१०. व्यापारी
११. शरबत जैसा, एक प्रकार का गेंहू
१३. हवा में मिली भाप जो जमकर श्वेत कणों के रूप में पृथ्वी पर गिरती है
१४. दक्ष. निपुण
१५. परिवर्तित, बदला गया
१७. बौना, ठिगना
१९. अंधकार
२१. प्रारूप (उर्दू)
२२. दुस्साध्य होना
२४. भारी परिवर्तन (उर्दू)

**ऊपर से नीचे:-**

१. अपरिचित, अनजान आदमी
२. घोड़े की सवारी कराने वाला व्यक्ति (उर्दू)
३. नौजवान औरत
४. जंगल का राजा,सिंह
५. यात्रियों, पथिकों के लिए निशुल्क रुकने, ठहरने की के लिए बना भवन
९. ताड़ी
११. शांत किया गया, बुझाया गया
१२. वृद्धि, क्रिकेट आदि में एर पक्ष का दूसरे पक्ष कुछ रनों से आगे बढ़ जाना
१३. समानता बराबरी, मिलान, तौला जाना
१४. फूल, पुष्प
१५. सभा, समिति, महफिल(उर्दू)
१६. संबंधी, परिजन (उर्दू)
१८. स्थगित करना, आगे बढ़ाना, हटाना
१९. मांग, चाह, इच्छा (उर्दू)
२०. संपूर्ण, समस्त
२३. जलन, द्वेष

## वर्ग पहेली-6293



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

# पूर्व थाई प्रधानमंत्री को अदालत ने आठ साल की सजा सुनाई

**बैंकॉक,** 22 अगस्त (एजेंसियां)। वर्षों से निर्वासित थाईलैंड के पूर्व प्रधानमंत्री थाकसिन शिनावात्रा की वतन वापसी के तुरंत बाद मंगलवार को हिरासत में लिया गया क्योंकि थाईलैंड के सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें आठ साल तक हिरासत में रखने का आदेश दिया है। राजनीतिक पदों पर आसीन लोगों के लिए अदालत के आपराधिक प्रभाग ने एक बयान में कहा कि 74 वर्षीय श्री थाकसिन को उनकी अनुपस्थिति में तीन मामलों में आठ साल के कारावास की सजा सुनाई गई है। खबरों के अनुसार, उन्हें लॉटरी परियोजना में भ्रष्टाचार के लिए दो साल की सजा, म्यांमार मामले में निर्यात-आयात बैंक ऋण में शामिल होने के लिए तीन साल की सजा और मोबाइल फोन रियायत संशोधन मामले में उनकी भूमिका के लिए तीन साल की सजा शामिल है।पूर्व दूरसंचार टाइकून सिंगापुर में एक निजी विमान में सवार होकर आज सुबह नौ बजे बैंकॉक के डॉन मुआंग अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरे। उन्होंने राजा और रानी की फोटो को सम्मान दिया और फिर उन्हें पुलिस के काफिले में अदालत ले जाया गया और फिर जेल भे दिया गया। श्री थाकसिन 2001 से 2006 तक थाईलैंड के प्रधानमंत्री रह चुके हैं लेकिन भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरने के बाद 2008 से वह देश से स्वनिर्वासित हो गए थे।थाईलैंड की संसद में मंगलवार को नए प्रधानमंत्री के लिए मतदान होना है क्योंकि श्री थाकसिन से जुड़ी फीयू थाई पार्टी के नेतृत्व में नई सरकार बनाने की कोशिश की जा रही है और पूर्व प्रॉपर्टी कारोबारी श्रेथा थाविसिन उसकी ओर से प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार हैं।

■ वतन वापसी के तुरंत बाद हिरासत में लिया गया



## श्रीलंका में शुष्क मौसम का असर

■ 47,000 एकड़ धान के खेत नष्ट

**कोलंबो,** 22 अगस्त (एजेंसियां)। श्रीलंका में शुष्क मौसम के कारण 47,000 एकड़ से अधिक चावल के खेत नष्ट हो गए हैं। कृषि मंत्री महिंदा अमरवीरा ने मंगलवार को यह जानकारी दी। मंत्री ने संवाददाताओं से कहा, हालांकि, इससे स्थानीय बाजार में चावल की कमी नहीं होगी क्योंकि इस समय पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। चावल दक्षिण एशियाई देश का मुख्य भोजन है और इसकी खेती सालाना दो मौसमों में की जाती है। मंत्री ने कहा कि चालू सीजन में 503,000 हेक्टेयर (लगभग 1,242,940 एकड़) से अधिक धान के खेतों में खेती की गई है और कटाई अब जारी है। श्रीलंका मौसम विज्ञान विभाग ने पूर्वानुमान लगाया है कि द्वीप के कुछ हिस्सों में प्रतिदिन होने वाली हल्की बारिश को छोड़कर अगले महीने के अंत तक शुष्क मौसम बना रहेगा।

## आज का इतिहास

1821-मेक्सिको ने आजादी की घोषणा की।
1839-ब्रिटेन ने चीन के साथ युद्ध में हांगकांग पर क़ब्ज़ा किया।
1914-जापान द्वारा जर्मनी के विरुद्ध युद्ध की घोषणा।
1939-तत्कालीन सोवियत संघ और जर्मनी के के बीच गैर-आक्रामकता संधि पर हस्ताक्षर किये गये।
1944-प्रसिद्ध फ़िल्म अभिनेत्री सायरा बानो का जन्म।
1947-वल्लभभाई पटेल भारत के उप प्रधानमंत्री बने।
1968- प्रसिद्ध भारतीय पार्श्वगायक के. के. का जन्म।
1976-चीन में भूकंप से हजारों लोगों की मौत।
1979-ईरान की सेना ने कुर्दों के खिलाफ मोर्चा खोला।
1990-पूर्व और पश्चिम जर्मनी ने तीन अक्टूबर को एकजुट होने की घोषणा की।
1993-सन् 2000 के ऐतिहासिक ओलंपिक खेलों की मेजबानी आस्ट्रेलियाई नगर सिडनी को सौंपी गई।
1994-भारत की प्रसिद्ध महिला तैराक आरती साहा का निधन।
1997-सं.रा. अमेरिका के मिसीसिपी यूनिवर्सिटी मेडिकल सेंटर को चार साल पहले मिला हल्दी का पेटेन्ट रद्द।
1999-इजरायल और फ़िलिस्तीन के बीच मान्यता संबंधी मुद्दों पर वार्ता पुनः प्रारम्भ।
2002-संयुक्त राज्य अमरीका ने मिसाइल रक्षा प्रणाली का परीक्षण रोका, इटली ने पाकिस्तान में वाणिज्य दूतावास बन्द करने की धमकी दी।
2003-ब्राजील में एक अंतरिक्ष यान में प्रक्षेपण से पूर्व ही विस्फोट हो जाने से कम से कम 21 लोग मारे गये।

**परेशानी** जेल में गोपनीयता के लिए कोई जगह नहीं

# इमरान को जेल में गंभीर चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा

**इस्लामाबाद,** 22 अगस्त (एजेंसियां)। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान अटक जेल में बंद हैं। जेल में उन्हें गंभीर चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। इसकी डिटेल 15 अगस्त को परिसर के एक सत्र न्यायाधीश के नियमित निरीक्षण के बाद साझा की गई थी। न्यायाधीश और इमरान खान के बीच बातचीत के आधार पर निष्कर्षों के अनुसार, पूर्व पीएम एक सीसीटीवी कैमरे के बारे में गंभीर रूप से चिंतित थे। यह सीसीटीवी उनके जेल कक्ष के ठीक सामने लगाया गया था, जिससे उनकी गोपनीयता के लिए कोई जगह नहीं बची।

पीटीआई प्रमुख ने अपने सेल के सामने लगे सीसीटीवी को ऐसी स्थिति में लगाए जाने पर आपत्ति व्यक्त की है, जो खुले बाथरूम को भी कवर कर रहा था।

इमरान खान ने जेल की सलाखों के सामने खुले बाथरूम-सह-शौचालय को कवर करते हुए पांच से छह फीट की दूरी पर लगाए गए सीसीटीवी कैमरे पर गंभीर चिंता व्यक्त की।

अटक जेल के अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश शफकतउल्ला खान की रिपोर्ट में कहा गया है कि लगभग ढाई से तीन फीट ऊंची छोटी एल-आकार की दीवारें होने से शौच और स्नान के दौरान कोई गोपनीयता नहीं रहती।

न्यायाधीश शफकतउल्ला खान ने कहा कि इमरान खान की चिंताएं वास्तविक थीं क्योंकि वे पाकिस्तान जेल नियम, 1978 के नियम 257 और 771 का उल्लंघन थीं।पीटीआई प्रमुख ने यह भी शिकायत की कि उनकी पत्नी और वकीलों को उनसे मिलने के लिए कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि उनसे मिलना आसान नहीं है। न्यायाधीश की रिपोर्ट के अनुसार, खान की चिंताओं पर ध्यान दिया गया और वहां मौजूद अधीक्षक को बुलाया गया। उन्होंने शिकायतों के समाधान का आश्वासन दिया।



■ पीटीआई प्रमुख ने अपने सेल के सामने लगे सीसीटीवी की स्थिति पर आपत्ति जताई

रिपोर्ट में यहा भी कहा गया है कि वहां मौजूद अधीक्षक को कैदी की शिकायत दूर करने का आश्वासन दिया गया है। अधीक्षक ने यह भी आश्वासन दिया था कि कैदी को नियमों के अनुसार उनकी पत्नी और वकीलों से मिलने दिया जाएगा। इमरान खान के साथ दुर्व्यवहार की खबरें सामने आने के बाद, पीटीआई समर्थकों और मानवाधिकार कार्यकर्ताओं ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपना गुस्सा व्यक्त करते हुए कहा कि यह जानबूझकर किया गया था।

## दुनिया को जानें

# अमेरिका ने पहले हाइपरसोनिक हथियार का किया परीक्षण

**वाशिंगटन,** 22 अगस्त (एजेंसियां)। अमेरिकी वायु सेना ने हाइपरसोनिक एयर-लॉन्च रैपिड रिस्पांस वेपन (एआरआरडब्ल्यू) का पहला परीक्षण किया।

वायुसेना के एक प्रवक्ता ने मंगलवार को अपने बयान में स्पूतनिक को यह जानकारी दी। वायुसेना प्रवक्ता ने कहा कि यह परीक्षण 19 अगस्त को दक्षिणी कैलीफोर्निया के तट पर किया गया। इस परीक्षण ने एक पूर्ण प्रोटोटाइप ऑपरेशनल हाइपरसोनिक मिसाइल लॉन्च की। उन्होंने बताया कि इस मिसाइल के परीक्षण के बाद इसकी क्षमताओं के बारे में बहुमूल्य नई अंतर्दृष्टि प्राप्त हुई है। वायुसेना ने कहा, इस परीक्षण ने मूल्यवान, अद्वितीय डेटा प्राप्त किया और इसका उद्देश्य एआरआरडब्ल्यू और एचएसीएम जैसे कई कार्यक्रमों को आगे बढ़ाना है। वायु सेना सचिव फ्रैंक केंडल ने कांग्रेस को बताया कि यह मिसाइल वायु रक्षा प्रणालियों को मात दे सकता है। गौरतलब है कि इससे पहले एआरआरडब्ल्यू का 13 मार्च को परीक्षण किया गया था लेकिन वह असफल रहा था।

# प्रादेशिकी

## एनटीसीए ने कुंभलगढ़ को टाइगर रिजर्व घोषित किया

**जयपुर,** 22 अगस्त (एजेंसियां)। राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) ने कुंभलगढ़ को बाघ अभयारण्य (टाइगर रिजर्व) घोषित करने की मंजूरी दे दी है। एनटीसीए ने 4 अगस्त को अप्रूवल दिया था, जिसे मंगलवार को केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने मंजूरी दे दी है। मंत्री भूपेंद्र यादव ने अपने 'एक्स' अकाउंट पर लिखा, 'वन्यजीव संरक्षण की दिशा में यह महत्वपूर्ण कदम राजस्थान में बाघों और जैव विविधता के लिए एक उज्जवल भविष्य का वादा करता है। इस कदम से इको-टूरिज्म के माध्यम से क्षेत्र के लोगों के लिए रोजगार के अवसरों को बढ़ावा मिलेगा।' राजसमंद सांसद और एनटीसीए की सदस्य दीया कुमारी ने कहा कि आज मेवाड़ के लिए ऐतिहासिक दिन है।

## स्वर्ण जयंती ऊर्जा नीति में 40 वर्षों के लिए होगा संशोधन

**शिमला,** 22 अगस्त (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में आयोजित प्रदेश मंत्रिमण्डल की बैठक में बरसात के इस मौसम में राज्य में भारी बारिश के कारण हुई जान-माल की व्यापक क्षति पर दु:ख व्यक्त किया गया तथा इस आपदा में काल का ग्रास बने लोगों को श्रद्धांजलि दी गई। राजस्व विभाग ने आपदा प्रबन्धन और सार्वजनिक एवं निजी सम्पत्ति को हुए नुकसान पर एक विस्तृत प्रस्तुति भी दी। मंत्रिमण्डल ने स्वर्ण जयंती ऊर्जा नीति में संशोधन का निर्णय लिया। इसके तहत समझौता ज्ञापन 40 वर्षों के लिए होगा और रॉयल्टी की दरें 12 वर्ष के लिए 15 प्रतिशत, अगले 18 वर्षों के लिए 20 प्रतिशत तथा शेष 10 वर्षों के लिए 30 प्रतिशत होंगी। इसके उपरांत परियोजना राज्य सरकार को बिना किसी लागत तथा सभी तरह की देनदारियों और ऋण भार से मुक्त वापिस मिल जाएगी। हालांकि, बढ़ी हुई अवधि के लिए राज्य को अदा की जाने वाली रॉयल्टी 50 प्रतिशत से कम नहीं होगी।

बैठक में 210 मेगावाट क्षमता की लुहरी चरण-1, 66 मेगावाट क्षमता की धौलासिद्ध, 382 मेगावाट क्षमता की सुन्नी बांध तथा 500 मेगावाट क्षमता की डुगर जल विद्युत परियोजना के लिए सतलुज जल विद्युत निगम एवं एन.एच.पी.सी को प्रदत्त बाधा रहित नि:शुल्क विद्युत रॉयल्टी की छूट



**रॉयल्टी की दरें 12 वर्ष के लिए 15 प्रतिशत, अगले 18 वर्षों के लिए 20 प्रतिशत तथा शेष 10 वर्षों के लिए 30 प्रतिशत होंगी**

वापस लेने का भी निर्णय लिया गया।

मंत्रिमण्डल ने जल विद्युत परियोजनाओं से लिए जाने वाले जल उपकर की दरों का युक्तिकरण करने का भी निर्णय लिया। बैठक में हिमाचल प्रदेश विधवा पुनर्विवाह योजना के अन्तर्गत प्रदान की जाने वाली वित्तीय सहायता 65 हजार रुपये से बढ़ाकर 2 लाख रुपए करने को भी स्वीकृति प्रदान की गई। मंत्रिमण्डल ने वर्ष 2023-24 के लिए राज्य में मण्डी मध्यस्थता योजना के अन्तर्गत सेब, आम और नींबू प्रजाति के फलों के समर्थन मूल्य में बढ़ौत्तरी करने का भी निर्णय लिया। इसके तहत अब सेब और आम का समर्थन मूल्य 10.50 रुपये के बजाय 12 रुपये प्रति किलोग्राम होगा। इसके अतिरिक्त किन्नू, माल्टा और संतरे के लिए समर्थन मूल्य 9.50 रुपए से बढ़कर 12 रुपये प्रति किलोग्राम जबकि नींबू एवं गलगल का समर्थन मूल्य आठ रुपए से बढ़कर 10 रुपये प्रति किलोग्राम हो जाएगा।

बैठक में मिड-डे-मील योजना के तहत कुक-सह-हेल्पर के मानदेय में प्रथम अप्रैल, 2023 से 500 रुपये प्रतिमाह की बढ़ौत्तरी को स्वीकृति प्रदान की गई, जिससे उन्हें प्रतिमाह 3500 रुपये से बढ़कर 4000 रुपये का मानदेय प्राप्त होगा। इस निर्णय से इस योजना के तहत कार्यरत 21431 व्यक्तियों को लाभ मिलेगा। मंत्रिमण्डल ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोज़गार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत 15 अगस्त, 2023 से गैर जनजातीय क्षेत्रों में दिहाड़ी की दरें 224 रुपए बढ़ाकर 240 रुपए करने तथा जनजातीय क्षेत्रों में 280 रुपए से बढ़ाकर 294 रुपये करने को भी स्वीकृति प्रदान की।

बैठक में राज्य में सफाई कर्मियों को स्वास्थ्य बीमा प्रदान करने के लिए उन्हें आयुष्मान भारत योजना के तहत शामिल करने का निर्णय लिया गया।

बैठक में 874 उम्मीदवारों को पटवारी के रूप में और 16 पात्र चेनमैन को चयनित और प्रशिक्षित करने का निर्णय लिया गया जिन्हें अगले पांच वर्षों में राज्य में तैनात किया जाएगा।

मंत्रिमण्डल ने कीरतपुर-मनाली फोरलेन राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात नियमों के उल्लंघन को कम करने और सड़क सुरक्षा मानदण्डों को सुनिश्चित करने के लिए तीन नए स्थापित यातायात सह पर्यटक पुलिस स्टेशनों के प्रबन्धन के लिए विभिन्न श्रेणियों के 48 पद सृजित कर भरने को भी मंजूरी प्रदान की। बैठक में ग्रामीण विकास विभाग में जूनियर ऑफिस एसिस्टेंट (आईटी) के 35 पद भरने का निर्णय लिया गया। मंत्रिमण्डल ने शिक्षा विभाग में 31 मार्च, 2023 और 30 सितम्बर, 2023 तक संयुक्त रूप से 11 वर्ष की दैनिक भोगी और अंशकालिक सेवाओं को पूर्ण करने वाले अंशकालिक जलवाहकों की सेवाओं को नियमित करने की स्वीकृति प्रदान की। मंत्रिमण्डल ने वन भूमि में गिरे पेड़ों की गणना, चिन्हांकन, निष्कर्षण और निपटान के लिए मानक संचालन प्रक्रिया को मंजूरी प्रदान की। इससे स्थानीय स्तर पर लकड़ी की उपलब्धता सुनिश्चित होगी और इसे अपरिष्कृत रूप में ढालने में भी मदद मिलेगी।

## आईपीसी, सीआरपीसी कानूनों मे सुधारों पर तेजी से काम चल रहा है: मेघवाल

**चंडीगढ़,** 22 अगस्त (एजेंसियां)। केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा है कि केंद्र सरकार अंग्रेजी हुकूमत के बनाए गए भारतीय दंड संहिता (आईपीसी)1860, अपराध प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी)1898 और इंडियन एविडेंस एक्ट- 1872 में संशोधन पर तेजी काम कर रही है। हरियाणा के दौरे पर आये श्री मेघवाल ने मंगलवार को यहां हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के साथ उनके सरकारी आवास पर शिष्टाचार भेंट की तथा इसके बाद उपस्थित मंत्री, विधायक, उच्च अधिकारियों एवं विधि विशेषज्ञों को सम्बोधित करते हुये उक्त कानूनों में संशोधन को लेकर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इन गुलामी की निशानी वाले शब्दों को किताबों से हटाना एक कठिन कार्य था। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्देशानुसार इस कार्य को करने का संकल्प लिया। अध्ययन के बाद पता चला कि ये कानून आयरिश सिस्टम से जुड़े हैं और इन्हें आज के हालात के अनुकूल बनाया जाना अत्यावश्यक है।



■ **मेघवाल ने हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के साथ उनके सरकारी आवास पर शिष्टाचार भेंट की**

उन्होंने कहा कि श्री मोदी ने पहली बार 2019 में उक्त कानूनों में संशोधन का विचार रखते हुये अंग्रेजों के समय से बनाए गए सभी कानूनों की समीक्षा कर इनमें समाज के हित में और समय की जरूरत के मद्देनजर इन कानूनों में बदलाव करने के निर्देश दिये थे। अमृतकाल के पहले साल में गुलामी के इन अंशों को मिटाने के लिए केंद्र सरकार तेजी से इस दिशा में आगे बढ़ रही है और जल्द ही नए सुधारात्मक कानून लागू होंगे। इस दौरान उन्होंने उपस्थित उच्चाधिकारियों और कानूनी विशेषज्ञों से इन कानूनों में संशोधन को लेकर सीधा संवाद भी किया। इससे पहले श्री खट्टर ने राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों के बारे में श्री मेघवाल को विस्तार से जानकारी दी। केंद्रीय मंत्री ने श्री खट्टर के साथ अपने पुराने सम्बंधों का जिक्र करते हुए हरियाणा के समग्र विकास के लिये किये जा रहे अभिनव प्रयासों के लिए उनकी सराहना की।

इस अवसर पर उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला, शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कमल गुप्ता, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जय प्रकाश दलाल, महिला एवं बाल विकास मंत्री कमलेश ढांडा, राज्य मंत्री संदीप सिंह, विधायक सुभाष सुधा, मुख्य सचिव संजीव कौशल, मुख्यमंत्री के प्रमुख प्रधान सचिव डी.एस. ढेसी, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव अमित कुमार अग्रवाल, गणमान्य व्यक्ति और अधिकारी उपस्थित थे।

## सार संक्षेप

### मल्टीकल्चरल सेंटर बनेगा जयपुर का रवीन्द्र मंच

**जयपुर।** सांस्कृतिक गतिविधियों के हृदयस्थल जयपुर के रवीन्द्र मंच को मल्टीकल्चरल सेंटर के रूप में विकसित होगा वहीं जयपुर कथक केंद्र का भी आधुनिकीकरण किया जाएगा। राज्य सरकार द्वारा दोनों ही केंद्रों के सौन्दर्यीकरण, सुदृढ़ीकरण और आधुनिकीकरण के लिए चार करोड़ रुपए व्यय किए जाएंगे। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इस आशय के वित्तीय प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की है। इस स्वीकृति से रवीन्द्र मंच पर तीन करोड़ रुपए से विकास कार्य होंगे। इससे मुख्य सभागार की कुर्सियों के फिक्चर्स एवं कारपेट एवं आंतरिक साज सज्जा, स्टेज लाइट व्यवस्था के लिए कंसोल, साउंड सिस्टम सहित आधुनिक उपकरण, एयरकंडीषन के सुधार कार्य होंगे। साथ ही रवीन्द्र मंच पर नवीन कैफेटेरिया का निर्माण, अतिथियों के लिए गेस्ट हाउस, पुस्तकालय, अभिलेखागार/फोटो गैलेरी, खुला गार्डन मंच, वर्तमान भवन के बाहरी सौन्दर्यीकरण के कार्य, प्रदर्शनी स्थल एवं शिल्पग्राम सहित विभिन्न कार्य कराए जाएंगे।

### डोडा चूरा तस्करी के आरोपी को पांच वर्ष की सजा

**भीलवाड़ा।** राजस्थान के भीलवाड़ा में सात साल पुराने अफीम डोडा-चूरा तस्करी के एक मामले में मंगलवार को विशिष्ट न्यायाधीश (एनडीपीएस प्रकरण) ने आरोपी को पांच साल की सजा सुनाई। विशिष्ट लोक अभियोजक कैलाशचंद्र चौधरी ने बताया कि पुर थाने के तत्कालीन प्रभारी रामावतार चौधरी ने 31 अगस्त 2016 को पुर ओवरब्रिज के नीचे नाकाबंदी कर वाहनों की जांच की। इस दौरान चित्तौड़गढ़ की ओर से आई एक कार के चालक को रुकने का इशारा किया तो चालक नाकाबंदी तोड़ता हुआ कार को अजमेर की ओर भगा ले गया। पुलिस ने पीछा कर कार को रुकवाकर उसकी तलाशी ली तो उसमें दो बोरियों में डोडा-चूरा मिला। वजन करवाने पर डोडा-चूरा 41 किलो 500 ग्राम पाया गया। पुलिस ने कार सहित डोडा चूरा जब्त कर चालक कालूलाल को गिरफ्तार कर जांच के बाद उसके खिलाफ न्यायालय में चार्जशीट पेश की।

### शिक्षकों पर समाज को सुधारने का दायित्व होता है

**भीलवाड़ा।** शिक्षक अगर समाज को सुधारने की ठान ले, तो दुनिया की कोई ताकत उन्हें नही रोक सकती। शिक्षकों के विभिन्न दायित्व होते है। इन्ही दायित्वों में से एक है, बच्चों को आत्मविश्वासी बनाना। यह बात जिला कलेक्टर आशीष मोदी ने मंगलवार को राजीव गांधी ऑडिटोरियम में आयोजित एक दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान कही। उन्होंने कहा कि बच्चों का अधिकांश समय विद्यालय में गुजरता है। इसलिए बच्चों के व्यक्तित्व विकास की जिम्मेदारी अध्यापकों की हो जाती है, क्योकि बच्चे मिट्टी के कच्चे घड़े की तरह होते है।

### सुडोकू 6294 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 1 | 2 | 7 | 8 | 9 | 6 | 5 | 4 |
| 6 | 5 | 8 | 1 | 2 | 4 | 9 | 7 | 3 |
| 4 | 9 | 7 | 6 | 5 | 3 | 1 | 8 | 2 |
| 2 | 7 | 5 | 3 | 4 | 6 | 8 | 1 | 9 |
| 1 | 3 | 9 | 2 | 7 | 8 | 4 | 6 | 5 |
| 8 | 4 | 6 | 5 | 9 | 1 | 3 | 2 | 7 |
| 7 | 8 | 3 | 9 | 1 | 2 | 5 | 4 | 6 |
| 5 | 6 | 1 | 4 | 3 | 7 | 2 | 9 | 8 |
| 9 | 2 | 4 | 8 | 6 | 5 | 7 | 3 | 1 |

## पंजाब के मुख्यमंत्री के गृह जिले में किसान करेंगे विरोध प्रदर्शन

**चंडीगढ़,** 22 अगस्त (एजेंसियां)। संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले किसान यूनियनों ने मंगलवार को अपनी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री भगवंत मान के गृह जिले में 2 सितंबर तक धरना देने की घोषणा की, जिसमें पंजाब और हरियाणा के संगठन शामिल हैं। किसानों ने राज्य सरकार पर उनकी मांगों को स्वीकार करने के लिए दबाव बनाने के लिए पंजाब में राष्ट्रीय राजमार्गों पर टोल प्लाजा पर धरना-प्रदर्शन किया। मांगों में बाढ़ के कारण फसल बर्बाद होने का मुआवजा, कृषि ऋण माफी और फसलों का लाभकारी मूल्य देना शामिल हैं। वे बाढ़ प्रभावित किसानों के लिए केंद्र से 50,000 करोड़ रुपए के विशेष पैकेज की मांग कर रहे हैं। किसान बर्बाद फसल की भरपाई के लिए 50,000 रुपए प्रति एकड़ मुआवजा, क्षतिग्रस्त घर के लिए 5 लाख रुपए और बाढ़ में मरने वाले व्यक्ति के परिवार के लिए 10 लाख रुपए मुआवजे की भी मांग कर रहे हैं। अपने प्रदर्शन के दौरान किसानों ने टोल प्लाजा से गुजरने वाले



**संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले किसान यूनियनों ने मंगलवार को अपनी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री भगवंत मान के गृह जिले में 2 सितंबर तक धरना देने की घोषणा की**

वाहनों का शुल्क नहीं काटने दिया। इस बीच, किसानों के मुद्दों पर सरकार की संवेदनशीलता को उचित ठहराते हुए पंजाब के राजस्व, पुनर्वास मंत्री ब्रह्म शंकर जिम्पा ने कहा कि सरकार ने बाढ़ के कारण फसल के नुकसान की भरपाई के लिए 186 करोड़ रुपए से अधिक जारी किए हैं।

एहतियात के तौर पर पंजाब पुलिस ने पंजाब और हरियाणा के सैकड़ों किसान नेताओं को एहतियातन हिरासत में ले लिया है। सोमवार को संगरूर के लोंगोवाल शहर में विरोध प्रदर्शन के दौरान एक 70 वर्षीय किसान की मौत हो गई। किसानों के साथ झड़प के दौरान पांच पुलिसकर्मी भी घायल हो गए। शिरोमणि अकाली दल ने मांग की है कि मुख्यमंत्री भगवंत मान पर हत्या के आरोप में मामला दर्ज किया जाए। पुलिस से झड़प में किसान की मौत का आरोप पुलिस पर लगाया गया। प्रदर्शनकारी किसान मृत किसान के निकटतम परिजन के लिए मुआवजे और सरकारी नौकरी की मांग कर रहे हैं। उन्होंने लोंगोवाल में 2 सितंबर तक अपना विरोध जारी रखने की घोषणा की, जिस दिन अगली कार्रवाई की घोषणा की जाएगी। हरियाणा में अंबाला जिले में विभिन्न कृषि संघों के 100 से अधिक किसानों को हिरासत में लिया गया। जब किसानों को चंडीगढ़ की ओर मार्च करने की अनुमति नहीं दी गई तो उन्होंने अंबाला शहर के पास हिसार-चंडीगढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग को अवरुद्ध कर दिया।

## एचआरटीसी की बसों में सामान को लेकर बढ़ाया गया किराया किसान और गरीब विरोधी निर्णय : धर्माणी

**शिमला,** 22 अगस्त (देशबन्धु)। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता मोहिंद्र धर्माणी ने कहा की सरकार द्वारा एचआरटीसी की बसों में सामान को लेकर बढ़ाया गया किराया किसान और गरीब विरोधी निर्णय है। आज आपदा के समय में किसान और गरीब अपनी रोजी रोटी के लिए संघर्ष कर रहा है, वही सरकार के इस निर्णय ने गरीब की कमर तोड़ दी है। सरकार द्वारा कुछ महीने पहले डीजल और पेट्रोल की कीमतें बड़ाने से जहां आम आदमी महंगाई से परेशान था वही बसों में सफर करने वाला सामान्य व्यक्ति सरकार के इस निर्णय से और परेशानी में आ जाएगा। धर्माणी ने कहा हिमाचल पथ परिवहन निगम ने आय बढ़ाने और जनता पर बोझ बड़ाने के लिए बसों में ले जाने वाले सामान के टिकट की दरें तय की हैं। पहले 30 किलो सामान ही मुफ्त जाता था। 40 किलो का आधा टिकट और 80 किलो का पूरा टिकट बनता था। अब 30 किलो से अधिक सामान के लिए 15 किलो का एक चौथाई टिकट लेना होगा। पहले 25 किलो पर एक चौथाई टिकट लेना होता था। फुल बॉक्स के लिए आधा टिकट लगेगा। बिना यात्री हाफ बॉक्स के लिए आधा टिकट, फुल बॉक्स के लिए पूरा टिकट लगेगा। अब तक एक यात्री अपने साथ सेब का एक फुल बॉक्स मुफ्त ले जा सकता था। पेट्रोल, डीजल, केरोसिन, एसिड, गन पाउडर, गुटका, पान मसाला सहित 25 अन्य सामान ले जाने पर प्रतिबंध लगाया गया है। यात्री के साथ दो लैपटॉप मुफ्त और बिना यात्री के पूरे टिकट के पैसे देने होंगे।



**जगत सिंह नेगी पर कसा तंज**

उन्होंने मंत्री जगत सिंह नेगी पर तंज कसते हुए कहा की 200 करोड़ की रही सरकारी खजाने में जमा होनी है ना की उनके खाते में, शायद मंत्री जी अपने मोबाइल में पैसों के आने का एसएमएस चेक कर रहे है।

## राजस्थान में कार्यकर्ताओं की मेहनत से फिर बनेगी कांग्रेस की सरकार : पायलट

**टोंक,** 22 अगस्त (एजेंसियां)। राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं टोंक विधायक सचिन पायलट ने कांग्रेस को नेताओं से ज्यादा कार्यकर्ताओं की पार्टी बताते हुए दावा किया है कि कार्यकताओं की मेहनत से पांच साल पहले प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनी और आने वाले चुनावों में पुन: कांग्रेस की सरकार बनेगी। श्री पायलट आज टोंक में आयोजित कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं की ताकत से पिछले चुनाव में पार्टी ने टोंक से रिकॉर्ड वोटों से जीत दर्ज की। इन पांच सालों में जितना विकास संभव था, हमने उससे



अधिक काम करने का प्रयास किया है। इस दौरान कोरोना जैसी अनेकों चुनौतियां सामने आयी। उन्होंने कार्यकर्ताओं, प्रशासन एवं अधिकारियों का धन्यवाद करते हुए कहा कि आप सभी के सहयोग से हमने हर चुनौती का डटकर मुकाबला किया।

उन्होंने कहा कि केन्द्र में पिछले नौ वर्षो से भाजपा की सरकार काबिज है। भाजपा के नेता हमेशा डबल इंजन की सरकार की बात करते है। भाजपा का डबल इंजन पहले हिमाचल प्रदेश में फेल हुआ, फिर कर्नाटक में फेल हुआ। भाजपा केन्द्र में सत्ता में और राज्य में विपक्ष के रूप में असफल हुई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अपने कार्यो के आधार पर प्रदेश में दुबारा सरकार बनायेंगी। उन्होंने कहा कि चुनाव नजदीक आ गये है। अब अनेको पार्टियां आपके बीच आयेगी। आपको मंदिर, मस्जिद, जाति, धर्म के नाम पर गुमराह करने की कोशिश करेगी। हमको उनकी बातों में नहीं आना है और अपने भाईचारे को कायम रखना है।

उन्होंने कहा कि नफरत फैलाने वाले बहुत है, हमें प्यार-मोहब्बत की दुकान खोलने का काम करना है।

## जल मिशन के तहत अधूरे कार्यों को 31 मार्च तक करें पूर्ण : अग्निहोत्री

**शिमला,** 22 अगस्त (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश के उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने जल मिशन का अधूरे कार्य को 31 मार्च 2024 तक पूरा करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि कांगड़ा जिला के लिए जल मिशन के तहत 1027 करोड़ की राशि स्वीकृत की गई है। पालमपुर में जल शक्ति विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए श्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि आम जनमानस को पेयजल तथा सिंचाई की बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के लिए तत्परता के साथ कार्य किया जाए। उन्होंने कहा कि भारी बारिश से क्षतिग्रस्त पेयजल योजनाओं की मरम्मत के लिए भी उचित कदम उठाए जाएं इस के लिए सरकार की ओर से आवश्यक फंड उपलब्ध करवाए जाएंगे ताकि पेयजल आपूर्ति सुचारू हो सके। श्री अग्निहोत्री ने कहा कि भारी बारिश के कारण ब्यास नदी तथा बनेर खड्ड



में स्थित पेयजल योजनाओं के क्षतिग्रस्त होने की आशंका बनी रहती है इस के लिए पेयजल योजनाओं की सुरक्षा के लिए उपयुक्त प्लान भी तैयार किया जाए ताकि भविष्य में बारिश के दौरान पेयजल स्कीमें प्रभावित नहीं हो। एशियन विकास बैंक द्वारा 120 करोड़ पेयजल योजनाओं के लिए प्रस्तावित हैं। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने कांगड़ा जिला में शिवा के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की समीक्षा भी की तथा शिवा परियोजना के सुचारू कार्यान्वयन के लिए उचित कदम उठाने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कांगड़ा जिला के शहरी निकायों के लिए स्वीकृत सिवरेज प्रोजेक्ट्स के कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि पालमपुर नगर निगम के लिए सिवरेज की बेहतर सुविधा के लिए 135 करोड़ स्वीकृत किए गए हैं तथा सिवरेज कार्य को तत्परता के साथ पूर्ण किया जाए। श्री अग्निहोत्री ने पालमपुर में जलशक्ति विभाग के विश्राम गृह के लिए जमीन चयनित करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए हैं ताकि विश्राम गृह के निर्माण की प्रक्रिया आरंभ की जा सके। इससे पहले मुख्य अभियंता सुरेश महाजन ने मुख्यातिथि का स्वागत करते हुए जल शक्ति विभाग की गतिविधियों की विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि भारी बारिश से क्षतिग्रस्त पेयजल योजनाओं की मरम्मत युद्व स्तर पर की जा रही है तथा लोगों को पेयजल आपूर्ति सुचारू तौर पर की जा रही है।

## गहलोत ने राजस्थान 'विजन 2030 का किया शुभारंभ

**जयपुर,** 22 अगस्त (एजेंसियां) मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राजस्थान को देश में अग्रणी राज्य की श्रेणी में लाने के मकसद से मंगलवार को यहां विजन-2030 का शुभारंभ किया। श्री गहलोत ने वर्ष 2030 तक राजस्थान को हर क्षेत्र में भारत का सिरमौर बनाने की दिशा में महत्वाकांक्षी 'राजस्थान मिशन-2030' का बटन दबाकर शुभारंभ किया। उन्होंने जयपुर के बिड़ला सभागार में मिशन के उद्घाटन समारोह में कहा कि प्रदेश की प्रगति को 10 गुना गति देने में प्रत्येक व्यक्ति की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। राज्य सरकार एक करोड़ लोगों से उनके सपनों के राजस्थान के लिए सलाह और सुझाव लेगी। इन्हीं के आधार पर 'विजन-2030 दस्तावेज तैयार कर जारी किया जाएगा।

श्री गहलोत ने कहा कि राजस्थान सामाजिक सुरक्षा, शिक्षा, चिकित्सा, स्वास्थ्य, सूचना प्रौद्योगिकी, महिला सशक्तिकरण, रोजगार, आर्थिक विकास, आधारभूत सरंचना विकास, सोलर ऊर्जा, अनाज उत्पादन सहित हर क्षेत्र में देश का मॉडल स्टेट बन गया है। अब हमें वर्ष 2030 के राजस्थान के सपने को विजन-2030 डॉक्यूमेंट के जरिए साकार करना है। उन्होंने कहा कि इसमें युवाओं की सबसे बड़ी भूमिका रहेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सभी ने मिलकर पिछले पांच साल में राजस्थान की प्रगति को चार गुना बढ़ाया है। अब इसे वर्ष 2030 तक 10 गुना



**प्रदेश की प्रगति को 10 गुना गति देने में प्रत्येक व्यक्ति की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। राज्य सरकार एक करोड़ लोगों से उनके सपनों के राजस्थान के लिए सलाह और सुझाव लेगी:**
**अशोक गहलोत मुख्यमंत्री राजस्थान**

तक ले जाने का लक्ष्य रखा है। इसके लिए आम आवाम से आह्वान है कि वे विजन डॉक्यूमेंट तैयार करने के लिए बहुमूल्य सुझाव-विचार साझा करें। उन्होंने कहा कि कोरोनाकाल में पक्ष-विपक्ष, धर्मगुरूओं, पुलिसकर्मियों, चिकित्सकीय समूहों और आमजन ने जिस तरह मिलकर राजस्थान में देश का सर्वश्रेष्ठ कोविड प्रबंधन किया। अब उसी एकजुटता से मिशन-2030 के लिए प्रदेश की प्रगति को गति देनी होगी। उन्होंने कहा कि विजन-2030 डॉक्यूमेंट प्रदेशवासियों की प्रगति का संकल्प बनेगा।

श्री गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार ने अपने वादों और इरादों के जरिए प्रदेशवासियों को जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया है। कुशल वित्तीय प्रबंधन से राज्य की आर्थिक प्रगति को गति दी है, अब इसे तीव्र गति से आगे बढ़ना होगा। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य का अधिकार, राजस्थान न्यूनतम आय गारंटी, गिग वर्कर्स वेलफेयर एक्ट लाने वाला राजस्थान एकमात्र राज्य है। अब राजस्थान एक विकसित राज्य बने, प्रति व्यक्ति आय, हैप्पीनेस इंडेक्स और निवेश अधिक से अधिक बढ़े, यही हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में विशेषज्ञों, अधिकारियों, गैर सरकारी संगठनों, युवाओं, महिलाओं, विद्यार्थियों और आमजन से संवाद किया। सभी ने प्रदेश की प्रगति में अपनी अपेक्षाएं, विचार और सुझाव बताए। बालिकाओं ने राजस्थान को महिला/बालिका सुरक्षा की दृष्टि से अग्रणी बनाने, उड़ान योजना के विस्तार, आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था, ई-मार्केटिंग को बढ़ावा देने, विद्यालयों और महाविद्यालयों में करिअर ओरिएंटेड ट्रेनिंग कराने, उच्च शिक्षा में विद्यार्थियों की अधिकाधिक उपस्थिति अनिवार्य कराने, यूपीएससी की तरह आरपीएससी का कैलेंडर जारी कराने, एग्री टूरिज्म, एग्री फार्मिंग के प्रोत्साहन सहित अनेक सुझाव दिए।

## ईआरसीपी पर केवल राजनीति कर रहे गहलोत : शेखावत

**अलवर,** 22 अगस्त (एजेंसियां)। केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने ईस्टर्न राजस्थान कैनाल प्रोजेक्ट (ईआरसीपी) को लेकर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर राजनीति करने का आरोप लगाया है। श्री शेखावत ने आज यहां पत्रकारों से बातचीत में कहा कि भारत सरकार ने पुरानी पीकेसी के साथ जोड़कर नया लिंक तय किया है, जिसमें 13 जिलों को न केवल पीने का पानी मिलेगा, बल्कि 2 लाख हेक्टेयर सिंचाई का रकबा भी बढ़ेगा, लेकिन इसे मुख्यमंत्री गहलोत स्वीकार नहीं कर रहे। उन्होंने कहा कि पूर्वी राजस्थान के इन 13 जिलों में राज्य की कुल आबादी के 40 प्रतिशत लोग रहते हैं। गहलोत सरकार की राजनीति के चलते इन 13 जिलों की जनता त्रस्त और बदहाल है और यह महत्वाकांक्षी परियोजना सिरे नहीं चढ़ पाई है। शेखावत ने बताया कि वर्ष 2004 से पहले अटल जी की सरकार के समय में नदियों को जोड़ने की परियोजनाओं की परिकल्पना की गई थी। उस समय देश में 31 लिंक चिह्नित किए गए थे। उनमें से एक पार्वती- कालीसिंध-चंबल लिंक मध्यप्रदेश और राजस्थान के बीच भी चिह्नित हुआ था, लेकिन राजस्थान की असहमति के कारण से उस लिंक को उसी समय स्थगित कर दिया गया था। उन्होंने बताया कि वर्ष 2004-14 तक केंद्र में यूपीए की मनमोहन सिंह सरकार के समय इस पर विचार या काम नहीं हुआ। वर्ष 2014 में मोदीजी के प्रधानमंत्री बनने के बाद इस वापस विचार करना प्रारंभ हुआ। वर्ष 2016 में वसुंधरा राजे सरकार ने ईआरसीपी की परिकल्पना के विषय में विचार किया और वर्ष 2017 में वाप्कोस को डिजाइन बनाने के लिए दिया, लेकिन राजस्थान ने देश के तय मानक 75 प्रतिशत के बजाय 50 प्रतिशत डिपेंडेबिलिटी पर बनाया, जिसे स्वीकृति नहीं मिली।

# प्रादेशिकी

## खेतों में चारा लेने गईं चार सहेलियां गंगा की बाढ़ में डूबी, छात्रा की मौत से हाहाकार

**फर्रुखाबाद,**22 अगस्त (देशबन्धु)। गंगा की बाढ़ में डूब कर छात्रा मोनी की मौत हो जाने पर परिवार में हाहाकार मच गया। मोहनी थाना कंपिल के ग्राम सबितापुर निवासी रामब्रज लोधे राजपूत की 14 वर्षीय पुत्री थी। वह गांव के ही जूनियर हाई स्कूल में कक्षा 6 में पढ़ती थी। बताया गया कि मोहनी आज दोपहर गांव की तीन सहेलियों के साथ खेतों में चारा काटने गई थी। इसी दौरान सहेलियां खेत के किनारे लगे कटीले तार में उलझ गई। तारों से बचने के लिए जब सहेलियां आगे बढ़े तो गहराई में चले जाने के कारण डूबने लगी। किशोरियों के शोर मचाने पर मछली मारने वाले मौके पर पहुंचे जिन्होंने तीन सहेलियों को बचाकर पानी से बाहर निकाला। लेकिन गहराई में डूब जाने के कारण मोनी को काफी देर बाद ढूंढ निकाला गया तब तक मोहनी की मौत हो गई थी।

## छह डेयरी प्लांट को दा साल की लीज पर देने का लिया फैसला

**लखनऊ,** 22 अगस्त (देशबन्धु)। योगी सरकार ने मंगलवार को कैबिनेट में प्रदेश के 6 डेयरी प्लांट को 10 वर्षों के लिए लीज पर देने का अहम फैसला लिया है। इससे जहां प्रदेश के पशुपालकों को दुध का उचित मूल्य मिलेगा, वहीं आम जनमानस को गुणवत्तायुक्त दुध उपलब्ध होगा। योगी सरकार ने जिन 6 डेयरी प्लांट को लीज पर देने का निर्णय लिया है उनमें से कुछ प्लांट पूरी तरह से ठप हैं या फिर कुछ प्लांट्स क्षमता के अनुसार काम नहीं कर रहे हैं। योगी सरकार के इस फैसले से पीसीडीएफ का सुदृढ़ीकरण होने के साथ डेयरी फेडरेशन, अर्धसरकारी दुग्ध प्रसंस्करण एवं विपणन संस्थान और दुग्ध संघों को बढ़ावा मिलेगा। योगी सरकार ने कैबिनेट में गोरखपुर, कानपुर, नोएडा, प्रयागराज, आजमगढ़ और मुरादाबाद डेयरी प्लांट को लीज पर देने का निर्णय लिया है। इन प्लांट को लीज पर भले ही दिया जा रहा है, लेकिन इनका स्वामित्व



**गोरखपुर, कानपुर, नोएडा, प्रयागराज, आजमगढ़ और मुरादाबाद प्लांट को लीज पर देने पर लगी मुहर**

पीसीडीएफ और दुग्ध संघों का ही होगा। लीज फर्म को केवल इनके प्रबंधन और संचालन के लिए ही दिया जाएगा। लीज फर्म प्लांट की मूल संरचना के साथ कोई छेड़छाड़ नहीं कर सकेंगी।

बता दें कि वर्तमान में गोरखपुर प्लांट का वार्षिक टर्नओवर 110 करोड़, कानपुर का 325 करोड़, नोएडा का 438 करोड़, प्रयागराज का 65 करोड़, आजमगढ़ का 11 करोड़ और मुरादाबाद का 110 करोड़ है। ऐसे में रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल (आरएफपी) के अनुसार आवेदन करने वाले फर्मों की न्यूनतम मिल्क हैंडलिंग कैपेसिटी, लीज पर दिये जाने वाले प्लांट्स की क्षमता का 50 प्रतिशत होना अनिवार्य है। वहीं प्रथम तीन वर्षों में वार्षिक लीज रेंट समान रहेगा जबकि चौथे वर्ष से लीज रेंट में सामान्य से 5.50 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी की जाएगी। मालूम हो कि वर्तमान में गोरखपुर का वार्षिक लीज रेंट 4.38 करोड़, कानुपर का 13.56 करोड़, नोएडा का 17.89 करोड़, प्रयागराज का 2.63 करोड़, आजमगढ़ का 44 लाख और मुरादाबाद का 4.38 करोड़ है। ऐसे में विभाग को कुल 43.28 करोड़ की धनराशि रिजर्व वार्षिक लीज रेंट के रूप में प्राप्त होगी। इन प्लांट को लीज पर लेने के लिए बनास डेयरी गुजरात, साबर डेयरी गुजरात, मदर डेयरी नई दिल्ली और काम्फेड सुधा डेयरी बिहार ने अपनी रुचि दिखायी है। कैबिनेट के निर्णय के अनुसार डेयरी प्लांट को जहां है जैसा है के आधार पर दिया जाएगा। प्लांट को लीज पर लेने वाली फर्मों को सबसे पहले क्षेत्र सहकारी दुग्ध समितियों से दुध लेने होगा।

## उप्र में युवाओं के हित में हो रहा काम : खन्ना

**लखनऊ,** 22 अगस्त (देशबन्धु)। योगी सरकार ने डिप्लोमा होल्डर एवं सभी स्ट्रीम्स में डिग्री होल्डर युवाओं को कौशल विकास के माध्यम से रोजगार से जोड़ने के लिए बड़ी पहल की है। योगी कैबिनेट ने मंगलवार को मुख्यमंत्री शिक्षुता प्रोत्साहन योजना (उच्च शिक्षा) का विस्तार करते हुए इसमें सभी ग्रेजुएट पास युवाओं को जोड़ने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। साथ ही, इसमें स्टाइपेंड की राशि को भी बढ़ाकर प्रतिमाह 9 हजार रुपए किया गया है।

इसमें राज्य सरकार की ओर से एक हजार रुपए की प्रतिपूर्ति की जाएगी, जबकि बाकी राशि केंद्र सरकार एवं एंयरप्रेन्योर्स द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी, जिनके यहां युवा अप्रेंटिसशिप करेंगे। राज्य सरकार ने इस योजना के लिए 100 करोड़ रुपए की धनराशि का प्रावधान किया है। लोकभवन के मीडिया सेंटर हॉल में वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना और कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कैबिनेट के निर्णयों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सर्वप्रथम विधान मंडल के सत्रावसान का प्रस्ताव पारित किया गया। इसके बाद 25 में से 23

- **डिप्लोमा होल्डर्स के साथ डिग्री होल्डर ग्रेजुएट्स को भी रोजगार से जोड़ेगी योगी सरकार**
- **योगी कैबिनेट ने मुख्यमंत्री शिक्षुता प्रोत्साहन योजना के विस्तार को दी मंजूरी**

प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान की गई। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने योगी कैबिनेट के फैसलों की जानकारी देते हुए कहा कि सबसे महत्वपूर्ण निर्णय मुख्यमंत्री शिक्षुता योजना को लेकर रहा। इसमें अब तक खासतौर पर डिप्लोमा होल्डर्स के लिए अप्रेंटिस की व्यवस्था थी, लेकिन अब नई व्यवस्था में किसी भी स्ट्रीम में ग्रेजुएट स्टूडेंट इस योजना में सम्मिलित हो सकता है। प्रदेश के डिप्लोमा एवं सभी स्ट्रीम में ग्रेजुएट युवाओं को एनएटीएस योजना का लाभ प्रदान करने के साथ ही निजी संस्थानों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से यह योजना लागू की जा रही है। इस वर्ष 10 लाख युवा इस योजना से लाभान्वित हो सकते हैं। वित्त मंत्री ने बताया कि इस अप्रेंटिसशिप प्रमोशनल स्कीम के अंतर्गत राज्य सरकार ने 100 करोड़ रुपए का प्रोवीजन किया है। इसके तहत छात्रों को स्टाइपेंड के रूप में 9 हजार रुपए प्रतिमाह मिलेंगे। इसमें भारत सरकार का 50 प्रतिशत हिस्सा रहेगा। यानी 4500 रुपए भारत सरकार देगी, जबकि 3500 रुपए एंटरप्रेन्योर देंगे जिनके यहां ये प्रशिक्षण या अप्रेंटिसशिप संचालित होगी। 1000 रुपए उप्र सरकार की ओर से प्रदान किए जाएंगे। प्रस्तावित योजना के माध्यम से निजी क्षेत्र के संस्थानों को अधिक से अधिक गैर तकनीकी डिप्लोमाहोल्डर एवं डिग्रीहोल्डर युवाओं को प्रशिक्षु के रूप में नियोजित करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। राज्य सरकार की ओर से अतिरिक्त आर्थिक सहायता प्रदान करते हुए ऐसे निजी संस्थानों को बड़ी संख्या में युवाओं को अप्रेंटिसशिप कराने के लिए प्रेरित किया जाएगा। इसके जरिए प्रदेश के गैर तकनीकी डिप्लोमाहोल्डर्स तथा ग्रेजुएट युवाओं को एक वर्ष का रोजगार प्राप्त होगा, जबकि निजी, शासकीय संस्थानों को कुशल कार्मिक मिलेंगे। बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा गर्भवती महिलाओं के पोषण हेतु संचालित पोषाहार वितरण की व्यवस्था को अब बायोमैट्रिक प्रणाली के माध्यम से वितरित किया जाएगा।

### 25 लाख युवाओं को निशुल्क मिल सकेंगे स्मार्टफोन

उत्तर प्रदेश के युवाओं के तकनीकी सशक्तिकरण के लिए 25 लाख स्मार्टफोन खरीदे जाने के प्रस्ताव को भी योगी कैबिनेट से मंजूरी मिल गई। स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत वर्तमान वित्तीय वर्ष में 3600 करोड़ रुपए बजट में दिए गए हैं। ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट, डिप्लोमा, कौशल विकास आदि विभिन्न शिक्षण, प्रशिक्षण कार्यक्रमों के अंतर्गत युवा वर्ग को स्मार्टफोन निशुल्क प्रदान करने से न केवल वह अपने शैक्षिक पाठ्यक्रमों को सफलतापूर्वक पूर्ण कर सकेंगे, जबकि विभिन्न शासकीय, गैर शासकीय योजनाओं में भी वे इसका सदुपयोग कर रोजगार से जुड़ सकेंगे।

## सार संक्षेप

### नगर पालिका ने सफाई अभियान चलाया

**मवाना।** नगर पालिका परिषद् मवाना के अध्यक्ष अखिल कुमार कौशिक के आदेशों के अनुपालन में वार्ड 14 व 21 मोहल्ला कल्याणसिंह अटौरा रोड पर पालिका के सफाई नायक मनोज के नेतत्व तत्व में सफाई अभियान चलाया गया, जिसमें सफाई कर्मचारियों ने नाली सफाई, झाडू, कूड़ा व वर्षो से उगी घास को साफकराया गया। उक्त अवसर पर अध्यक्ष अखिल कुमार कौशिक के साथ उनके पुत्र मधुर कौशिक, सभासद पति रियाजुद्दीन, रबनवाज, पालिका के सफाई नायक मनोज, राकेश व सफाई कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

### प्रदर्शनी में 12 सीसीटीवी कैमरे व रेड कारपेट बिछेगा

**मवाना।** शहीद चन्द्रभान प्रदर्शनी मवाना में 12 सीसीटीवी कैमरे व रेड कारपेट बिछेगा। दो दिन में सभी व्यवस्थाएं पूरी होने के बाद प्रदर्शनी में सभी आइटम शुरु हो जायेंगे। प्रदर्शनी के ठेकेदार सौरभ शर्मा ने दावा किया कि प्रदर्शनी धीरे-धीरे भरने लगी है। दो दिन में प्रदर्शनी में सभी आइटम व झूले शुरु हो जायेंगे। इस बार प्रदर्शनी में 12 सीसीटीवी कैमरे और मैदान में खाली स्थान पर रेड कारपेट डलवाया जायेगा। प्रदर्शनी में पिछले सालों से बेहतर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। गुरुग्राम के सोहाना में लगे मेले से कई बड़ी दुकानें अभी आनी बाकी है, जल्द ही वे सभी दुकानें आ जायेगी तो प्रदर्शनी ओर बेहतर लगने लगेगी। बताया कि इस साल प्रदर्शनी देरी से लगी और स्थान का भी अभाव है।

### ग्राम बहजादका में 22 ग्रामीणों के आयुष्मान कार्ड बने

**मवाना।** मवाना ब्लाक के ग्राम बहजादका को मॉडल ग्राम में चयनित हुआ है, जिसके अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग ने मंगलवार को स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। इस शिविर में 22 ग्रामीणों के आयुष्मान कार्ड बनाये गये और 170 ग्रामीणों को आभा आईडी कार्ड दिये गये हैं। इसके अलावा 200 ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें दवाइंयां दी गईं।

## प्रसव के दौरान स्टाफ नर्स पर लापरवाही बरतने का आरोप

**सरूरपुर,**22 अगस्त (देशबन्धु)। सीएचसी सरूरपुर में आए दिन लापरवाही बरतने का आरोप लगाते आ रहे हैं उसके बाद भी सीएचसी सरूरपुर का नर्स स्टाफ सही तरीके से उपचार करने की जहमत नहीं उठा रही हैं। वही सोमवार की रात मे पूर्व प्रसव में लापरवाही बरते जाने का मामला सामने आया है। आरोप है। स्टाफ नर्स में सही तरीके से जच्चा बच्चा की साफ-सफाई नहीं की है। और अवशेष अंदर ही छोड़ दिए हैं। जिससे प्रसूता की हालत बिगड़ गई। पीड़ित के परिजनों ने मामले की शिकायत सीएमओ से की है। गांव पांचली बुजुर्ग ग्राम प्रधान पति मसरूफ अहमद ने बताया कि बीते सोमवार को उनके भतीजे गुलजार



की पत्नी सना को प्रसव पीड़ा होने पर आशा कार्यकर्ता सरूरपुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर ले गई। आरोप है कि वहां तैनात महिला स्टाफ नर्स ने प्रसव होने के बाद जच्चा बच्चा की साफ सफाई सही तरीके से नहीं की है। और अवशेष अंदर ही छोड़ दिए हैं। इसके बाद जच्चा की हालत बिगड़ गई। परिजनों का आरोप है कि महिला स्टाफ नर्स ने लापरवाही बरतते हुए पर्सव कराया। लेकिन हालत बिगड़ने पर गंभीर हालत में प्रसूता को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन जच्चा को सरधना के निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। प्रसव के बाद अधिक खून बहने के चलते अब तक प्रसूता की हालत गंभीर बताई गई है। जच्चा के परिजनों ने मंगलवार को सीएमओ से शिकायत कर आरोपी स्टाफनर्स द्वारा लापरवाही बरतने को लेकर कार्रवाई करने की मांग की है। सीएचसी प्रभारी डॉ. अमर सिंह का कहना है कि प्रसव के दौरान स्टाफ नर्स की लापरवाही के मामले की उन्हें जानकारी नहीं है। पीड़ित पक्ष से जानकारी कर जांच रिपोर्ट अधिकारियों को भेजी जाएगी।

## आकाश बायजूस की पहल, परीक्षा एंथे लांच

**मेरठ,**22 अगस्त (देशबन्धु)। आकाश बायजूस ने बहुप्रतीक्षित परीक्षा एंथे (आकाश नेशनल टैलेंट हंट एग्जाम) 2023 के 14वें संस्करण का अनावरण किया। मीडिया को जानकारी देते हुए सचिन कुमार ने बताया एंथे 2023 में छात्रों के लिए रोमांचक उपलब्धि यह है कि 100 प्रतिशत स्कॉलरशिप और कैश अवार्ड के अलावा विभिन्न कक्षाओं के 100 बच्चों को (इसरो) नेशनल साइंस मिशन की 5 दिवसीय यात्रा जीतने का अवसर मिलेगा।




- **अब छात्रों को मिलेगी शत प्रतिशत तक स्कॉलरशिप**
- **26 राज्यों में ऑनलाइन व ऑफ लाइन होगी परीक्षा**

जिसका सारा खर्च आकाश की ओर से वहन किया जाएगा। सीईओ, अभिषेक माहेश्वरी ने एंथे 2023 पर कहा, आकाश नेशनल टैलेंट हंट एग्जाम इच्छाओं और क्षमताओं के बीच अंतर को पाटकर लाखों छात्रों की आकांक्षाओं को पूरा करने में उत्प्रेरक रहा है। हमने 2010 में एंथे की शुरुआत के बाद से, स्थानीय सीमाओं को पार करते हुए, देश भर में योग्य छात्रों तक हमारे कोचिंग अवसरों का विस्तार करने का प्रयास किया है। छात्र एंथे की बदौलत किसी भी स्थान से नीट और आईआईटी-जेईई परीक्षाओं के लिए अध्ययन कर सकते हैं। हम एंथे में महत्वपूर्ण भागीदारी की उम्मीद करते हैं और छात्रों को उज्ज्वल भविष्य की ओर बढ़ने में मदद करने की हमारी प्रतिबद्धता में अटूट हैं। एंथे 2023 भारत के 26 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में ऑनलाइन और ऑफ्लाइन दोनों मोड में 7-15 अक्टूबर, 2023 तक होगा। 100 प्रतिशत तक की छात्रवृत्ति के अलावा, शीर्ष स्कोरर को नकद पुरस्कार भी मिलेगा। एंथे ऑनलाइन परीक्षा के सभी दिनों के दौरान सुबह 10. 00 बजे से रात 09: 00 बजे के बीच आयोजित की जाएगी, जबकि ऑफलाइन परीक्षा 8 और 15 अक्टूबर, 2023 को दो पालियों में आयोजित की जाएगी।



## कार्यालय नगर पालिका परिषद, मवाना ( मेरठ )

**पत्रांक** : 700 / कर विभाग/न0पा0परि0 / 2023-24 **दिनांक** : 22/08/2023

**:: विज्ञप्ति ::**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद् मयाना कर निर्धारण सूची में भवन कर प्रस्तुत किये गये साक्ष्यों, पंजीकृत बैनामा / विरासत के आधार पर उनके सामने अंकित भवन संख्या अपना नाम बतौर स्वामी दर्ज करने हेतु प्रार्थना-पत्र दिये गये है। उक्त नामान्तरण की कार्यवाही हेतु नगर पालिका अधिनियम-1916 की धारा 147 (2) के अन्तर्गत सूचना जारी की जाती है, यदि आप किसी व्यक्ति को भवन नामान्तरण की कार्यवाही पर कोई आपत्ति हो तो यह अपनी लिखित आपत्ति साक्ष्य सहित इस नोटिस के प्रकाशन के 30 दिन के अन्दर कार्यालय में किसी कार्यशील दिवस में प्रस्तुत कर सकता है वाद निर्धारित अवधि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा।

| क्र0 सं0 | नाम क्रेता, पिता/पति का नाम | नाम विक्रेता, पिता/पति का नाम | मौहल्ला | भवन संख्या | कर निर्धारण वर्ष | प्रस्तुत किया गया साक्ष्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री विपिन कुमार पुत्र सुखबीर व आशा पत्नि विपिन | इस्लामुद्दीन पुत्र शमशुद्दीन | मुन्नालाल | 2827 | 2023-24 | बैनामे के आधार पर |
| 2 | अनिता पत्नि मुकेश कुमार | सुदेश सचदेवा पत्नि स्व0 वेद कुमार | मुन्नालाल | 1721/24अ | 2023-24 | बैनामे के आधार पर |
| 3 | अजय कुमार गुप्ता पुत्र जर्नाधन स्वरूप | राकेश कुमार गुप्ता पुत्र जर्नादन स्वरूप | मुन्नालाल | 69 | 2023-24 | दानपत्र के आधार पर |
| 4 | जितेन्द्र पुत्र ताराचन्द 1/6 भाग पर | अंगूरी पत्नि ताराचन्द, जितेन्द्र अशोक पुत्र तारा | तिहाई | 344, 345, 337 | 2023-24 | बैनामे के आधार पर |
| 5 | सलीम पुत्र फिरोजुद्दीन | अख्तर पुत्र अबरार | कावलीगेट | 2365 | 2023-24 | बनाने के अधार पर |
| 6 | संजय पुत्र हरि सिंह | हरि सिंह पुत्र ब्रहम वैद्यराज गजराज अशोक पुत्र सुनहेरी | हीरालाल | 904 | 2023-24 | मृत्यु वसीयत के आधार पर |
| 7 | तसलीम, फरजाना पुत्री साबुद्दीन | साबुद्दीन पुत्र सददीक | कल्याणसिंह | 1444 | 2023-24 | मृत्यु वारिसान के आधार पर |
| 8 | मोसम अली पुत्र जुम्मा | जुम्मा पुत्र मोलाबक्श | कावलीगेट | 2683 | 2023-24 | मृत्यु वारिसान के आधार पर |
| 9 | समर तनवीर पुत्र अथर अब्बास | सोहन बीरी पत्नि सुखबीर | कावलीगेट | 699 | 2023-24 | बैनामे के आधार पर |
| 10 | राजेन्द्र कुमार पुत्र गुरूदेव | गुरुदेव पुत्र नानक | कावलीगेट | 1826 | 2023-24 | मृत्यु वारिसान के आधार पर |
| 11 | माया देवी पत्नि सुभाष | आजादवीर पुत्र कालूराम | हीरालाल | 410 | 2023-24 | बैनामे के आधार पर |
| 12 | सजीव कुमार पुत्र राम किशन व श्रीमति मिनाक्षी पत्नि संजीव कुमार | चन्द्रपाल पुत्र रामशरण | कावलीगेट | 1091 | 2023-24 | बैनामे के आधार पर |
| 13 | नवाबुद्दीन पुत्र मुंशी, सायमा पुत्री नवाबुद्दीन | निजामुद्दीन पुत्र नवाबुद्दीन | मुन्नालाल | 1517 | 2023-24 | बैनामे के आधार पर |
| 14 | नेहा रस्तोगी पत्नि प्रियांक रस्तोगी | विजयपाल पुत्र मोतीराम | हीरालाल | 1707 | 2023-24 | बैनामे के आधार पर |
| 15 | श्रीमति रूबी पत्नि शकील अहमद | अनिता रस्तोगी पत्नि सुनीत कुमार रस्तोगी | तिहाई | 1493 | 2023-24 | बैनामे के आधार पर |
| 16 | नफीस पुत्र श्री राफात | श्री सफात अली पुत्र यामीन | कल्याणसिंह | 2716 | 2023-24 | मृत्यु वारिसान के आधार पर |
| 17 | मौ0 आबिद पुत्र शरीफ | आशा सचदेवा पत्नि स्व0 जुगल | हीरालाल | 1604 | 2023-24 | बैनामे के आधार पर |
| 18 | शबाना पत्नि रियासत | रहीसुद्दीन सैफी पुत्र शब्बीर अहमद | कल्याणसिंह | 3679 | 2023-24 | बैनामे के आधार पर |
| 19 | सरफराज जैदी पुत्र नवाब हसन | सईद बानो पत्नि नवाब हुसैन | खैरातअली | 467, 469, 470 | 2023-24 | मृत्यु वारिसान के आधार पर |
| 20 | श्री रियाजुद्दीन व साजिद पुत्र श्री वशीर अहमद | श्री बशीर अहमद पुत्र अब्दुल मजीद | कल्याणसिंह | 3374 | 2023-24 | मृत्यु वारिसान के आधार पर |
| 21 | नीरज पुत्र दीवानचन्द | श्री कान्ति प्रसाद पुत्र केशोदास | मुन्नालाल | 1158 | 2023-24 | मृत्यु वारिसान के आधार पर |
| 22 | आदश पुत्र दीवानचन्द | श्री कान्ति प्रसाद पुत्र केशोदास | मुन्नालाल | 1158 | 2023-24 | मृत्यु वारिसान के आधार पर |

**( राजीव कुमार )**
**अधिशासी अधिकारी**

## 'खाकी-द बिहार चैप्टर' दूसरे सीजन के साथ वापसी के लिए तैयार

**मुंबई।** हिट स्ट्रीमिंग शो 'खाकी-द बिहार चैप्टर' अपने दूसरे सीजन के साथ वापस आ रहा है। यह शो बिहार के बैकड्रॉप पर एक रोमांचकारी कॉप-क्रिमिनल चेज प्रस्तुत करता है, जो देश भर के दर्शकों को रोमांचित करता है। दर्शकों और आलोचकों दोनों द्वारा पसंद की गई, यह सीरीज पांच महीनों से ज्यादा समय तक भारत के टॉप 10 टीवी शो में से एक रही और भारत में नेटफ्लिक्स पर सबसे लंबे समय तक ट्रेंडिंग शो में से एक बन गई। अपनी सफलता के बाद, खाकी का दूसरा सीज़न दर्शकों के लिए एक और रोमांचक कहानी ला रहा है। इसके साथ ही निर्माता नीरज पांडे की फ्राइडे स्टोरीटेलर्स एलएलपी ने नेटफ्लिक्स के साथ एक क्रिएटिव पार्टनशिप भी की है।

### वैज्ञानिकों ने नए अध्ययन में किया खुलासा

# उपवास रखने से अल्जाइमर के रोगियों को फायदा



- 'अल्जाइमर' भूलने की बीमारी
- अल्जाइमर से पीड़ित लगभग 80 प्रतिशत लोगों को रात में सोने में कठिनाई
- परीक्षण में चूहों का याददाश्त पर बेहतर प्रदर्शन

**न्यूयॉर्क,** 22 अगस्त (एजेंसियां)। एक अध्ययन से यह बात सामने आई है कि अंतराल में किए गए उपवास अल्जाइमर बीमारी को काफी हद तक ठीक कर सकते हैं। 'अल्जाइमर' भूलने की बीमारी है, जिसके कारण याददाश्त की कमी, निर्णय न ले पाना और बोलने में दिक्कत जैसी समस्या आती है।

शोधकर्ताओं ने अध्ययन चूहों पर किया। अल्जाइमर से पीड़ित लगभग 80 प्रतिशत लोगों को रात में सोने में कठिनाई और भ्रम जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय (यूसी) सैन डिएगो स्कूल ऑफ मेडिसिन के शोधकर्ताओं के चूहों पर किए गए अध्ययन से पता चलता है कि अल्जाइमर रोग में देखी जाने वाली सर्केडियन गड़बड़ी को ठीक करना संभव है।

सेल मेटाबॉलिज्म में प्रकाशित अध्ययन में जिन चूहों को अंतराल में भोजन दिया गया, उनकी याददाश्त में सुधार हुआ और मस्तिष्क में अमाइलॉइड प्रोटीन का संचय कम हुआ।

यूसी सैन डिएगो स्कूल ऑफ मेडिसिन में न्यूरोसाइंसेज विभाग में प्रोफेसर वरिष्ठ अध्ययन लेखक पाउला डेसप्लेट्स ने कहा कि कई वर्षों तक हम मानते रहे कि अल्जाइमर से पीड़ित लोगों में देखी जाने वाली सर्केडियन गड़बड़ी न्यूरो डिजनरेशन का परिणाम है, लेकिन अब हम सीख रहे हैं कि सर्केडियन गड़बड़ी अल्जाइमर रोग के मुख्य कारणों में से एक हो सकता है।

उन्होंने कहा कि हमारे निष्कर्ष इन विकारों को ठीक करने के तरीके प्रदान करते हैं। शोधकर्ताओं ने अल्जाइमर रोग के एक माउस मॉडल में इस रणनीति का परीक्षण किया, चूहों को अंतराल में भोजन दिया, जहां उन्हें प्रत्येक दिन केवल छह घंटे की अवधि के भीतर खाने की अनुमति थी। मनुष्यों के लिए इसका अर्थ प्रत्येक दिन लगभग 14 घंटे का उपवास होगा।

इस शोध में जिन चूहों को हर समय भोजन दिया जाता था, उसकी तुलना में जिन चूहों को अंतराल में भोजन दिया गया, उनकी याददाश्त बेहतर थी। वह रात में कम सक्रिय थे, अधिक नींद लेते थे। नींद के दौरान कम व्यवधान का अनुभव करते थे।

परीक्षण में चूहों ने याददाश्त पर बेहतर प्रदर्शन किया। यह इस बात की ओर इशारा करता है कि अंतराल में लिए गए भोजन से अल्जाइमर रोग को कम करने में मदद मिल सकती है। शोधकर्ताओं ने चूहों में आणविक स्तर पर भी सुधार देखा। अंतराल में भोजन पाने वाले चूहों में शोधकर्ताओं ने पाया कि अल्जाइमर और न्यूरोइन्फ्लेमेशन से जुड़े कई जीन अलग-अलग तरीके से व्यक्त किए गए थे। उन्होंने यह भी पाया कि आहार कार्यक्रम से मस्तिष्क में जमा होने वाले अमाइलॉइड प्रोटीन की मात्रा को कम करने में मदद मिली। डेसप्लेट्स ने कहा कि अंतराल में किया गया भोजन एक ऐसी रणनीति है, जिसे लोग आसानी से अपने जीवन में शामिल कर सकते हैं।

# अभिनेता का काम खुद बोलता है : यामी गौतम



**मुंबई,** 22 अगस्त (एजेंसियां)। 'बाला', 'उरी - द सर्जिकल स्ट्राइक' और 'ओह माय गॉड 2' जैसी हिट फिल्मों में काम कर चुकीं एक्ट्रेस यामी गौतम ने कहा कि मैं इस बात पर विश्वास करती हूं कि एक अभिनेता का काम खुद बोलता है। वह इसी प्रकार की स्वीकृति चाहती हैं।

यामी की फिल्मोग्राफी में 100 करोड़ रुपए की कमाई करने वाली फिल्में 'बाला', 'उरी-द सर्जिकल स्ट्राइक' और अक्षय कुमार स्टारर लेटेस्ट फिल्म 'ओह माय गॉड 2' शामिल हैं। एक्ट्रेस ने कहा कि अपनी फिल्म को दर्शकों से इतना प्यार मिलता देखना सबसे अच्छा एहसास होता है। सारी मेहनत और समर्पण रंग लाती है। इससे बड़ी कोई अनुभूति नहीं है। मैं अपनी फिल्मों को लगातार मिल रहे प्यार और समर्थन के लिए बेहद आभारी हूं।

मैंने हमेशा कहा है कि एक अभिनेता का काम खुद बोलता है, और मैं कई और फिल्मों और बॉक्स ऑफिस की सफलता के लिए इसी तरह की स्वीकृति चाहती हूं। 'ओएमजी 2' भारतीय स्कूलों में यौन शिक्षा के बारे में एक कॉमेडी-ड्रामा फिल्म है, जिसे अमित राय ने लिखा और निर्देशित किया है। यह 2012 में रिलीज हुई ओएमजी- ओह माय गॉड का आध्यात्मिक सीक्वल है और इसमें अक्षय कुमार, पंकज त्रिपाठी और यामी गौतम हैं। यामी ने 'ए थर्सडे' और 'दसवीं' जैसी हिट वेब फिल्मों में भी काम किया है। वह अगली बार 'धूम धाम' में नजर आएंगी।

# चिकित्सकों ने सड़क दुर्घटना में घायल 17 वर्षीय युवक की सर्जरी कर बचाई जान

- सांस की नली से ऑक्सीजन के लीक होने की समस्या को ठीक किया गया

**नोएडा,** 22 अगस्त (देशबन्धु)। फोर्टिस नोएडा के डॉक्टरों ने सड़क दुर्घटना में घायल हुए एक 17 वर्षीय पीड़ित का जीवन बचाया जिनकी सांस की नली में गंभीर चोट आ गई थी। विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े अनुभवी डॉक्टरों की टीम में डॉ. मृणाल सरकार, डायरेक्टर, पल्मोनलॉजी एंड क्रिटिकल केयर, डॉ. शुभम गर्ग, सीनियर कंसल्टेंट, सर्जिकल ऑन्कोलॉजी, डॉ. अजय कौल, चेयरमैन, कार्डिएक साइंसेज और डॉ. अनुतम राय, निदेशक, एनेसथिसिया शामिल रहे। इस टीम ने पूरे मामले के बारे में जानकारी हासिल की और सफल सर्जरी की जो साढ़े चार घंटे से भी ज्यादा समय तक चली। मरीज को भर्ती किए जाने 9 दिनों के भीतर स्थिर स्थिति में डिस्चार्ज भी कर दिया गया।

मरीज की दुर्घटना मेरठ में हुई थी जब वह अपने दोपहिया वाहन पर जा रहे थे और नीलगाय से टकरा गए। उन्हें सांस लेने में दिक्कत हो रही थी और गर्दन के आसपास गंभीर चोटें आई थीं। मरीज इसी स्थिति में पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल में उनकी ट्रेकियोस्टॉमी की गई जहां उनकी गर्दन में जगह बनाकर सांस की नली में ट्यूब डाला गया जिससे उन्हें सांस लेने में मदद मिली। इसके तुरंत बाद अस्पताल ने मरीज़ को फोर्टिस नोएडा के लिए रेफर कर दिया। फोर्टिस नोएडा में भर्ती किए जाने के बाद मरीज को आईसीयू में शिफ्ट किया गया जहां उनकी छाती के सीटी स्कैन से उनकी कॉलर बोन की हड्डी टूटने, दाएं फेफड़े के पूरी तरह खराब हो जाने और छाती में दाईं ओर हवा भर जाने की बात पता चली। मरीज़ के फेफड़ों और हवा निकलने के बारे में जानकारी हासिल करने के लिए ब्रॉन्कोस्कोपी की गई जिससे पता चला कि सांस की नली की दाईं दीवार में अंतर आ गया है और सांस लेने में मिलने वाली लगभग आधी हवा लीक हो जा रही थी।

मामले की जानकारी देते हुए डॉ. मृणाल सरकार, डायरेक्टर, पल्मोनोलॉजी एंड क्रिटिकल केयर, फोर्टिस नोएडा ने कहा कि यह मामला बहुत ही गंभीर था और इसमें तत्काल चिकित्सकीय उपाय की जरूरत था। शुरुआत में वेंटिलेटर पर भी उनकी देखभाल करना मुश्किल हो रहा था क्योंकि ज्यादातर ऑक्सीजन सांस की नली से और छाती के रास्ते निकल जा रही थी। जब मरीज़ वेंटिलेटर पर थे, तभी उनकी ब्रॉन्कोस्कोपी की गई जिससे पता चला कि ट्रेशिया की दाईं ओर एक छोटा सा छिद्र था जिसके लिए सर्जरी करना जरूरी था। इसलिए हमने मरीज की सांस की नली से ऑक्सीजन की लीकेज को रोकने और उसे ठीक करने का फैसला किया।

डॉ. शुभम गर्ग, सीनियर कंसल्टेंट, सर्जिकल ऑन्कोलॉजी, फोर्टिस हॉस्पिटल नोएडा ने कहा कि यह एक मुश्किल प्रक्रिया थी क्योंकि सांस की नली छाती के भीतरी हिस्से में गहराई में हृदय और खून की मुख्य नसों के पीछे होती है जिसकी वजह से सर्जरी करना मुश्किल काम था। मस्तिष्क और अन्य प्रमुख अंगों तक ऑक्सीजन की आपूर्ति बनाए रखना भी बहुत ही चुनौतीपूर्ण काम था।

# व्हाट्सएप आईओएस पर वीडियो मैसेज फीचर कर रहा शुरू

**सैन फ्रांसिस्को,** 22 अगस्त (एजेंसियां)। मेटा के स्वामित्व वाला मैसेजिंग प्लेटफॉर्म व्हाट्सएप आईओएस पर एक वीडियो मैसेज फीचर शुरू कर रहा है। कंपनी ने सोमवार को आधिकारिक चेंजलॉग में कहा कि अब आप चैट में इंस्टेंट वीडियो मैसेज रिकॉर्ड कर सकते हैं और भेज सकते हैं। वीडियो पर स्विच करने के लिए चैट में माइक्रोफ़ोन आइकन पर टैप करके इस फीचर को एक्सेस किया जा सकता है। प्लेटफॉर्म वीडियो कॉल में स्क्रीन शेयरिंग के लिए सपोर्ट भी जारी कर रहा है।

वीडियो कॉल शुरू करने पर यूजर्स को एक नया 'स्क्रीन शेयर' बटन दिखाई देगा। कंपनी ने कहा कि ये फीचर आने वाले हफ्तों में शुरू हो जाएगा।

पिछले महीने, मैसेजिंग प्लेटफ़ॉर्म ने आईओएस पर वीडियो कॉल और अज्ञात कॉलर्स ऑप्शन के लिए लैंडस्केप मोड सपोर्ट को व्यापक रूप से शुरू किया था। यूजर्स सेटिंग्स में जाकर प्राइवेसी में कॉल के ऑप्शन पर क्लिक करें और अज्ञात कॉल करने वालों को साइलेंस कर सकते हैं।

प्लेटफ़ॉर्म ने किसी नए डिवाइस पर स्विच करते समय फुल अकाउंट हिस्ट्री को मूल रूप से ट्रांसफर करने की क्षमता भी जारी की थी। इसको सेटिंग्स के चैट ऑप्शन में जाकर ट्रांसफर चैट को आईफोन में नेविगेट करके एक्सेस किया जा सकता है। बेहतर नेविगेशन के साथ रीडिज़ाइन की गई स्टिकर ट्रे और अधिक अवतारों सहित स्टिकर का एक बड़ा सेट भी लॉन्च किया गया।

# 'केबीसी 15' बिग बी ने कहा, उन्हें पुलिस से बहुत डर लगता है



**नई दिल्ली,** 22 अगस्त (एजेंसियां)। वर्तमान में 'कौन बनेगा करोड़पति' के 15वें सीजन की मेजबानी कर रहे मेगास्टार अमिताभ बच्चन ने कहा है कि उन्हें पुलिस से बहुत डर लगता है। क्विज आधारित रियलिटी शो के छठे एपिसोड में, बिग बी को बैंगनी रंग का थ्री-पीस सूट सेट पहने देखा गया, जिसे उन्होंने सफेद शर्ट के साथ जोड़ा था।

उन्होंने इस गेम शो और हमारे जीवन के बीच गहरे संबंध पर बात करके एपिसोड की शुरुआत की। सवाल और जवाब के बीच किसी अपने की आस जुड़ी होती है। चारों विकल्पों में से सही विकल्प किसी के सपनों का इंतजार करता है। यहां के स्तर हमारी जिंदगी के उतार-चढ़ाव का सहारा बनते हैं। शायद ये गेम किसी के लिए सामान्य है, लेकिन यह किसी और की जिंदगी भी बनाता है। बॉलीवुड के 'शहंशाह' ने कहा कि इसी तरह खेल का जिंदगी से इतना गहरा नाता है।

इसके बाद एपिसोड में कुणाल सिंह डोडिया को हॉट सीट पर बैठने का मौका मिलता हुआ दिखाया गया है। अहमदाबाद, गुजरात के रहने वाले कुणाल अहमदाबाद पुलिस बल में एक युवा पुलिस सब इंस्पेक्टर हैं, और वर्तमान में डीजी कार्यालय में मानवाधिकार विभाग से जुड़े हुए हैं।

बिग बी ने कुणाल से कहा कि सर आपको देखकर डर लग रहा है, क्योंकि आप पुलिस से हैं। हम बहुत डर डर के आपके सामने प्रश्न रखेंगे। लेकिन आप एकदम जोर से उसका उत्तर दीजिएगा। कुणाल ने अभिनेता से कहा कि आप पुलिस से क्यों डरते हैं। हम भी इंसान हैं, जिस पर सीनियर बच्चन जवाब देते हैं, सर वो एक बार डंडा घुमा देते हैं, तो बहुत डर लगता है। वे जहां भी कार रोकते हैं चाहते हैं और कहते हैं बाहर आओ, तुम्हारा नाम क्या है। अपना मुंह खोलो, इसमें फूंक मारो। तुम नशे में हो। इसलिए, जब भी ऐसा होता है तो मुझे बहुत डर लगता है। इसके बाद अमिताभ हंसते हैं और सेट पर मौजूद सभी लोगों को हंसने पर मजबूर कर देते हैं। इसके बाद बिग बी ने भी कुणाल की मुस्कान की तारीफ की।

# क्रू 7 का प्रक्षेपण शुक्रवार को

**वाशिंगटन,** 22 अगस्त (एजेंसियां)। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) के लिए क्रू 7 का स्पेसएक्स ड्रैगन शुक्रवार को पूर्व निर्धारित समय पर प्रक्षेपित किया जाएगा। नासा और स्पेसएक्स के अधिकारियों ने सात घंटे की प्री-लॉन्च कॉन्फ्रेंस के बाद संवाददाताओं को यह जानकारी दी।

नासा अंतरिक्ष संचालन मिशन निदेशालय के एसोसिएट प्रशासक केन बोवर्सॉक्स ने सोमवार को एक ऑडियो-कास्ट प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि यह एक अच्छी समीक्षा थी। हर किसी ने तय समय पर शुक्रवार को प्रक्षेपित करने का फैसला किया। नासा के अधिकारियों ने कहा कि स्पेसएक्स ड्रैगन मिशन अभी भी फ्लोरिडा में नासा के कैनेडी स्पेस सेंटर में लॉन्च कॉम्प्लेक्स 39 ए से शुक्रवार की सुबह 3ः49 बजे ईएसटी योजना के अनुसार प्रक्षेपित होगा। उन्होंने कहा कि ड्रैगन अंतरिक्ष यान जिसका नाम एंड्योरेंस है, शनिवार सुबह स्थानीय समयानुसार 2.02 बजे पर आईएसएस पर पहुंचने वाला है। क्रू-7 प्रक्षेपण में नासा के अंतरिक्ष यात्री जैस्मीन मोघबेली, यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (ईएसए) के अंतरिक्ष यात्री एंड्रियास मोगेन्सन, जापान एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी (जेएक्सए) के अंतरिक्ष यात्री सातोशी फुरुकावा और रोस्कोस्मोस के अंतरिक्ष यात्री कोंस्टेंटिन बोरिसोव शामिल होंगे।

# अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव गेयटी थिएटर शिमला में होगा आयोजित

- 14 वर्ष से 25 वर्ष की आयु के प्रतिनिधि कर सकते हैं ऑनलाइन पंजीकरण

**शिमला,** 22 अगस्त (एजेंसियां)। इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ शिमला (आईएफएफएस) के नौवें संस्करण का आयोजन 22 से 24 सितम्बर को गेयटी थिएटर शिमला में किया जाएगा।

फेस्टिवल के दौरान प्रसिद्ध राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्म निर्माता नंदन सक्सेना और कविता बहल फिल्म निर्माण पर एक विशेष तकनीकी कार्यशाला का आयोजन करेंगे। इस वर्कशॉप में फिल्म मेकिंग में रूचि रखने वाले युवाओं एवं छात्रों को सर्वश्रेष्ठ फिल्मकारों से फिल्म मेकिंग की बारीकियां सीखने का एक महत्वपूर्ण अवसर मिलेगा। फिल्म महोत्सव में आयोजित होने वाली इस कार्यशाला में प्रतिभागियों को फिल्म निर्माण की कला और शिल्प के बारे में गहराई से जानकारी दी जाएगी। वृत्तचित्रों और सामाजिक रूप से प्रासंगिक फिल्मों में अपने अभूतपूर्व काम के लिए प्रसिद्ध नंदन सक्सेना और कविता बहल दशकों के अपने शानदार करियर से प्राप्त अंतर्दृष्टि, तकनीकों और अनुभवों को भी साझा करेंगे। फिल्म निर्माण में उत्कृष्टता को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता के साथ, कार्यशाला में छायांकन, ध्वनि डिजाइन, संपादन, प्रकाश व्यवस्था और फिल्म मेकिंग से सम्बंधित विषयों की एक विस्तृत श्रृंखला शामिल होगी। इस असाधारण कार्यशाला में भाग लेने के इच्छुक 14 वर्ष से 25 वर्ष की आयु के प्रतिनिधि आधिकारिक महोत्सव वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं।

इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ़ शिमला के निदेशक पुष्पराज ठाकुर ने कहा कि फिल्म निर्माण पर कार्यशाला के लिए शिमला के अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के 9वें संस्करण के भाग के रूप में नंदन सक्सेना और कविता बहल को शामिल करके हम सम्मानित महसूस कर रहे हैं। कविता बहल और नंदन सक्सेना ने भारत के अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव, गोवा (आईएफएफआई), मुंबई अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव, फिल्म प्रभाग, कोलकाता अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव, आईडीएसएफएफके-त्रिवेंद्रम, एएलआईएफएफ-कोच्चि, वतावरन-दिल्ली, भारत, ऑस्ट्रेलिया और लंदन के शैक्षणिक संस्थानों में कार्यशालाओं का आयोजन किया है।

# गंभीर रूप से घायल हाथ का किया सफल रीकंस्ट्रक्शन ऑपरेशन



- आगरा के कुलदीप की सफल सर्जरी कर उन्हें दिया सामान्य जिंदगी जीने का दूसरा मौका
- दूसरे चिकत्सकों ने हाथ काटने की दी थी सलाह

**ग्रेटर नोएडा,** 22 अगस्त (देशबन्धु)। दुर्घटना में आगरा के 41 वर्षीय निवासी कुलदीप कुमार का हाथ गंभीर रूप से घायल हो गया। उनके हाथ का सिर्फ 10 फीसदी हिस्सा ही शरीर से लगा रह गया था, जब कुलदीप कुमार नोएडा के जेपी हॉस्पिटल पहुंचे। अस्पताल में डॉ. सौरभ कुमार गुप्ता, एसोसिएट डायरेक्टर, डिपार्टमेन्ट ऑफ प्लास्टिक, एस्थेटिक एंड रीकन्स्ट्रक्टिव सर्जरी तथा उनकी कुशल टीम ने सभी मुश्किलों का सामना करते हुए सफलतापूर्वक उनका इलाज किया गया। दुर्घटना के बाद कुलदीप कुमार और उनका परिवार आगरा के कई स्थानीय अस्पतालों में गए, जहां उन्हें निराशा ही हाथ लगी। कई डॉक्टरों ने कहा कि अंग को काट देना ही एकमात्र विकल्प बचा है, ऐसे में कुमार परिवार पूरी तरह हताश और निराश हो गया था। जेपी अस्पताल पहुंचने पर डॉ. सौरभ गुप्ता और उनकी टीम ने तुरंत कुलदीप की सर्जरी करने का फैसला लिया, जो बेहद जटिल और चुनौतीपूर्ण था। सर्जन्स ने रीप्लान्टेशन का विकल्प चुना और माइक्रोसर्जरी के द्वारा रीवैस्कुलराइजेशन किया। डॉ. सौरभ गुप्ता, एसोसिएट डायरेक्टर, डिपार्टमेन्ट ऑफ प्लास्टिक, एस्थेटिक एण्ड रीकन्सट्रक्टिव सर्जरी ने कहा कि इस प्रक्रिया में माइक्रोवैस्कुलर एनास्टोमोसिस को शामिल किया गया, यह एक ऐसी सर्जिकल प्रक्रिया है जिसमें छोटी-छोटी ब्लड वैसल्स को बाल से भी पतले टांके का उपयोग कर सिला जाता है। इस तकनीक से खून का प्रवाह और सर्कुलेशन सामान्य हो गया। ऐसा हाथ, पैर की अंगुलियों में चरम मामलों में किया जाता है। कुलदीप के मामले में कोहनी पर ऐसा किया गया। हमने बड़ी ही सावधानी से वैसल्स को फिर से कनेक्ट किया, हमने सुनिश्चित किया कि रक्त की आपूर्ति ठीक से होने लगे, जिससे घाव जल्दी भर जाए और अंगों को नुकसान न पहुंचे।

कुलदीप कुमार ने कहा कि मेरे पास डॉ. सौरभ गुप्ता एवं उनकी टीम का धन्यवाद करने के लिए शब्द नहीं हैं। जब दुर्घटना के कारण मेरी पूरी दुनिया खत्म हो गई थी, हर दरवाजा बंद हो गया था, तब उन्होंने मुझे उम्मीद की नई किरण दी।

# आईआईटी मंडी टीम ने मिट्टी के कटाव पर की शोध

- मिट्टी के कटाव से 400 अरब डॉलर का नुकसान

**नई दिल्ली,** 21 अगस्त (एजेंसियां)। भारत में मिट्टी का कटाव एक गंभीर समस्या है। यहां की लगभग 60 प्रतिशत भूमि मिट्टी के कटाव का सामना करती है। देश के 305.9 मिलियन हेक्टेयर के कुल क्षेत्रफल में से लगभग 145 मिलियन हेक्टेयर भूमि को तत्काल संरक्षण प्रयासों की जरुरत है। आईआईटी मंडी टीम ने मिट्टी के कटाव पर रिसर्च की है। इस अध्ययन से पता चला है कि प्राकृतिक वनस्पति जड़ें और अतिरिक्त रेशे मिलकर मिट्टी की एकजुटता में सुधार ला सकते हैं।

आईआईटी के शोधकर्ताओं ने मिट्टी के अपरदन को रोकने के लिए पौधों और रेशों की संभावना को जांचा है। इसके नतीजों को प्रसिद्ध जर्नल ऑफ सॉइल एंड सेडिमेंट्स में प्रकाशित किया गया है।

मिट्टी का अपरदन एक गंभीर वैश्विक एवं पर्यावरणीय समस्या है। इस ओर पूरी दुनिया द्वारा महत्वपूर्ण रूप से ध्यान दिया जा रहा है। एफएओ के नेतृत्व वाली ग्लोबल सॉयल पार्टनरशिप की एक रिपोर्ट के अनुसार दुनिया भर में सालाना 75 अरब टन मिट्टी का अपरदन होता है, जिसके परिणामस्वरूप सालाना लगभग 400 अरब अमेरिकी डॉलर का अनुमानित वित्तीय नुकसान हो रहा है।

मिट्टी अपरदन के भूमि पर दूरगामी परिणाम पड़ते हैं। इससे मिट्टी की उर्वरता कम होना, जल-धारण करने की क्षमता में कमी, फसल की पैदावार में कमी, अपवाह में वृद्धि और जल निकायों में अवसादन के कारण पर्यावरणीय क्षति होती है। इसके अतिरिक्त मिट्टी का कटाव जमीन को अस्थिर करता है, जिससे उच्च ढलानों पर भूस्खलन की आशंका बढ़ जाती है। यह लंबे समय से ज्ञात है कि पौधों की जड़ें मिट्टी के गुणों को बढ़ाकर बारिश की बूंदों को रोककर और जल प्रवाह को कम करके मिट्टी के कटाव को प्रभावी ढंग से कम कर सकती हैं।

आईआईटी मंडी ने बताया कि बायोइंजीनियरिंग की प्रक्रिया मिट्टी को स्थिर करने और कटाव को कम करने के लिए जीवित पौधों और रेशों का उपयोग करता है। मिट्टी को बचाने के अलावा बायोइंजीनियरिंग देशी पौधों की प्रजातियों का उपयोग करके जैव विविधता को भी बढ़ावा देती है।



शोधकर्ताओं ने वर्षा अनुरूपी स्थितियों के अंतर्गत मिट्टी के कटाव अध्ययन के लिए एक लागत प्रभावी प्रयोगशाला सेटअप स्थापित किया है। इस सेटअप के माध्यम से मिट्टी के कटाव पर वर्षा की तीव्रता, ढलान, मिट्टी की बनावट और वनस्पति आवरण के प्रभावों की नियंत्रित जांच की जाती है।

शोध टीम ने मिट्टी के कटाव को मापने और इसे रोकने में बायोइंजीनियरिंग तरीकों की प्रभावशीलता दिखाने के लिए छवि विश्लेषण का उपयोग किया है।

आईआईटी के डॉ. अर्णव भावसर विनायक ने कहा कि सड़क के तटबंधों, ढलानों और छोटे प्राकृतिक हिस्सों जैसे छोटे क्षेत्रों के लिए छवि विश्लेषण बेहतर तरीके से काम करता है। लेकिन बड़े क्षेत्रों के लिए मानव रहित हवाई वाहन (यूएवी) और रिमोट-सेंसिंग इमेजिंग बेहतर हैं। हमारा दृष्टिकोण जो आकृति पहचान का उपयोग करता है, वह मौजूदा तकनीकों से बेहतर है, जो अक्सर जटिल और महंगी होती हैं।

इस अध्ययन से पता चला है कि प्राकृतिक वनस्पति जड़ें और अतिरिक्त रेशे मिलकर मिट्टी की एकजुटता में उल्लेखनीय सुधार ला सकते हैं। मिट्टी का प्रकार, नमी की मात्रा और सुदृढीकरण सामूहिक रूप से अपरदन दर को प्रभावित करते हैं, जो मिट्टी संरक्षण रणनीतियों को बनाने के लिए एक बेहतर दृष्टिकोण प्रदान करते हैं।शोधकर्ताओं ने दिखाया है कि प्राकृतिक वनस्पति और भारतीय गूस घास की जड़ें किसी गंभीर अपरदन क्षेत्र को ऐसे क्षेत्र में बदल सकतीं है, जहां मिट्टी का कोई अपरदन नहीं होगा।

# [अर्थ जगत]

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें स्थिर

**नई दिल्ली,** 22 अगस्त (एजेंसियां)। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में आई गिरावट के बीच घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज भी स्थिर रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



### सर्वाधिक बढने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| एनटीपीसी | 4.02 प्रतिशत |
| पावर ग्रिड | 3.00 प्रतिशत |
| टेक महिंद्रा | 2.28 प्रतिशत |
| टाटा स्टील | 2.16 प्रतिशत |
| टीसीएस | 1.96 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| बजाज फाइनेंस | 1.12 प्रतिशत |
| कोटक बैंक | 1.09 प्रतिशत |
| हिंदुस्तान यूनीलीवर | 0.91 प्रतिशत |
| आईटीसी | 0.63 प्रतिशत |
| भारती एयरटेल | 0.46 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम) स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौंड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2500-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2150-2160 |
| आटा | 2800-2290 |
| मैदा | 945-950 |
| चोकर | 620-630 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### चावल

| | |
|---|---|
| बासमती औसत किस्म | 4500-4600 |
| परमल | 1750-1775 |
| चावल सेला | 2250-2350 |
| आरआर (आठ) | 1650-1670 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 4,850-4,950 |
| दाल चना | 4,850-4,950 |
| मसूर काली | 7,800-7,900 |
| उड़द दाल | 10300-10400 |
| मूंग दाल | 7,900-8,000 |
| अरहर दाल | 9700-9800 |

## केंद्र ने 2,410 रुपए प्रति क्विंटल पर प्याज की खरीद शुरू की: पीयूष

**नई दिल्ली,** 22 अगस्त (एजेंसियां)। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को कहा कि केंद्र सरकार ने निर्यात प्रतिबंधों के बीच किसानों की सुरक्षा के लिए महाराष्ट्र में 2,410 रुपए प्रति क्विंटल पर प्याज की खरीद शुरू की है। गोयल ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'एनसीसीएफ और नेफेड ने सोमवार को देश भर के उपभोक्ताओं के लिए 25 रुपये प्रति किलोग्राम की रियायती दर पर प्याज की बिक्री शुरू की थी आज इसे और बढ़ावा दिया जाएगा। उपभोक्ता और किसान दोनों हमारे लिए कीमती हैं। मैं किसानों से आग्रह करता हूं कि वे चिंता न करें और अपनी उपज अच्छी कीमत पर बेचें।' उन्होंने कहा, 'किसानों को चिंता करने की कोई बात नहीं है और उन्हें घबराहट में बिक्री नहीं करनी चाहिए। मैं एकनाथ शिंदे (महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री) और देवेंद्र फड़नवीस (उपमुख्यमंत्री) दोनों के साथ लगातार बातचीत कर रहा हूं। अजीत पवार और मैंने कई बार बात की है। केंद्रीय वाणिज्य मंत्री ने कहा, 'मैं महाराष्ट्र के कृषि मंत्री और कई अन्य राज्य मंत्रियों के संपर्क में हूं।' उन्होंने कहा कि केंद्र कीमतों को स्थिर रखने के लिए उपभोक्ताओं को 25



केंद्र सरकार ने निर्यात प्रतिबंधों के बीच किसानों की सुरक्षा के लिए महाराष्ट्र में 2,410 रुपए प्रति क्विंटल पर प्याज की खरीद शुरू की है:- पीयूष गोयल, केंद्रीय मंत्री

रुपये प्रति किलोग्राम पर प्याज उपलब्ध कराएगा। गोयल ने कहा, 'हम उन क्षेत्रों में पहुंचेंगे, जहां प्याज की कीमतें बढ़ रही हैं और रियायती कीमतों पर प्याज उपलब्ध कराएंगे।' प्याज की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं और कीमतें 30 रुपए प्रति किलोग्राम से बढ़कर अब 40 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई हैं।मंत्री ने कहा, '17 अगस्त को दो अहम फैसले लिए गए, निर्यात पर 40 फीसदी टैक्स लगाया गया है. लेकिन इसके साथ ही एनसीसीएफ और एनएफईडी 3 लाख की जगह 5 लाख टन प्याज खरीदेंगे, ताकि हमारे किसानों को परेशानी न हो. कोई समस्या नहीं। दो लाख टन प्याज 2,410 रुपए प्रति क्विंटल पर खरीदा जाएगा, जबकि एनसीसीएफ और एनएएफईडी दोनों विभिन्न क्षेत्रों में उपभोक्ताओं के लिए 25 रुपए किलो की रियायती दर पर प्याज बेचेंगे। यह सब्सिडी सरकार द्वारा प्रदान की जाएगी।

कीमतों में भारी बढ़ोतरी की आशंका को देखते हुए, केंद्र ने 19 अगस्त को सब्जी की घरेलू उपलब्धता में सुधार के लिए तत्काल प्रभाव से 31 दिसंबर तक प्याज के निर्यात पर 40 प्रतिशत शुल्क लगा दिया था। हालांकि, सोमवार को एशिया की सबसे बड़ी प्याज मंडी नासिक के लासलगांव की कृषि उपज बाजार समिति (एपीएमसी) ने निर्यात शुल्क लगाने के केंद्र के फैसले के विरोध में अनिश्चित काल के लिए प्याज का व्यापार बंद कर दिया, इससे उसे राज्य से प्याज खरीदने के लिए मजबूर होना पड़ा।

## रूस से गेहूं आयात करने की कोई योजना नहीं: सरकार

**नई दिल्ली,** 22 अगस्त (एजेंसियां)। खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा ने मंगलवार को कहा कि किसी भी राजनयिक समझौते के तहत रूस से गेहूं आयात करने की कोई योजना नहीं है। संजीव चोपड़ा ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि नॉन-बासमती चावल के निर्यात को प्रतिबंधित करने की भी कोई योजना नहीं है। पिछले साल टूटे चावल के निर्यात पर प्रतिबंध के बाद, पिछले महीने केंद्र सरकार ने व्यापक रूप से खपत होने वाले गैर-बासमती सफेद चावल के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया था। उन्होंने यह भी बताया कि सरकार इस साल किसानों से 52.1 लाख टन चावल खरीदेगी, जबकि पिछले साल 49 लाख टन चावल खरीदा गया था। संजीव चोपड़ा ने कहा कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) के माध्यम से फोर्टिफाइड चावल भी दिया जाएगा।



किसी भी राजनयिक समझौते के तहत रूस से गेहूं आयात करने की कोई योजना नहीं है:- संजीव चोपड़ा, खाद्य सचिव

## रुपए में कमजोरी, त्योहारी सीजन की शुरुआत के बीच सोना स्थिर रहने की उम्मीद

नई दिल्ली, 22 अगस्त (एजेंसियां)। वैश्विक केंद्रीय बैंकों द्वारा सोना खरीदने और अनिश्चित वैश्विक आर्थिक परिदृश्य को देखते हुए, सोने की कीमत स्थिर रहने की उम्मीद है। एलकेपी सिक्योरिटीज के वीपी रिसर्च एनालिस्ट जतीन त्रिवेदी ने ये बात कही है। हालांकि, यह तेजी से बदल भी सकता है। एनालिस्ट ने कहा कि अगर अमेरिकी फेडरल रिजर्व अपनी दरों में बढ़ोतरी रोकने या ब्याज दर में कटौती की संभावना का संकेत देगा, तो सोने की कीमतें बढ़ने लगेगी।



वैश्विक केंद्रीय बैंकों द्वारा सोना खरीदने और अनिश्चित वैश्विक आर्थिक परिदृश्य को देखते हुए, सोने की कीमत स्थिर रहने की उम्मीद है

डॉलर के मुकाबले रुपए में कमजोरी के संकेत दिख रहे हैं और भारत में त्योहारी सीजन नजदीक है, ऐसे में निवेशकों को सोने में सकारात्मक रुख का फायदा उठाने पर विचार करना चाहिए। भारत में मजबूत त्योहारी मांग सोने की कीमत को स्थिर बनाए रखने के लिए तैयार है। एनालिस्ट ने कहा कि सोना जमा करने के इच्छुक निवेशक 58,500 -- 57,000 रुपए (प्रति 10 ग्राम) के बीच इसे खरीद सकते हैं। इन बातों को ध्यान में रखते हुए, निवेशक सोने के लिए एक आशावादी दृष्टिकोण रख सकते हैं, और वर्ष के अंत तक 61,000 रुपए से 62,000 रुपए के बीच कीमत स्तर की उम्मीद कर सकते हैं। त्रिवेदी ने कहा, यह एक रणनीतिक कदम है जो कमजोर होते रुपये और भारत में त्योहारी सीजन की पारंपरिक उछाल दोनों के अनुरूप है।

## तेल व गैस, रियल एस्टेट और एआई क्षेत्र में मिल रही नौकरियां

नई दिल्ली, 22 अगस्त (एजेंसियां)। घरेलू अर्थव्यवस्था पर पूरी तरह केंद्रित तेल एवं गैस के साथ ही रियल स्टेट और आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) जैसे नये क्षेत्र में अब नयी भर्तियों में बढोतरी हो रही है। व्हाइट कॉलर हायरिंग के लिए जॉब इंडेक्स नौकरी जॉब स्पीक इंडेक्स जुलाई 2023 में 2573 के स्तर पर रहा जो जून 2023 की तुलना में 8 फीसदी कम है और जुलाई 2022 की तुलना में 19 फीसदी कम है। लेकिन तेल एवं गैस, रियल स्टेट और एआई जैसे क्षेत्रों में रोजगार के नये अवसर पर सृजित हो रहे हैं। जून 2023 में 32,205 नौकरियों की तुलना में जुलाई में यह करीब 31,780 पर आ गया। इस महीने में तेल एवं गैस, रियल एस्टेट, एआई, हॉस्पिटैलिटी और ऑटो सेक्टर में काफी भर्तियां की गईं। उतार-चढ़ाव का सामना करते हुए, तेल एवं गैस सेक्टर ने पिछले साल जुलाई की तुलना में भर्ती के रुझानों में 9 प्रतिशत की वृद्धि दिखाना जारी रखा है। घरेलू बाजार में ऊर्जा की बढ़ती खपत से ऑयल और गैस क्षेत्र में निरंतर बढ़ोतरी हुई है। अहमदाबाद, मुंबई, पुणे और हैदराबाद में फील्ड सर्विस इंजीनियर, क्वॉलिटी इंजीनियर, प्रोक्योरमेंट मैनेजर और लॉजिस्टिक्स मैनेजर जैसे पदों के लिए योग्य और कुशल कर्मचारियों की मांग है। इन क्षेत्रों में सीनियर प्रफेशनल्स की मांग भी काफी बढ़ गई है। इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स के तेजी से उभरने और आवासीय प्रॉपर्टी की खरीद में उपभोक्ताओं के बढ़ते निवेश से रियल एस्टेट सेंटर में पिछले साल जुलाई की तुलना में नौकरियों में 5 फीसदी की तेजी आई। कोलकाता, मुंबई, चेन्नई समेत दूसरे शहरों में प्रोजेक्ट मैनेजर-कंस्ट्रक्शन, इंटीरियर डिजाइन, आर्किटेक्ट और सिविल इंजीनियर जैसे पदों पर योग्य लोगों की काफी डिमांड देखी गई। पिछले कुछ महीनों की तरह जुलाई 2023 में भी इस सेक्टर में मध्यम से लेकर सीनियर लेवल के प्रफेशनल्स की डिमांड में काफी बढ़ोतरी देखी गई।




मौजूदा समय में एआई सेक्टर में आई तेजी से नए-नए पदों जैसे फुलस्टैक एआई साइंटिस्ट और एमएल इंजीनियर की मांग बढ़ती जा रही है। फुल स्टैक एआई साइंटस्टिस के लिए उस साल की शुरुआत की तुलना में जुलाई में 9 फीसदी की बढ़ोतरी हुई। एमएल इंजीनियरों की मांग साल की शुरुआत के मुकाबले जुलाई में 6 फीसदी बढी है। टेक एंड फाइनेंस, क्षेत्रों में इन पदों की योग्य प्रोफेशनल्स की डिमांड भी काफी मजबूती से उभरी।

हॉस्पिटैलिटी सेक्टर लगातार विकास कर रहा है। पिछले साल जुलाई की तुलना में जुलाई 2023 में नए पदों के सृजन में 2 फीसदी का उछाल आया। इस सेक्टर में खासतौर से मुंबई और चेन्नई जैसे शहरों में रेस्टोरेंट मैनेजर, होटल मैजेनर और ट्रैवल डेस्क कॉर्डिनेट्स जैसे नए पदों का सृजन किया गया।

आईटी में नौकरियों में भर्ती का ट्रेंड अब भी चिंता का विषय बना हुआ है। पिछले साल जुलाई की तुलना में इस क्षेत्र में नई नौकरियों के सृजन में 46 फीसदी की गिरावट आई। आईटी सेक्टर के अलावा एफएमसीजी, रिटेल, बीपीओ, इंश्योरेंस और शिक्षा के क्षेत्र में नौकरियों में भर्ती के मामले में काफी सर्तकता देखा हई। पिछले साल जुलाई के मुकाबले नए पदों के सृजन के मामले में एफएमसीजी सेक्टर में 23 फीसदी, रिटेल में 23 फीसदी, बीपीओ में 21 फीसदी, इंश्योरेंस में 16 फीसदी और शिक्षा के क्षेत्र में 14 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई।

नये रोजगार के मामले में जयपुर और वडोदरा जैसे गैर-मेट्रो शहर आगे रहे हैं। जयपुर और वडोदरा जैसे तेजी से उभरते शहरों ने विभिन्न पदों पर लोगों की भर्ती के मामले में पिछले साल जुलाई की तुलना में क्रमश 4 और 2 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई। अलग-अलग पदों में लोगों की भर्ती के मामले में प्रमुख रूप से ऑयल एंड गैस, फार्मा और ऑटो सेक्टर में काफी बढ़ोतरी हुई।

## सार संक्षेप

### कार्तिक आर्यन बने डाबर रैड बे फ्रेश जैल के ब्रांड एंबेसडर

**नई दिल्ली।** रोजमर्रा की उपभोक्ता वस्तुयें बनाने वाली कंपनी डाबर इंडिया लिमिटेड ने अभिनेता कार्तिक आर्यन को डाबर रैड बे फ्रेश जैल के लिए ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि डाबर ने आयुर्वेदिक टूथपेस्ट ब्राण्ड 'डाबर रैड' का विस्तार करते हुए नए जैल टूथपेस्ट-डाबर रैड बे फ्रेश जैल का लॉन्च किया है। डाबर रैड पहले से देश के हर 3 में से 1 परिवार में मौजूद है, ऐसे में नए जैल टूथपेस्ट के लिए कार्तिक आर्यन को ब्रांड एंबेसडर बनाने से खासतौर पर युवा भारतीयों में ब्रांड की पहुंच और भी मजबूत होगी। ब्रांड जनरेशन ज़ी एवं मिलेनियल्स (आज की पीढ़ी के युवाओं) को ध्यान में रखते हुए कंपनी ने ब्रांड एंबेसडर के साथ एक अभियान भी शुरू किया है। जिसमें ओरल हाइजीन (मुंह की सफाई) के बारे में बताया गया है।

### गोदावरी इलेक्ट्रिक का ई स्कूटर इबलू फियो हुआ लांच, कीमत 99999 रुपए

नई दिल्ली। इलेक्ट्रिक दोपहिया और तिपहिया वाहन बनाने वाली प्रमुख कंपनी गोदावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स ने आज अपना ई-स्कूटर इबलू फियो के लॉन्च की घोषणा की जिसकी कीमत 99999 रुपए है। कंपनी के सीईओ हैदर खान ने इस ई स्कूटर को आज यहां लॉन्च करते हुये कहा 'इबलू फियो का निर्माण कंपनी की रायपुर स्थित फैक्ट्री में किया गया है। ये सदाबहार डिजाइन का स्कूटर है और उपभोक्ताओं को आराम की बेहतरीन सवारी प्रदान करता है। इसके निर्माण के दौरान कंपनी का ध्यान पूरी तरह परिवार की जरूरतों को पूरा करने वाला स्कूटर बनाने पर रहा। इसमें उपभोक्ताओं को परफॉर्मेंस और सुरक्षा मिलती है। यह एक पैसा वसूल प्रोडक?ट होगा। ईवी टू-व्हीलर सेग्मेंट में प्रवेश कर उनकी कंपनी ने भारत में अगली जेनरेशन की मोबिलिटी को लेकर अपनी प्रतिबद्धता और मजबूत की है।' उन्होंने कहा, 'हम मौजूदा समय में अपने ईवी प्रॉडक्ट्स की बिक्री से उत्साहित हैं। देश भर में अपने मजबूत रिटेल नेटवर्क के साथ हम अपने उपभोक्ताओं के बड़े वर्ग की जरूरतों को पूरा करने में सक्षम होंगे।

### मजबूत स्ट्रेटजी के चलते इन्वेंट्री को बढ़ाने में कामयाब रहा रियलमी

नई दिल्ली। तेजी से बढ़ते स्मार्टफोन बाजार में एक प्रमुख प्लेयर रियलमी 2023 की पहली छमाही में अच्छी तरह से सोची-समझी स्ट्रेटजी की एक सीरीज के माध्यम से अपनी इन्वेंट्री को बढ़ाने में कामयाब रही है। रियलमी के अनुसार, इसने एक व्यापक दृष्टिकोण लागू कर अपने इन्वेंट्री मैनेजमेंट को बदल दिया है, जिसमें प्रोडक्ट लाइफ साइकल के अलग-अलग फेज को शामिल किया गया है। रिटेलर्स के साथ कोलेबोरेशन को बढ़ावा दिया गया है और ऑप्टीमल प्रोडक्ट सेल और सप्लाई मैनेजमेंट को सुनिश्चित किया गया है। कंपनी ने कहा कि उनकी इन्वेंट्री मैनेजमेंट स्ट्रेटजी लाइफ साइकल प्लान से शुरू होती है जिसे तीन प्रमुख चरणों में बांटा गया हैः हॉट सेल्स पीरियड, सस्टीनेन्स और एंड ऑफ लाइफ।

## जियो फाइनेंस में भारी बिकवाली से बाजार की तेजी कुंद

मुंबई, 22 अगस्त (एजेंसियां)। वैश्विक बाजार की तेजी के समर्थन से स्थानीय स्तर पर सोलह कंपनियों में लिवाली तो हुई लेकिन जियो फाइनेंस में करीब पांच प्रतिशत तक की गिरावट ने आज शेयर बाजार की पिछले दिवस की तेजी कुंद कर दी। बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 3.94 अंक बढ़कर 65,220.03 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 2.85 अंक उठकर 19,396.45 अंक पर सपाट रहा। वहीं, दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों में जबरदस्त लिवाली हुई, जिससे बीएसई का मिडकैप 0.94 प्रतिशत की छलांग लगाकर 30,816.28 अंक और स्मॉलकैप 0.89 प्रतिशत उछलकर 35,850.19 अंक पर पहुंच गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 3785 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2213 में लिवाली जबकि 1444 में बिकवाली हुई वहीं 128 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 26 कंपनियां लाल जबकि 23 हरे निशान पर रही वहीं दो के भाव स्थिर रहे। बीएसई में आईटी और बैंकिंग समूह की 0.05 प्रतिशत तक की गिरावट को छोड़कर शेष 17 समूहों में लिवाली हुई। इस दौरान कमोडिटीज 0.52, सीडी 0.56, ऊर्जा 0.04, एफएमसीजी 0.70, वित्तीय सेवाएं 0.09, हेल्थकेयर 0.13, इंडस्ट्रियल्स 1.16, दूरसंचार 2.10, यूटिलिटीज 1.58, ऑटो 0.32, कैपिटल गुड्स 1.25, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.68, धातु 0.47, तेल एवं गैस 0.06, पावर 1.44, रियल्टी 0.19 और टेक समूह के शेयर 0.09 प्रतिशत चढ़ गए।



निफ्टी भी 24 अंक बढ़कर 19,417.10 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 19,443.50 अंक के उच्चतम जबकि 19,381.30 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 19,393.60 अंक की तुलना में 0.01 प्रतिशत उठकर 19,396.45 अंक पर सपाट बंद हुआ। इस दौरान सेंसेक्स की मुनाफा कमाने वाली प्रमुख कंपनियों में आईटीसी 1.45, एनटीपीसी 1.33, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.75, विप्रो 0.65, टाटा स्टील 0.60, एलटी 0.59, एक्सिस बैंक 0.58, मारुति 0.51, पावरग्रिड 0.22, एचसीएल टेक 0.06, रिलायंस 0.03 और नेस्ले इंडिया 0.03 प्रतिशत शामिल रही। वहीं, जियो फाइनेंस ने सबसे अधिक 4.99 प्रतिशत का नुकसान उठाया। साथ ही बजाज फिनसर्व 0.75, एसबीआई 0.55, टीसीएस 0.54, एचडीएफसी बैंक 0.43, टेक महिंद्रा 0.28, आईसीआईसीआई बैंक 0.27, टाटा मोटर्स 0.13, इंफोसिस 0.08, टाइटन 0.08, एशियन पेंट 0.05, जेएसडब्ल्यूएस स्टील 0.04 और सन फार्मा के शेयरों में 0.02 प्रतिशत की गिरावट रही। कारोबार की शुरूआत में सेंसेक्स 56 अंक की तेजी लेकर 65,272.42 अंक पर खुला और लिवाली की बदौलत थोड़ी देर बाद ही 65,362.91 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। बिकवाली के दबाव में यह दोपहर से पहले 65,165.45 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 65,216.09 अंक के मुकाबले 0.01 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 65,220.03 अंक पर सपाट रहा। निफ्टी भी 24 अंक बढ़कर 19,417.10 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 19,443.50 अंक के उच्चतम जबकि 19,381.30 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 19,393.60 अंक की तुलना में 0.01 प्रतिशत उठकर 19,396.45 अंक पर सपाट बंद हुआ। इस दौरान सेंसेक्स की मुनाफा कमाने वाली प्रमुख कंपनियों में आईटीसी 1.45, एनटीपीसी 1.33, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.75, विप्रो 0.65, टाटा स्टील 0.60, एलटी 0.59, एक्सिस बैंक 0.58, मारुति 0.51, पावरग्रिड 0.22, एचसीएल टेक 0.06, रिलायंस 0.03 और नेस्ले इंडिया 0.03 प्रतिशत शामिल रही।

वहीं, जियो फाइनेंस ने सबसे अधिक 4.99 प्रतिशत का नुकसान उठाया। साथ ही बजाज फिनसर्व 0.75, एसबीआई 0.55, टीसीएस 0.54, एचडीएफसी बैंक 0.43, टेक महिंद्रा 0.28, आईसीआईसीआई बैंक 0.27, टाटा मोटर्स 0.13, इंफोसिस 0.08, टाइटन 0.08, एशियन पेंट 0.05, जेएसडब्ल्यूएस स्टील 0.04 और सन फार्मा के शेयरों में 0.02 प्रतिशत की गिरावट रही।

## जिंसों में टिकाव

**नई दिल्ली,** 22 अगस्त (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों की गिरावट और स्थानीय स्तर पर मांग कमजोर रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।



तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में सितंबर का पाम ऑयल वायदा 63 रिंगिट गिरकर 3859 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह सितंबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.70 सेंट की गिरावट लेकर 63.06 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफ़ाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पुराने स्तर पर पड़े रहे।

दाल-दलहन : दाल-दलहन बाजार में भाव स्थिर रहे। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के दाम टिके रहे।

अनाज : अनाज मंडी में टिकाव रहा। इस दौरान चावल और गेहूं के भाव पुराने स्तर पर पड़े रहे।

## जनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से क्लेरिकल जॉब्स खतरे में : आईएलओ अध्ययन

**जिनेवा,** 22 अगस्त (एजेंसियां)। अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) के एक अध्ययन में यह बात सामने आई है कि जनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) केवल कुछ ही कामों में मदद कर सकती है। इससे कई नौकरियां खतरे से बाहर हैं लेकिन वहीं इससे निम्न आय वाले देशों में क्लेरिकल जॉब्स कभी नहीं उभर सकेंगी। अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन की रिपोर्ट में बताया गया है कि अधिकांश नौकरियां और उद्योग ऑटोमेशन से आंशिक रूप से प्रभावित होंगे। वहीं कई इस पर पूरी तरह से निर्भर हो जाएंगे। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का सबसे बड़ा प्रभाव नौकरियों का विनाश नहीं बल्कि नौकरियों की गुणवत्ता और तीव्रता को बढ़ाना है। लेखकों ने कहा कि तकनीकी परिवर्तन के परिणाम पूर्व निर्धारित नहीं हैं। ऐसी तकनीकों को शामिल करने के निर्णय के पीछे इंसान ही हैं और इंसानों को ही इस प्रक्रिया का मार्गदर्शन करने की जरूरत है। क्लर्कों की नौकरियों को सबसे अधिक जोखिम वाली श्रेणी में पाया गया है। जिसमें लगभग एक चौथाई क्लर्कों की नौकरियों पर खतरा मंडरा रहा है। वहीं आधे से अधिक कार्यों में मध्यम स्तर का जोखिम माना गया है। अन्य व्यावसायिक समूहों में, प्रबंधकों, पेशेवरों और तकनीशियनों सहित कार्यों का केवल एक छोटा हिस्सा अत्यधिक जोखिम वाला पाया गया। वहीं लगभग एक चौथाई में खतरा मध्यम स्तर पर था।

## घरेलू व्यवधान आने वाले महीने में मुद्रास्फीति के दबाव को बढ़ा सकते हैं: वित्त मंत्रालय

**नई दिल्ली,** 22 अगस्त (एजेंसियां)। सरकार ने आज कहा कि विकास की संभावनाएं मजबूत बनी हुई है लेकिन वैश्विक और क्षेत्रीय अनिश्चितताएं के साथ ही घरेलू व्यवधान आने वाले महीनों में मुद्रास्फीति के दबाव को बढ़ा सकते हैं, जिससे सरकार और आरबीआई को अधिक सतर्कता की आवश्यकता होगी। वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग द्वारा आज जारी जुलाई महीने की आर्थिक समीक्षा में यह बात कही गयी है। इसमें कहा गया है कि रिपोर्ट को बनाने के दौरान अगस्त में बारिश कमजोर रही है। सरकार ने खाद्य मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के लिए पहले से ही एहतियाती कदम उठाए हैं, जिससे ताजा स्टॉक के आगमन के साथ,




बाजार में कीमतों का दबाव जल्द ही कम होने की संभावना है। वैश्विक मांग में कमी की स्थिति में व्यापारिक निर्यात वृद्धि को मजबूत करने के लिए बाहरी क्षेत्र पर कड़ी नजर रखने की आवश्यकता है। सेवा निर्यात लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहा है और ऐसा जारी रहने की संभावना है।

इसमें कहा गया है कि जुलाई 2023 में खुदरा महंगाई बढ़कर 7.4 प्रतिशत हो गई, जिसमें मुख्य रूप से खाद्य वस्तुओं में वृद्धि हुई, जबकि मुख्य मुद्रास्फीति 39 महीने के निचले स्तर पर रही। काला सागर अनाज सौदे को समाप्त करने के रूस के फैसले के साथ-साथ प्रमुख गेहूं उत्पादक क्षेत्रों में सूखे की स्थिति के कारण अनाज की कीमतों में बढ़ोतरी हुई। जबकि सफेद मक्खी रोग और असमान मानसून वितरण जैसे घरेलू कारकों ने भारत में सब्जियों की कीमतों पर दबाव डाला। खुदरा मुद्रास्फीति और कीमतों में वृद्धि को लेकर रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने आगाह किया है कि खाद्य कीमतों में बढ़ोतरी से निकट अवधि में खुदरा मुद्रास्फीति में वृद्धि हो सकती है हालांकि उसने आने वाले महीने में कीमतों में नरमी की उम्मीद भी जतायी है। समीक्षा में कहा गया है कि खाद्य पदार्थों में कीमत का दबाव अस्थायी रहने की उम्मीद है, जैसा कि बाजार में ताजा आवक के साथ-साथ कृषि क्षेत्र के स्थिर प्रदर्शन से स्पष्ट है। मानसून और खरीफ की बुआई में उल्लेखनीय प्रगति के साथ कृषि क्षेत्र गति पकड़ रहा है। गेहूं और चावल की खरीद अच्छी चल रही है, जिससे देश में खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए खाद्यान्न के बफर स्टॉक स्तर में वृद्धि हो रही है। वित्त वर्ष 2024 की पहली तिमाही में ग्रामीण मांग में क्रमिक गति बनी हुई है। रोजमर्रा की उपभोक्ता वस्तुओं और तिपहिया वाहनों की मांग ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ी है क्योंकि रबी की अच्छी फसल से क्रय शक्ति मजबूत होती है। न्यूनतम समर्थन मूल्यों में वृद्धि और स्वस्थ खरीफ फसलों की संभावनाओं से ग्रामीण मांग में और तेजी आने की संभावना है।

# खेल जगत

## सपने में भी ऐसा नहीं सोचा था कि सीधे एशिया कप में डेब्यू करूंगा : तिलक

**नई दिल्ली,** 22 अगस्त (एजेंसियां)। युवा भारतीय बल्लेबाज तिलक वर्मा ने एशिया कप के लिए 17 सदस्यीय टीम में चुने जाने के बाद कहा कि वह वनडे खेलना चाहते थे, लेकिन उन्होंने कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि उनका डेब्यू सीधे एशिया कप में होगा। तिलक वर्मा, 20 साल का यह युवा बल्लेबाज इन दिनों क्रिकेट जगत में छाया हुआ है। लगातार दो आईपीएल सीजन में मुंबई के लिए दमदार प्रदर्शन करने के बाद तिलक भारतीय क्रिकेट फैंस और टीम इंडिया के टीम सेलेक्टर्स की नजरों में आए। तिलक के पास तकनीक, अच्छा प्रदर्शन करने की भूख और मौके की नजाकत को देखते हुए अपने खेल को बदलने का हुनर भी है चाहे बात स्ट्राइक रोटेट करने की हो या मैदान पर बड़े-बड़े शॉट लगाने की, ये युवा खिलाड़ी हर चीज में बेस्ट है। शायद यही वजह है कि टीम इंडिया ने एशिया कप जैसे बड़े मंच के लिए इस खिलाड़ी को टीम में शामिल किया।



# बल्लेबाजी में लचीलापन लाना जरूरी है : रोहित




मुख्य चयनकर्ता अजित अगरकर फिलहाल तस्वीर में नए हैं और उन्हें नहीं पता था कि इससे पहले क्या हो रहा था। मैंने उन्हें जितना संभव हो सके अपडेट रखने की कोशिश की है। लेकिन इस टीम में एक चीज जो मैं चाहता हूं वह यह सुनिश्चित करना है कि हर कोई कहीं भी बल्लेबाजी करने के लिए तैयार रहे : रोहित शर्मा

**नई दिल्ली,** 22 अगस्त (आईएएनएस)। विश्व कप से पहले टीम में अधिक लचीलापन लाने के लिए भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि वह यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि जरूरत पड़ने पर टीम के खिलाड़ी कहीं भी बल्लेबाजी करने में सक्षम हो।

एशिया कप के लिए भारतीय टीम ने अपनी 17 सदस्यीय टीम का सोमवार को ऐलान कर दिया। इस दौरान रोहित शर्मा ने टीम से जुड़े कई पहलुओं पर बात की। कप्तान ने कहा, मुख्य चयनकर्ता अजित अगरकर फिलहाल तस्वीर में नए हैं और उन्हें नहीं पता था कि इससे पहले क्या हो रहा था। मैंने उन्हें जितना संभव हो सके अपडेट रखने की कोशिश की है। लेकिन इस टीम में एक चीज जो मैं चाहता हूं वह यह सुनिश्चित करना है कि हर कोई कहीं भी बल्लेबाजी करने के लिए तैयार रहे। यह एक बात है जिसे हमें ध्यान में रखना होगा क्योंकि अब खेलने का तरीका बदल रहा है।

रोहित ने यह भी कहा कि आपको लचीलेपन की जरूरत है और ऐसे लोगों की जरूरत है जो किसी भी स्थान पर अपना बेस्ट दे सकें। किसी को यह नहीं कहना चाहिए, मैं इस स्थान पर अच्छा हूं या मैं उस स्थान पर अच्छा हूं।

एशिया कप के लिए आखिरकार केएल राहुल और श्रेयस अय्यर की टीम में इंजरी के बाद वापसी हुई है। रोहित ने कहा, मैं जानता हूं कि बाहरी तौर पर आप लोगों के लिए यह समझना मुश्किल है कि जो खिलाड़ी छठे नंबर पर बल्लेबाजी करता है, वह चौथे नंबर पर क्यों बल्लेबाजी कर रहा है लेकिन संदेश दे दिया गया है और यह रातोंरात नहीं हुआ है। यह एक अंतरराष्ट्रीय खेल है, क्लब क्रिकेट नहीं। ऐसा नहीं है कि हम किसी खास खिलाड़ी को पोजीशन देकर सो जाते हैं और फिर अगली सुबह उसे बदल देते हैं। हम कहते हैं, यह वही है जो हम चाहते हैं। आप एक ही स्थिति में बल्लेबाजी करने वाले एक खिलाड़ी के साथ फंसना नहीं चाहते हैं। ऐसा कहने के बाद, आप कुछ निश्चित स्थानों पर खिलाड़ियों से सर्वश्रेष्ठ प्राप्त करना चाहते हैं।

कप्तान ने कहा, हम बस यह चाहते हैं कि टीम में नंबर 7-8 तक के बल्लेबाज किसी भी पोजिशन में खेलने के लिए तैयार रहें। राहुल और अय्यर की कमी के कारण, उस स्थान पर संजू सैमसन, सूर्यकुमार यादव और अक्षर पटेल को आजमाने के बावजूद, वेस्टइंडीज दौरे के दौरान भारत के पास एक स्थिर मध्यक्रम नहीं था। अय्यर और राहुल की वापसी से उम्मीद है कि भारत मध्यक्रम की उलझन पर राहत की सांस ले सकता है। खासकर चौथे नंबर पर, जो इंग्लैंड में 2019 विश्व कप के दौरान सेमीफाइनल से बाहर होने का एक बड़ा कारण था। लेकिन रोहित चौथे नंबर की गड़बड़ी से बेफिक्र दिखे। रोहित ने कहा, हमारे पास ऐसे लोग हैं जो किसी भी नंबर पर बल्लेबाजी कर सकते हैं और यह नंबर चार के बारे में नहीं है। चुनौतियां आई हैं और लोगों पर दबाव डाला गया है और यह अच्छी बात है। दुर्भाग्य से खिलाड़ियों के इंजरी के कारण हमें अलग-अलग खिलाड़ियों को आज़माना पड़ा।

अजीत अगरकर ने बल्लेबाजी क्रम में लचीलेपन पर रोहित के विचारों को अपनी बात रखते हुए कहा कि रोहित ने यह नहीं कहा कि कोई भी कहीं भी खेल सकता है। उन्होंने जो कहा वह यह है कि एक खिलाड़ी को दिमाग से लचीला होना चाहिए। एक खिलाड़ी को अपनी भूमिका पता होती है, वह कहां खेलने जा रहा है, वह किस ओवर में गेंदबाजी करेगा। एक नई गेंद का गेंदबाज नई गेंद से गेंदबाजी करेगा, या वह बीच के ओवरों में गेंदबाजी कर सकता है या नहीं - ये भूमिकाएं निर्धारित हैं। लेकिन जैसे-जैसे खेल या टूर्नामेंट विकसित होता है, आप किसी के फॉर्म या टीम के फॉर्म को देखते हैं, जिसके खिलाफ खेलते समय खिलाड़ियों को दिमाग में लचीला होना चाहिए।

प्रत्येक कप्तान की योजना होती है कि यह बल्लेबाज यहां बल्लेबाजी करेगा, और हम इस विशिष्ट तरीके से खेलेंगे, लेकिन जैसे-जैसे टूर्नामेंट आगे बढ़ता है, अगर किसी का फॉर्म अच्छा है, कोई अच्छा खेल रहा है या मैच-अप किसी को एक निश्चित गेंदबाज के खिलाफ खेलने का निर्देश देता है, हम उस तरह के लचीलेपन के बारे में बात कर रहे हैं, जो महत्वपूर्ण है।

## एशिया कप में सूर्यकुमार का चयन सही : गंभीर

नई दिल्ली। पूर्व भारतीय क्रिकेटर और कॉमेंटेटर गौतम गंभीर ने सूर्यकुमार यादव को 'प्रभावशाली खिलाड़ी' बताते हुए एशिया कप टीम में उनके चयन को सही ठहराया है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने 30 अगस्त से होने वाले एशियाई कप के लिए 17 सदस्यीय भारतीय टीम की घोषणा सोमवार को की। मुख्य चयनकर्ता अजीत आगरकर ने संवाददाताओं से कहा कि पांच अक्टूबर से होने वाले विश्व कप के लिए भी टीम लगभग ऐसी ही रहेगी। गंभीर ने स्टार स्पोर्ट्स पर कहा, अगर आप विश्व कप जीतना चाहते हैं तो खिलाड़ियों का फॉर्म और प्रभाव ही आपको जीतने में मदद करेगा। चयनकर्ताओं ने एक अच्छा काम यह किया है कि सूर्यकुमार यादव को टीम में चुना है। वह भले ही निरंतरता के साथ रन नहीं बनाते लेकिन वह महत्वपूर्ण प्रभाव डाल सकते हैं। टीम प्रबंधन को उनका इस्तेमाल करने का सबसे कारगर तरीका ढूंढना चाहिए। गंभीर ने इस बात पर भी ज़ोर दिया कि जो खिलाड़ी एशिया कप और उसके बाद ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला में अच्छा प्रदर्शन करते हैं, उन्हें ही विश्व कप में मौका दिया जाना चाहिए। गंभीर ने कहा, जब आप विश्व कप जीतने की कोशिश कर रहे हों तो किसी जगह खेलने के लिए कोई दावेदार नहीं होता। फॉर्म और प्रभाव मायने रखता है। जो खिलाड़ी फॉर्म में हैं उन्हें चुनने की जरूरत है, न कि उन खिलाड़ियों को जो फॉर्म में नहीं हैं। अगर तिलक वर्मा किसी से बेहतर फॉर्म में हैं, अगर सूर्यकुमार यादव श्रेयस अय्यर या केएल राहुल या ईशान किशन से बेहतर फॉर्म में हैं, तो आपको उस खिलाड़ी को चुनने की जरूरत है।

## अनु और साक्षी राणा के एक एक मैदानी गोल से भारत की जू. महिला हॉकी टीम की पहली जीत




■ भारत की जू. टीम ने स्पेन की जू. टीम को 2-1 से हराया

**नई दिल्ली,** 22 अगस्त (देशबन्धु)। अनु और साक्षी राणा के एक एक मैदानीगोल की बदौलत भारत ने स्पेन को डसेलडर्फ में चार देशों के जूनियर महिला हॉकी टूर्नामेंट के मैच में मंगलवार को 2-1 से हराकर तीन मैचों में पहली जीत दर्ज की। पराजित स्पेन की ओर से एकमात्र गोल दूसरे क्वॉर्टर में लिमा टेरेसा ने दागा। भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम अपने पहले मैच में जर्मनी की जूनियर टीम से 1-3 से हार गई और दूसरे मैच में स्पेन को तीन -तीन की बराबरी पर रोका था।

भारत की जूनियर महिला हॉकी टीम ने आक्रामक अंदाज में आगाज किया लेकिन स्पेन की जूनियर टीम की रक्षापंक्ति ने मुस्तैदी से अपने किले की चौकसी कर उसे गोल करने से रोके रखा। अनु ने दूसरे क्वॉर्टर के अधबीच अंततः मैदानी गोल कर भारत की जूनियर महिला हॉकी टीम का खाता खोला। लिसा टेरेसा ने ने अगले ही मिनट मैदानी गोल कर स्पेन की जूनियर टीम को एक-एक की बराबरी दिला दी। तीसरे क्वॉर्टर में कोई गोल नहीं हुआ। साक्षी राणा ने चौथे और आखिरी क्वॉर्टर के दूसरे मिनट में मैदानी गोल कर भारत को 2-1 से आगे कर दिया। स्पेन की जूनियर टीम ने बराबरी पाने के लिए पूरी ताकत झोंक दी लेकिन भारतीय जूनियर महिला टीम ने मुस्तैदी से अपने किले की चौकसी कर 2-1 की बढ़त को आखिर तक बरकरार रख आखिरकार अपनी पहली जीत दर्ज की।

## डूरंड कप : पहले क्वार्टरफाइनल में भिड़ेंगे नॉर्थईस्ट यूनाइटेड, भारतीय सेना

**कोलकाता,** 22 अगस्त (एजेंसियां)। नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी और भारतीय सेना एफटी गुरुवार को गुवाहाटी के इंदिरा गांधी स्टेडियम पर 132वें डूरंड कप के क्वार्टरफाइनल चरण की शुरुआत करेंगे। आयोजकों ने मंगलवार को आयोजित ड्रॉ के बाद इसकी घोषणा की। कोकराझार में भारतीय सेना फुटबॉल टीम और राजस्थान यूनाइटेड एफसी के बीच ग्रुप-एफ मुकाबला समाप्त होने के बाद क्वार्टरफाइनल में पहुंचने वाली आठ टीमों के नाम स्पष्ट हो गये। इसके बाद आयोजकों ने क्वार्टरफाइनल में पहुंचने वाली सभी टीमों की उपस्थिति में वीडियो कॉल पर ड्रा आयोजित किया। नॉर्थईस्ट यूनाइटेड-भारतीय सेना फुटबॉल टीम के मुकाबले के बाद यहां विवेकानंद युवा भारती क्रीडांगन में शुक्रवार को ईस्ट बंगाल एफसी और गोकुलम केरल एफसी दूसरे क्वार्टरफाइनल में आमने-सामने होंगी। एफसी गोवा का मुकाबला शनिवार को चेन्नईयिन एफसी से होगा जबकि मोहन बागान सुपर जायंट रविवार को मुंबई सिटी एफसी से भिड़ेंगे। खराब मौसम के कारण खेल की स्थिति को ध्यान में रखते हुए इस बैठक के दौरान पहले क्वार्टरफाइनल को कोकराझार से गुवाहाटी स्थानांतरित करने का निर्णय भी लिया गया। डूरंड कप तीन अगस्त को शुरू हुआ और इसका फाइनल तीन सितंबर को खेला जायेगा। इस वर्ष टूर्नामेंट में कुल 24 टीमों ने भाग लिया, जिसमें नेपाल और बंगलादेश की दो विदेशी टीमें और भारत के शीर्ष फुटबॉल डिवीजन, इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) की सभी 12 टीमें शामिल थीं।

# बीसीसीआई चयन बैठकों का लाइव कवरेज सभी के लिए उपलब्ध कराए : मनोज तिवारी

**नई दिल्ली,** 22 अगस्त (एजेंसियां)। राष्ट्रीय टीम के चयन में अधिक पारदर्शिता लाने के लिए पूर्व भारतीय क्रिकेटर और बंगाल के वर्तमान खेल मंत्री मनोज तिवारी ने सुझाव दिया है कि बीसीसीआई को इन महत्वपूर्ण बैठकों को बंद रखने के बजाय उनका सीधा प्रसारण करना चाहिए। बंगाल रणजी ट्रॉफी टीम के कप्तान ने यह भी स्पष्ट कर दिया कि अगर उन्हें कभी स्थानीय क्रिकेट निकाय - क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ बंगाल (सीएबी) का प्रमुख बनाया गया तो वह इस तरह के लाइव कवरेज का रास्ता अपनाएंगे। तिवारी ने सोमवार को एशिया कप के लिए भारत की टीम के चयन पर प्रतिक्रिया देते हुए यूट्यूब चैनल क्रिकेट बसु से कहा, प्रशंसकों और प्रत्येक हितधारक के लिए, मैं चयन बैठक का सीधा प्रसारण देखना चाहूंगा ताकि प्रक्रिया में अधिक पारदर्शिता हो। सभी को पता होगा कि किसी खिलाड़ी को किस आधार पर टीम में चुना जाता है या टीम से बाहर किया जाता है। अन्यथा, सवाल बार-बार उठाए जाएंगे। मुझे खुशी है कि



कप्तान रोहित शर्मा और चयन समिति के अध्यक्ष (अजित अगरकर) ने कम से कम प्रेस को संबोधित किया है। अन्यथा, वह भी प्रचलन से बाहर हो रहा था। बीसीसीआई के पास चयनकर्ताओं और खिलाड़ियों के बीच उचित संचार प्रणाली नहीं होने के कारण, तिवारी ने सुझाव दिया कि लाइव प्रसारण निश्चित रूप से ऐसे समय में एक त्वरित समाधान है जब बीसीसीआई जोनल चयन को खत्म कर रहा है और पांच में से दो चयनकर्ता मुंबई से हैं। तिवारी ने कहा, मैं एकमात्र व्यक्ति नहीं हूं जो चयनकर्ताओं, बीसीसीआई से संचार की कमी का शिकार हुआ। मुरली विजय और करुण नायर जैसे अन्य लोग भी थे, जिन्होंने प्रबंधन की ओर से कोई संचार नहीं होने पर बाहर किए जाने के बाद मेरी तरह अपने मन की बात कही। एकमात्र समाधान चयन बैठक को लाइव करना है। उन्होंने यह भी वादा किया कि जिस दिन उन्हें बंगाल क्रिकेट की कमान मिलेगी, वह राज्य टीम चुनने के लिए चयन समिति की बैठक को एक %लाइव% कार्यक्रम बनाएंगे। तिवारी ने कहा, अगर मैं बंगाल आता हूं, तो मैं इसे वैसा बनाऊंगा जैसा बंगाल आज सोचता है, भारत कल सोचता है। मनोज तिवारी ने चयनकर्ताओं और खिलाड़ियों के बीच संवाद की कमी के बारे में अपने खेल के दिनों की कहानियाँ भी बताईं। जब मैं भारत के लिए खेल रहा था तो एक बड़ा संचार अंतराल था। मुझे यह नहीं बताया गया कि मुझे पहले प्लेइंग इलेवन से और फिर टीम से क्यों बाहर किया गया।

## सार संक्षेप

### रांची में खेली जायेगी एशियाई महिला चैंपियन्स ट्रॉफी

**रांची।** हॉकी इंडिया की मेज़बानी में होने वाली एशियाई महिला चैंपियन्स ट्रॉफी 2023 का आयोजन झारखंड के रांची में किया जायेगा। झारखंड सरकार और हॉकी इंडिया ने मंगलवार को यह घोषणा की। यह टूर्नामेंट का सातवां संस्करण होगा जो 27 अक्टूबर से पांच नवंबर के बीच आयोजित किया जायेगा। मौजूदा चैंपियन जापान, उपविजेता कोरिया, चीन, मलेशिया, थाईलैंड और मेजबान भारत के टूर्नामेंट में भाग लेने की उम्मीद है। भारतीय महिला टीम ने 2016 में यह खिताब जीता था जबकि 2018 में अगले संस्करण में टीम उपविजेता रही थी। रांची ने पहले 2012 से 2015 तक कई हॉकी इंडिया लीग मैचों की मेजबानी की है और यह हॉकी इंडिया लीग में भाग लेने वाली फ्रेंचाइजी रांची रेज़ का घर था। हाल के वर्षों में स्टेडियम में कई शीर्ष घरेलू आयोजन हुए हैं। इस अक्टूबर में झारखंड में भाग लेने वाली टीमों का स्वागत करते हुए राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा, महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में भाग लेने के लिये एशिया की सर्वश्रेष्ठ महिला हॉकी टीमों का स्वागत करना हमारे लिये सम्मान की बात है। पिछले एक दशक में झारखंड में हॉकी काफी ऊंचाइयों तक पहुंची है और इस राज्य के कई खिलाड़ी जूनियर और सीनियर दोनों टीमों में भारत के लिये खेल रहे हैं। हमने जयपाल सिंह मुंडा से लेकर सलीमा टेटे तक इस खेल में कई ओलंपियन भी तैयार किये हैं जो हॉकी में राज्य के विकास को प्रदर्शित करते हैं।

### फुटबॉल दिल्ली ने ठोका फीफा विश्व कप 2026 के क्वालीफायर की मेजबानी का दावा

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी की फुटबॉल संरक्षक संस्था फुटबॉल दिल्ली (एफडी) ने भारत और कतर के बीच होने वाले फीफा विश्व कप 2026/एएफसी एशियाई कप 2027 के संयुक्त क्वालीफायर मैच की मेजबानी के लिये अपना दावा पेश किया है। एफडी ने मंगलवार को जारी एक विज्ञप्ति में कहा कि उसने इस मामले में आधिकारिक रूप से अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के सामने अपनी बोली पेश कर दी है। यह मुकाबला 21 नवंबर को खेला जाएगा। फुटबॉल दिल्ली के अध्यक्ष अनुज गुप्ता ने अपनी दावेदारी पर उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, हमें फीफा विश्व कप 2026/एएफसी एशियाई कप 2027 के संयुक्त क्वालीफायर मैच की मेजबानी के लिये अपनी दावेदारी पेश करते हुए गर्व है। यह मैच भारतीय फुटबॉल के लिये बहुत महत्व रखता है और साथ ही दिल्ली में इस खेल को विकासित करने के हमारे विजन के साथ पूरी तरह से मेल खाता है। हमें यकीन है कि इस तरह के प्रतिष्ठित इवेंट की मेजबानी से न केवल हमारे खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ेगा, बल्कि यह और ज्यादा लोगों को फुटबॉल के साथ जुड़ने के लिए प्रेरित करेगा।

# शाकैरी रिचर्डसन बनी धरती की सबसे तेज धाविका

**बुडापेस्ट,** 22 अगस्त (एजेंसियां)। नवोदित शा कैरी रिचर्डसन ने सोमवार को विश्व चैंपियनशिप में महिलाओं की 100 मीटर दौड़ में कई प्रसिद्ध धाविकाओं को पछाड़कर शीर्ष स्थान हासिल किया। शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, 23 वर्षीय अमेरिकी खिलाड़ी ने नौवीं लेन से शुरुआत करते हुए प्रभावशाली ढंग से आगे बढ़ते हुए 10.65 सेकंड का नया टूर्नामेंट रिकॉर्ड बनाया। सेंटर स्टेज पर एक रोमांचक मुकाबले में, जमैका की दिग्गज शेली-एन फ्रेजर-प्राइस और शेरिका जैक्सन ने प्रभुत्व के लिए प्रतिस्पर्धा की। फ्रेजर-प्राइस का सीजन का सर्वश्रेष्ठ 10.77 सेकंड जैक्सन के 10.72 सेकंड के मुकाबले कम रह गया। यह जोड़ी केवल उत्साहित रिचर्डसन को ट्रैक पर जश्न मनाते हुए देख सकी।




रिचर्डसन ने जीतने के बाद कहा,मैं यहां हूं। मैं चैंपियन हूं। मैंने आप सभी को बताया था। मैं वापस नहीं आयी हूं, मैं बेहतर हूं। रिचर्डसन कैनाबिस के उपयोग के लिए निलंबन के कारण टोक्यो ओलंपिक खेलों से चूक गयी थीं और घटिया प्रदर्शन के कारण पिछले वर्ष की विश्व चैंपियनशिप के लिएक्वालीफाई करने में असफल रही थीं। इस स्पर्धा में पांच विश्व चैंपियन खिताब अपने नाम करने वाली, फ्रेजर-प्राइस ने 200 मीटर दौड़ को छोड़ने के अपने इरादे का खुलासा किया। उन्होंने कहा, मुझे ऐसा करने में खुशी हो रही है क्योंकि मैं रिले से पहले थोड़ा आराम कर पाऊंगी। मैं शायद प्रतियोगिता देखने और आनंद लेने के लिए स्टैंड पर आऊंगी और फिर अपनी रिले टीम के साथ तेजी से दौडूंगी। पुरुषों की ट्रिपल जंप में, ह्यूजेस फैब्रिस ज़ैंगो ने 17.64 मीटर की छलांग के साथ बुर्किना फासो के उद्घाटन विश्व चैंपियनशिप का स्वर्ण पदक हासिल किया। उनके बाद क्रमशः 17.41 मीटर और 17.40 मीटर की छलांग के साथ क्यूबा की जोड़ी लाज़ारो मार्टिनेज और क्रिस्टियन नेपोल्स थे।

## यूटीटी की नई फ्रेंचाइजी बनी जयपुर पैट्रियट्स

**मुंबई,** 22 अगस्त (एजेंसियां)। अल्टीमेट टेबल टेनिस (यूटीटी) ने वर्ल्ड ऑफ क्रिडा प्राइवेट लिमिटेड के स्वामित्व वाली जयपुर पैट्रियट्स का सातवीं फ्रेंचाइजी के रूप में लीग में स्वागत किया है। यूटीटी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। भारतीय टेबल टेनिस महासंघ (टीटीएफआई) के तत्वावधान में नीरज बजाज और वीटा दानी द्वारा प्रवर्तित फ्रेंचाइजी-आधारित लीग का चौथा सीजन जुलाई में आयोजित हुआ। बजाज ने नयी फ्रेंचाइजी की घोषणा करते हुए कहा, हम जयपुर पैट्रियट्स को यूटीटी में शामिल करने की घोषणा करते हुए रोमांचित हैं। सातवीं टीम के शामिल होने से प्रतिस्पर्धा का स्तर बढ़ेगा। पिछले कुछ वर्षों में यूटीटी ने जिस तरह से आकार लिया है, हम आने वाले समय में बड़े और बेहतर सीज़न की उम्मीद करते हैं।

जयपुर पैट्रियट्स सीजन पांच में गोवा चैलेंजर्स, चेन्नई लायंस, दबंग दिल्ली टीटीसी, यू मुंबा टीटी, बेंगलुरु स्मैशर्स और पुनेरी पलटन टेबल टेनिस सहित छह टीमों के साथ खिताब के लिये अपनी दावेदारी पेश करेगी। यह फ्रेंचाइजी लीग की पहुंच को एक राज्य तक बढ़ाएगी और देश में खेल को और अधिक लोकप्रिय बनाने में सक्षम बनाएगी। वीटा दानी ने कहा, अल्टीमेट टेबल टेनिस वर्ल्ड ऑफ क्रिडा प्राइवेट लिमिटेड का हमारे परिवार में स्वागत करता है। उनका आगमन इस बात का प्रमाण है कि यूटीटी पिछले कुछ वर्षों में कैसे विकसित हुआ है और यह कैसे बढ़ता रहेगा। हम टेबल टेनिस के खेल को बढ़ावा देने के लिये प्रतिबद्ध हैं और हमें विश्वास है कि जयपुर पैट्रियट्स हमें इस खेल को एक नये क्षेत्र में ले जाने में मदद करेगा। जयपुर पैट्रियट्स की सह-मालिक परिना पारेख ने कहा, हमें अल्टीमेट टेबल टेनिस में हमारी टीम जयपुर पैट्रियट्स को शामिल करके पैट्रियट्स परिवार का विस्तार करने पर गर्व है। एक संगठन के रूप में हमारा उद्देश्य भारत और विश्व स्तर पर विभिन्न खेलों की पहुंच का विस्तार करना है।

हमें विश्वास है कि निकट भविष्य में हम यूटीटी में न केवल राज्य की सर्वश्रेष्ठ पैडलिंग प्रतिभाओं के लिये बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर खेल के लिये मंच बनेंगे।

# भारत की निगाहें अब तीसरा व अंतिम टी-20 भी जीत आयरलैंड का सूपड़ा साफ करने पर

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

नई दिल्ली, 22 अगस्त (देशबन्धु)। कप्तान तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की अनुकरणीय गेंदबाजी से आयरलैंड से मैलाहाइड (ब्रिस्टल) में शुरू के दोनों टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच जीत 2-0 की निर्णायक बढ़त के साथ सीरीज अपने नाम के बाद अब भारत की निगाहें मेजबान टीम से बुधवार को इसी मैदान पर तीसरा और आखिरी मैच भी जीत उसका 3-0 से सूपड़ा साफ करने पर लगी हैं। अपने सभी दिग्गजों को आराम देने के चलते भारत की दूसरे दर्जे की टीम के सामने भी मेजबान आयरलैंड की टीम टिक नहीं पाई है। भारत ने आयरलैंड से पिछले लगातार पांच टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच आसानी से जीते हैं और सीरीज के अंतिम मैच में बुधवार को भी उसकी जीत का सिलसिला और दबदबा जारी रखने की उम्मीद है। बावजूद इसके बड़ा सवाल यह रहेगा कि अपनी दूसरे दर्जे की टीम में क्या भारत तेज गेंदबाज आवेश खान, ऑलराउंडर शाहबाज अहमद और विकेटकीपर बल्लेबाज जीतेश शर्मा को बुधवार को आजमाना चाहेगा। भारत यदि चाहे तो अर्शदीप की जगह आवेश, संजू सैमसन की जगह जीतेश और वाशिंगटन सुंदर की जगह शाहबाज अहमद को मौका दे सकता है। वाशिंगटन सुंदर को भले ही इस सीरीज के शुरू के दो मैचों में कोई विकेट नहीं मिला लेकिन उन्होंने खासी सटीक गेंदबाजी की है। जहां मौसम के मिजाज की बात है तो बुधवार को सूरज के बादलों के बीच आंखमिचौनी करने और तेज हवा चलने की और मौसम के ठंडा रहने की उम्मीद है लेकिन मैच के आखिर में जरूर कुछ बारिश हो सकती है। भारत के लिएआयरलैंड के खिलाफ यह टी-20 सीरीज चोट के बाद वापसी करने वाले बुमराह और प्रसिद्ध कृष्ण जैसेदिग्गज तेज गेंदबाजों की मैच फिटनेस को जानने और एशियाई खेलों से पहले अपनी दूसरे दर्जे की टीम के खिलाडियों को परखने का मौका था। भारत के दोनों ही मकसद आयरलैंड के खिलाफ अंतिम मैच से पहले ही ये दोनों मकसद पूरे हो गए।






सलामी बल्लेबाज एंड्रयू बिलबर्नी के सीरीज के दूसरे और बैरी मैकार्टी के पहले मैच में जड़े अर्द्धशतकों के बावजूद मिली हार के बावजूद आयरलैंड इसी मैदान पर तीसरा और आखिरी टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच भारत से किसी तरह जीत सम्मान बचाने की पुरजोर कोशिश करेगा। भारत के खिलाफ आयरलैंड की दिक्कत यह यही है कि उसके खिलाडियों ने टीम के रूप में बढिया प्रदर्शन करने की बजाय टुकड़ों-टुकड़ों में ही अच्छा प्रदर्शन किया है। उपकप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने मैच की नजाकत के मुताबिक खेल अर्द्धशतक जमा और भारत के लिए क्रिकेट के सबसे छोटे फॉर्मेट में अपने करियर का आगाज करने वाले रिंकू सिंह ने मात्र 21 गेंदों में तीन छक्कों और दो चौकों की मदद से तूफानी 38 रन बना मैन ऑफ द मैच रह भारत को इसी मैदान पर दूसरा टी-20 मैच 33 रन से जिताने में अहम भूमिका निभा यह दर्शाया कि वे अगले महीने होने वाले एशियाई खेलों में टीम को स्वर्ण पदक जिताने के लिए तैयार हैं। भारत के ऋतुराज गायकवाड़ शुरू के दो मैचों में कुल सबसे 77 रन के साथ रन बनाने में सबसे आगे चल रहे हैं और फिर उनके बाद आयरलैंड के बिलबर्नी (कुल 76 रन) हैं।

■ भारत की जीत का सिलसिला और दबदबा जारी रहने की उम्मीद

कप्तान तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और उनके जोड़ीदार प्रसिद्ध कृष्ण चोट के ऑपरेशन के बाद खुद को पूरी तरह मैच फिट साबित करते हुए नौजवान लेग स्पिनर रवि बिश्नोई की तरह शुरू के कुल चार-चार विकेट चटका कर भारत को आयरलैंड के शुरू के दोनों टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच जिताने और सीरीज पर कब्जा कराने में अहम भूमिका निभाई। जसप्रीत बुमराह और प्रसिद्ध कृष्ण के अपनी फिटनेस साबित करने के कारण सीनियर राष्ट्रीय क्रिकेट चयनकर्ताओं ने इन दोनों तथा दूसरे टी-20 में 40 रन की बढिया तेज पारी खेलने वाले संजू सैमसन श्रीलंका और पाकिस्तान की संयुक्त मेजबानी में इस महीने के आखिरी में आयोजित एशिया कप के लिए रिजर्व विकेटकीपर बल्लेबाज के रूप में स्थान बनाने में सफल रहे।